आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 124, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार, 14 जून, 2023

विश्व रक्तदाता दिवस

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोले, हमने भाई-भतीजावाद को भी खत्म किया

**रोजगार मेला**

**रोजगार मेले के तहत 70,126 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी नौकरियों में नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को परिवारवादी राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और कहा कि ऐसी पार्टियों ने विभिन्न पदों के लिए अपने रेट कार्ड से युवाओं को लूटा है जबकि उनकी सरकार उनके उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही है।

रोजगार मेले के तहत 70,126 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवादी दलों ने भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देकर युवाओं के सपनों को चूर-चूर किया जबकि वर्तमान सरकार उनके संकल्पों को साकार करने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले तो जॉब के लिए कैश लिए जाते थे। नौकरी देने के लिए रेट कार्ड जारी किया जाता था। आम लोगों के अवसर छीने जाते थे। हमारी सरकार ने नए अवसर पैदा किए। प्रधानमंत्री के निशाने पर असल में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव थे, जो कैश फॉर जॉब घोटाले में जांच एजेंसियों का सामना कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कट मनी का कारोबार जॉब देने के लिए चलता है। उन्होंने बिना नाम लिए लालू परिवार पर लगे लैंड फॉर जॉब का भी जिक्र किया और कहा कि पहले रेलवे मंत्री ने जॉब के लिए जमीन लिखवा लिया था।

पीएम ने कहा, देश के करोड़ों लोगों के साथ इन पार्टियों ने विश्वासघात किया है। हमारी सरकार पारदर्शिता भी लाई है और हमने भाई-भतीजावाद को भी खत्म किया है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारों की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आज निजी व सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के अवसर बन रहे हैं और जिस पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी गई है, वह अभूतपूर्व है। मोदी ने कहा, सरकारी नौकरी देने वाले प्रमुख संस्थानों- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने पहले के मुकाबले ज्यादा युवाओं को नौकरी दी हैं। इन संस्थाओं का जोर परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने पर भी रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को लेकर जितना विश्वास और उसकी अर्थव्यवस्था पर जितना भरोसा आज है, वह पहले कभी नहीं रहा। मोदी ने कहा, आज पूरी दुनिया हमारी विकास यात्रा में साथ चलने को तत्पर है। भारत को लेकर विश्वास और हमारी अर्थव्यवस्था पर इतना भरोसा पहले कभी नहीं रहा। तमाम कठिनाइयों के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। विश्व की बड़ी बड़ी कंपनियां उत्पादन के लिए भारत आ रही हैं। मोदी ने कहा कि वैश्विक मंदी, कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जा रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत एक दशक पहले की तुलना में ज्यादा स्थिर, ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा मजबूत देश है। राजनीतिक भ्रष्टाचार, योजनाओं में गड़बड़ी और जनता-जनार्दन के धन का दुरूपयोग... पुरानी सरकारों में यही पहचान बन गई थी लेकिन आज भारत सरकार की पहचान स्थिर सरकार, उसके निर्णायक फैसलों से हो रही है। आज भारत सरकार की पहचान उसके आर्थिक और प्रगतिशील सामाजिक सुधारों से हो रही है।



**एक तरफ भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियां हैं**

मोदी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पहले एक से डेढ़ साल लगते थे, लेकिन अब यह पारदर्शी रूप से कुछ महीनों में पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा, एक तरफ परिवारवादी पार्टियां हैं, भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियां हैं, देश के नौजवानों को लूटने वाली पार्टियां हैं... उनका रास्ता है रेट कार्ड... जबकि हम युवाओं के भविष्य को सेफ गार्ड करने का काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, रेट कार्ड आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं जबकि हम आपके संकल्पों को साकार करने में लगे हैं। हम आपकी और आपके परिवार की सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं को सेफ गार्ड करने में लगे हैं। केंद्र सरकार की ओर से आयोजित रोजगार अभियान को पारदर्शिता और सुशासन का प्रमाण बताते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि परिवारवादी राजनीतिक दलों ने हर व्यवस्था में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया और जब सरकारी नौकरी की बात आती थी तो वे भ्रष्टाचार ही करते थे।

# मोदी सरकार ने दी युवाओं को 58 फीसदी ज्यादा नौकरियां

**बोलीं स्मृति ईरानी**



**लखनऊ।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि पिछली सरकार की तुलना में मोदी सरकार ने युवाओं को 58 फीसदी ज्यादा नौकरियां दी है। अब तक आठ लाख 80 हजार से ज्यादा नौकरियां युवाओं को मिली है। उन्होंने कहा कि अगर रोजगार मिलने के बाद करियर में वृद्धि करनी है तो हर क्षेत्र के बारे में जानकारी रखनी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी अपने ग्राहकों की लोन एप्लीकेशन को सिर्फ एक कागज का टुकड़ा न समझे। मध्यम वर्ग के लिए लोन का आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत होना, सपने के पूरे होने या टूट जाने जैसा होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए लगभग 70,000 नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भर्ती हुए सदस्यों को संबोधित भी किया। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 43 स्थानों पर किया गया। यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि नौकरियों के माध्यम से सेवा का मौका मिलना महत्वपूर्ण है, सेवा किस जगह से की जाए यह महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भारत में निजी और सरकारी सेक्टर दोनों ही जगह नौकरियों के लगातार नए मौके मिल रहे हैं। बड़ी संख्या में युवा स्वरोजगार के लिए भी आगे आ रहे हैं। बिना बंधक के बैंक से लोन दिलाने वाली मुद्रा योजना ने करोड़ों उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत सरकार 40 करोड़ लोन दे चुकी है. जिसमें से 27 करोड़ मुद्रा लोन महिलाओं को दिए गए हैं।

# मोदी सरकार लोकतंत्र खत्म कर रही

**बोले मल्लिकार्जुन**

**जैक के दावों पर खरगे का बयान, कहा- हम इस साज़िश को नाकाम करते रहेंगे**

**नई दिल्ली।** ट्विटर के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी के दावों को लेकर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावार है। कांग्रेस कहा रही है कि मोदी सरकार लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रही है। दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट के द्वारा पूरे मामले को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। खड़गे ने कहा कि हम लोकतंत्र खत्म करने की साज़िश को नाकाम करते रहने वाले हैं। खड़गे ने कहा कि भाजपा-आरएसएस के राजनैतिक वंशज जो स्वतंत्रता के आंदोलन में हिन्दुस्तानियों के खिलाफ खडे.होकर अंग्रेजों के पक्ष में लड़े वहां ट्विटर के पूर्व सीईओ के बयान पर राष्ट्रवाद का ढोंग न रचे! उन्होंने कहा कि देश को शर्मिंदा करने में भाजपा अव्वल है। अंग्रेजों की गुलामी से भाजपा ने केवल तानाशाही की टूलकिट अपनाई है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि किसान आंदोलन को कुचलने के लिए मोदी सरकार ने क्या कुछ नहीं किया। खुद प्रधानमंत्री मोदी जी ने अन्नदाता किसानों के आंदोलनजीवी बुलाया। यूपी के मुख्यमंत्री ने किसानों पर विदेशी फंडिंग लेने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के मंत्रियों और नेताओं ने किसानों को नक्सली आतंकवादी और देशद्रोही बुलाया। खरगे ने कहा कि कंटीले तार सीमेंट की दीवारें रोड पर कीलें बिछाकर उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। उनपर लाठियों से जुल्म ढाए। 750 किसानों की जान गई। उन्हें श्रद्धांजलि और मुआवजा देना दूर उन शहीदों के लिए संसद में एक मिनट का मौन भी नहीं रखा। उन्होंने दावा किया कि 1.48 लाख किसान आज भी किसान आंदोलन के दौरान दर्ज केस लड़ने को मजबूर हैं। खड़गे ने कहा कि अगर ये सब किया तब पत्रकारों और किसान आंदोलन के नेताओं को धमकाना मोदी सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं है।



# आपदा प्रबंधन को लेकर आठ हजार करोड़ की तीन परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी ढांचे और मौजूदा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आठ हजार करोड़ रुपए से अधिक की तीन बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए इन योजनाओं की घोषणा की। पहली योजना के तहत राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए पांच हजार करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की जाएगी। इसका उद्देश्य अग्निशमन तंत्र तथा ढांचे को अत्याधुनिक तथा पुख्ता बनाना है। दूसरी योजना के तहत शहरी बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों जिसमें मुंबई चेन्नई कोलकाता बेंगलुरु हैदराबाद अहमदाबाद और पुणे के लिए 2500 करोड़ की परियोजना चलेगी। इससे बाढ़ से निपटने की व्यवस्था को पुख्ता बनाने के साथ-साथ ठोस समाधान की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। तीसरी योजना में भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन योजना शुरू की जाएगी।



# उत्तर भारत में 5.4 तीव्रता का भूकंप

**हड़कंप**

**दिल्ली-एनसीआर, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ समेत कई शहरों में रहा असर**

**नई दिल्ली।** भारत में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ समेत कई शहरों में रहा। आज दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर करीब एक मिनट तक अलग अलग बार में भूकंप के झटके मसहूस किये गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र अक्षांश 33.15 और 75.82 देशांतर पर स्थित रहा। कई लोगों ने भूकंप के झटकों को महसूस किया। भूकंप के झटका लगते ही लोगों में हड़कंप मच गया और घरों से बाहर निकल आए।

जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़ में 10 सेकेंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफरातफरी में लोग घर से बाहर निकल आए। वहीं, जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ से 30 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में भूकंप का एपिक सेंटर बताया जा रहा है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.4 नापी गई है। बताया जा रहा है कि भारत के अलावा पाकिस्तान और चीन में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में हो सकता है। हालांकि, अधिकारिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। ईएमएससी ने ट्वीट कर बताया कि, भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर का किश्तवाड़ रहा, जहां 30 किमी दक्षिण पूर्व में रिक्टर पैमाने पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र छह किलोमीटर गहराई में था। इस दौरान जान-माल का किसी प्रकार का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। श्रीनगर के एक स्थानीय निवासी का कहना है, भूकंप से स्कूली बच्चे डर गए। दुकानों में मौजूद लोग बाहर निकल आए। यह डरावना था। यह पिछले हफ्ते आए झटकों से ज्यादा तेज था...। वहीं इससे पहले असम के मध्य भाग में रविवार सुबह 3.6 तीव्रता का भूकंप आया था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप पूर्वाह्न 11 बजकर 35 मिनट पर आया और इसका केंद्र ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर स्थित सोनिपुर जिले में था। भूकंप जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था।




NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
कचेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

IIT-JEE / NEET
9th, 10th, 11th & 12th CBSE & UP
संकल्प ट्यूटोरियल्स
C.T.E.T शिक्षक भर्ती परीक्षा
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही वाराणसी
9335418689 • 9335720660

### जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन ने नीतीश मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार में महागठबंधन की सरकार को बड़ा झटका लगा है। बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के बेटे और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा पार्टी (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन मांझी ने नीतीश मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि संतोष सुमन नीतीश सरकार में अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री थे। लंबे वक्त से जीतन राम मांझी के एनडीए में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थी। इसी बीच मंगलवार को बिहार कैबिनेट से संतोष मांझी ने इस्तीफा देकर सबको हैरान कर दिया है। बताया जा रहा है कि वित्त मंत्री विजय चौधरी से मुलाकात के बाद संतोष सुमन मांझी ने इस्तीफा दिया है। जीतन राम मांझी के दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने भी इस्तीफे की पुष्टि की है।

# भोपाल में धधकता रहा सतपुड़ा भवन

**यह है हाल**

**40 मीटर दूर 'सफेद हाथी' बन खड़ी रही 5.5 करोड़ की ऑटोमैटिक हाइड्रोलिक मशीन**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में दूसरे सबसे बड़े सरकारी दफ्तर में लगी आग पर काबू पाने में 15 घंटे से अधिक वक्त लग गया। सात मंजिला सतपुड़ा भवन में आग लगने से सरकारी कार्यालय और दस्तावेज नष्ट हो गए। इस दौरान अग्निशमन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली साढे 5 करोड़ रुपये की आधुनिक हाइड्रोलिक लैडर सिर्फ 40 मीटर की दूरी पर खड़ी थी। इसे 18 मंजिल तक ऊंची इमारतों में आग बुझाने में मदद करने के लिए करीब नौ महीने पहले बहुत धूमधाम से खरीदा गया था। सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से मंजूरी नहीं मिलने और योग्य कर्मियों की कमी के कारण यह भोपाल में हालिया सालों में लगी सबसे बड़ी आग से लड़ने में कोई भूमिका नहीं निभा सकी। आग बुझाने में सेना और भारतीय वायु सेना को शामिल होना पड़ा और आखिरकार करीब 15 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा, हाइड्रोलिक मशीन के अंदर जाने के लिए जगह नहीं थी। रास्ता रोकते हुए वहां पार्किंग बना दी गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़े भवनों (अग्निशमन वाहनों के प्रवेश के लिए) में पर्याप्त जगह सुनिश्चित करने की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। हाइड्रोलिक लैडर खरीदने से पहले फायर ब्रिगेड सीढ़ी और मशीनों का उपयोग कर रहा था, जो केवल तीन-चार मंजिलों तक पहुंच सकते थे। सोमवार के ऑपरेशन में उन्हीं सीढ़ियों का इस्तेमाल किया गया था। नई हाइड्रोलिक लैडर को संचालित करने के लिए चार से पांच लोगों को प्रशिक्षित किया गया था, हालांकि सूत्रों का कहना है कि आग लगने के समय उनमें से कोई भी उपलब्ध नहीं था। आग सोमवार शाम करीब चार बजे सतपुड़ा भवन की तीसरी मंजिल से शुरू हुई, जहां आदिवासी कल्याण विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है। आग तेजी से तीन ऊपरी मंजिलों तक फैल गई. आग के एयर कंडीशनर और कुछ गैस सिलेंडरों के संपर्क में आते ही कई विस्फोट हुए।



### चक्रवात बिपरजॉय से लोगों को बचाने हर संभव प्रयास तेज करें : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि चक्रवात बिपरजॉय से लोगों को बचाने हर संभव प्रयास तेज किए जाने चाहिए। पीएम ने अरब सागर में उठे चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण उत्पन्न स्थिति की सोमवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने को कहा कि तूफान की आशंका वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने तथा जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सभी उपाय किये जायें। प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद केन्द्र तथा गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तूफान की आशंका वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए हर संभव कदम उठायें और वहां बिजली, संचार, स्वास्थ्य , पेयजल आदि सभी सुविधा पहुंचाने के लिए सभी उपाय करें। उन्होंने कहा कि तूफान की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष दिन रात काम करे।

# बंगाल के पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्स की तैनाती होगी

**तैयारी**

**12 जून को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव सेंट्रल फोर्सेस की निगरानी में होंगे। कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को इस संबंध में निर्देश दिया है। कोर्ट ने पंचायत चुनाव के लिए नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने का फैसला चुनाव आयोग पर छोड़ दिया है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने 8 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पंचायत चुनाव के शेड्यूल का ऐलान किया था। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस ने दो जनहित याचिकाएं लगाई थीं। इसमें पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के कुछ हिस्सों को चुनौती दी गई थी। वहीं दूसरी याचिका में सेंट्रल फोर्स तैनात करने की मांग की गई थी। बंगाल पंचायत चुनाव की तारीख बढ़ाने को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मतदान 8 जुलाई के बजाय 14 जुलाई को कराने का प्रस्ताव दिया था। कोर्ट ने नामांकन दाखिल करने की तारीख 15 जून से बढ़ाकर 18 जून और नामांकन वापस लेने की तारीख 26 के बजाय 27 जून करने का सुझाव दिया। इस पर राज्य चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि नामांकन की तारीख बढ़ाना सही नहीं है। इसे ज्यादा से ज्यादा 15 जून से बढ़ाकर 16 जून तक किया जा सकता है।

# कौन बड़ा हिंदुत्ववादी भाजपा कांग्रेस में लगी होड़: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावाती ने कहा कि आजकल कांग्रेस और भाजपा में यह होड़ लगी हुई है कि कौन बड़ा हिंदुत्ववादी है। कौन बड़ा हिंदू भक्त है। मायावती ने कहा कि कुछ समय से भाजपा और कांग्रेस में हिंदुत्ववादी व हिंदू भक्त को लेकर लड़ाई चल रही है। इसकारण पूजा पाठ में दोनों अपने आपको माहिर दिखा रहे हैं। इसका साफ मतलब है कि इससे बाकी अन्य धर्म की उपेक्षा की जा रही है। यह संविधान की मंशा के विरुद्ध है। उत्तराखंड में धार्मिक स्थलों को तोड़ने पर बहनजी ने कहा कि कांग्रेस में सॉफ्ट हिंदुत्व की होड़ मची है। मजारों को तोड़ना सही नहीं है। धार्मिक स्थलों को सही स्थान मिलना चाहिए। बसपा हर धर्म का सम्मान करती है। सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। मायावती ने कहा कि देश में अकेले हिंदू धर्म को मानने वाले लोग ही नहीं रहते हैं, बल्कि मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग भी रहते हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों को हिंदुओं की तरह ही अन्य सभी धर्मों का उचित ध्यान रखना चाहिए।



## केमिकल टैंकर में आग, 4 की मौत

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया, जिससे इसमें आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हैं। घटना दोपहर 12 बजे खंडाला बाईपास स्थिति एक फ्लाईओवर की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंद मिनटों में पूरा टैंकर जलकर खाक हो गया। इससे निकल रहा केमिकल फ्लाईओवर के नीचे तक गिर रहा था। केमिकल जहां-जहां पहुंचा आग वहां तक फैलती गई। हादसे के दौरान टैंकर में सवार दो लोग और फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रहे दो बाइक सवार आग की चपेट में आ गए। जिसके कारण उनकी मौत हो गई। फ्लाईओवर के नीचे कुछ वाहन भी आग की चपेट में आए हैं। घायलों को सोमाटणे स्थित पवना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मुंबई और पुणे जाने वाले ट्रैफिक को पूरी तरह से रोक दिया गया।

# तमिलनाडु से चुनाव लड़ेंगे मोदी, सुगबुगाहट तेज

**सियासत**

**तमिलनाडु को मिलेगा प्रधानमंत्री? चलेगा मोदी का जादू**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु से लोकसभा का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में उनकी व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचा है। राजनीतिक हलकों में यह कहा जा रहा है कि भाजपा के लिए दक्षिण का प्रवेश द्वार बंद हो गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से चुनाव लड़कर अपने व्यक्तिगत जादू को बरकरार बनाए रखेंगे। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में से 25 सीटें तमिलनाडु से जीतने का लक्ष्य लेकर, तमिलनाडु से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी मोदी कर रहे हैं। जब उन्होंने बनारस से चुनाव लड़ा था। तब भी उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य में अपना जादू दिखाया था।

संसद भवन के उद्घाटन समारोह में सिंगोल लाकर,संसद भवन में स्थापित करने के पीछे भी यही सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। तमिलनाडु के हर प्रसिद्ध मंदिर से एक ब्राह्मण को हवाई जहाज के माध्यम से दिल्ली लाया गया था। जब इन ब्राह्मणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिंगोल भेंट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साष्टांग दंडवत करते हुए ब्राह्मणों को प्रणाम कर योजना का श्रीगणेश कर दिया है। मीडिया में इसका प्रचार-प्रसार भी बड़े पैमाने पर किया गया है। विशेष रूप से दक्षिण भारत के राज्यों में स्थानीय भाषा में धार्मिक तौर पर सिंगोल स्थापित करने की बात कही गई है। अभी तक तमिलनाडु से भारत का कोई प्रधानमंत्री नहीं बना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के कामराज नाडार का,नेहरू जी के बाद प्रधानमंत्री बनना था। लेकिन उस समय लाल बहादुर शास्त्री को उत्तर प्रदेश की सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें होने के कारण प्रधानमंत्री बनाया गया था। उसके बाद केजी मूपनार को भी प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश हुई।लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। तमिलनाडु की 88 फीसदी आबादी हिंदू है। इस में ब्राह्मणों की संख्या सबसे कम है। 50 फीसदी से ज्यादा हिंदू दलित और पिछड़े वर्ग के हैं। 30 फीसदी से ज्यादा हिंदू अन्य समुदायों में बंटे हुए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़े और दलितों के बीच जाकर अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं। इसकी सुनियोजित रणनीति कई माह पहले बना ली गई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी बनारस से सांसद है।वह उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यदि वह तमिलनाडु से लोकसभा चुनाव जीतकर,प्रधानमंत्री बनेंगे, तो पहली बार तमिलनाडु का प्रधानमंत्री होगा। इस बहाने दक्षिण के राज्यों में भारतीय जनता पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले कई वर्षों से तमिलनाडु में अपना विस्तार कर रहा है। इस विस्तार में अब तमिल ब्राह्मणों को भी शामिल कर लिया गया है। सिंगोल के रूप में तमिलनाडु को हिंदू राजाओं और हिंदू इतिहास से जोड़कर,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु से हिंदुओं मे दलित और पिछड़ों की राजनीति करके, डीएमके और अन्ना डीएमके के वोट बैंक में सेंध लगाने की सुनियोजित रणनीति के तहत, तमिलनाडु से चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं।

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत छवि को जो आघात पहुंचा है। उसको तमिलनाडु के माध्यम से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साबित करना चाहतें है कि उनका जादू बना हुआ है। तमिलनाडु में जहां एक भी लोकसभा सीट भाजपा के पास नहीं है। वहां की 25 सीटें जीतने की रणनीति भाजपा तैयार कर रही है। इस बात के संकेत अभी नहीं मिले हैं, प्रधानमंत्री मोदी 2 स्थानों से चुनाव लड़ेंगे, या अकेले तमिलनाडु की किसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। इतना तय माना जा रहा है, कि प्रधानमंत्री इस बार तमिलनाडु से चुनाव अवश्य लड़ेंगे।



# वाराणसी



# भीषण तपिश की अगन ने बढ़ाया जलन

## सनबर्न का बढ़ा खतरा, पारा 44 के करीब, सुबह से चलीं गर्म हवाएं तो जीना हुआ दुश्वार

**तल्ख मौसम**

### चिलचिलाती धूप से सनबर्न का खतरा बढ़ा



भीषण गर्मी में दशाश्वमेध घाट पर पसरा सन्नाटा



लू से बचने के लिए जुगत करते लोग

**वाराणसी।** तीखी धूप के बीच भीषण गर्मी और गर्म हवाओं ने आमजन को बेहाल कर रखा है। आलम यह है कि सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। दिन की धूप पूरे बदन को झुलसा दे रही है। दिन में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। शाम से लेकर देर रात तक भी राहत नहीं मिल पा रही है। चिलचिलाती धूप से सनबर्न का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार को भी कमोवेश यहीं आलम रहा।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। चिलचिलाती धूप ने हर किसी को बेहाल कर रखा है। सड़कों पर पसरा सन्नाटा इस बात का गवाह कि गर्मी अपने चरम सीमा पर है। ज्यादातर लोग घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं और जो निकल भी रहे है, उनकी इस कड़ी धूप में हालत पस्त हो जा रही है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो बीते कुछ दिन से पारा रोजाना 42-43 डिग्री के पार जा रहा है। वहीं, हवा में नमी बढ़ने से अब शाम तक उमस भी महसूस होने लगी है। ऐसे में लोगों का जीना दूभर हो गया है। ऐसे मौसम में बनारस घुमने आने वाले पर्यटकों के भी पसीने छूट रहे है। गर्मी के मारे पर्यटक भी दोपहर में घूमने से परहेज कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। इस सप्ताह 15 जून तक हीटवेव चलने के आसार हैं। तापमान और बढ़ सकता है। ऐसे में सेहत के लिए बचाव ही एकमात्र रास्ता है।

# तपिश भरे माहौल में तरावट का बाजार चमका



**मार्केट वॉच**

### सत्तू लस्सी और शिकंजी में ढूढ़ रहे तरावट

### बेल शर्बत और आम का पन्ना के भी दीवाने

### लगातार बढ़ रहा शीतल पेय व जूस का क्रेज

**वाराणसी।** कहने में संकोच नहीं कि तपिश भरे माहौल में तरावट के बाजार में काफी गर्मी हैं। तरावट बाजार में शीतल पेय एवं जूस का क्रेज लगातार बढ़ा है पर इस गरमी में लोग सत्तू लस्सी और सिकंजी (मसालेदार नीबू-पानी) में तरावट ढूढ़ने लगे हैं। तपती दुपहरिया में जहां आम आदमी झुलस रहा है। वहीं सत्तू लस्सी और सिकंजी का कारोबार विस्तार पा रहा है। बात विभिन्न प्रकार के तरावटी शर्बत, जूस और शीतल पेय की करें तो शरीर को झुलसा देने वाली इस गरमी में रोजाना दो करोड़ से अधिक का कारोबार हो रहा है। धर्मनगरी में पर्यटकों की आवक और बाजारों, चौक, चौराहों से प्याऊ के नदारद रहने से शीतल पेय पदार्थों, शर्बत, आम का पना, जूस, सत्तू लस्सी, नारियल पानी, सिकंजी, मैंगो जूस, बेल का शर्बत, गन्ना का रस आदि तरावट पेय पदार्थों का कारोबार उफान पर है। कल्पना कीजिए आप सिगरा, मलदहिया, गोदौलिया, लक्सा, दशाश्वमेध, लहुराबीर, नयी सड़क, मैदागिन, अर्दली बाजार में हैं और प्यास लगी तो क्या करेंगे? सड़क पर ढूंढे हैंडपंप नहीं मिलेगा, प्याऊ तो शायद ही नजर आयेंगे कहीं। इस समय लगन भी है और सूर्यदेव की तपिश भी। शहर में सरकारी स्वच्छ पानी की आपूर्ति का कड़वा सच किसी से छुपा नहीं है। हालात भी ऐसे नहीं है कि लोग भरपूर पानी साथ लेकर सफर कर सकें। ऐसे में गला तर करने के लिए आपको इन आइटमों का सहारा लेना पड़ेगा। नगर का कोई ऐसा चौराहा या तिराहा नहीं होगा जहां आम का पना, जूस, सत्तू लस्सी, नारियल पानी, बेल का शर्बत, सिकंजी, शीतल पेय पदार्थ आदि न बिकते हैं। और तो और सरकारी पानी मिले न मिले, लेकिन बोतल बंद ठंडा पानी और कोल्ड ड्रिंक्स आपको हर चौराहों-तिराहों पर मिल जायेंगे। सरकारी दफ्तरों या प्राइवेट संस्थानों के समीप तो सर्वाधिक डिमांड सत्तू की लस्सी की होती है। सत्तू लस्सी जहां पेट को शीतलता प्रदान करता है वहीं भूख और प्यास पर भी नियंत्रण रखता है। बेल शर्बत और आम का पना के प्रति लोगों की दीवानगी भी कम नहीं है। बच्चे तो बर्फ के गोले वाले शर्बत के दीवाने है तो युवाओं में नारियल पानी का क्रेज बढ़ा है।

# गंगा में डीप वॉटर बैरिकेडिंग का काम शुरू

**पहल**

### गंगा में डूबने से हो रही मौत के बाद जागा प्रशासन, स्नान को सुरक्षित बनाने को डीप वॉटर बैरिकेडिंग

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के डूबने की सूचना के बाद एलर्ट हुए जिला प्रशासन ने गंगा में डीप वॉटर बैरिकेडिंग काम शुरू कर दिया है। इससे ना सिर्फ सुरक्षित स्नान किया जा सकता है बल्कि लोगों को लगातार हो रही मौत पर विराम भी लगेगा। डीप वॉटर बैरिकेडिंग के साथ ही एक चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया है कि इस बैरिकेडिंग के आगे स्नान करने पर आप को खतरा हो सकता है।

### तुलसी घाट पर डूबने वालों की संख्या अधिक

लाखों की संख्या में पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है और यह पर्यटक मां गंगा में स्नान करने के उपरांत काशी दर्शन करते हैं। लेकिन वाराणसी के कुछ घाट ऐसे हैं, जहां पर आए दिन गंगा में डूबने की सूचना मिलती है जिसमें सबसे अधिक तुलसी घाट पर यह घटना हुई है। प्रशासन ने अब तुलसी घाट पर डीप वॉटर बैरिकेडिंग की है। तुलसी घाट के अलावा अन्य घाटों पर भी डीप वॉटर बैरिकेडिंग करने की तैयारी की जा रही हैं।



### डीप वॉटर बैरिकेडिंग से स्नान करने में होगी सुविधा

वाराणसी के तुलसी घाट पर डीप वॉटर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अब गंगा के स्नान के लिए जो भी तुलसी घाट आएगा। वह आराम से गंगा स्नान कर सकता है। क्योंकि वाराणसी के तुलसी घाट पर आए दिन किसी न किसी के डूबने की सूचना मिलती रही है जिसको देखते हुए प्रशासन ने यह व्यवस्था की है। स्थानीय लोगों ने इस पर खुशी जताई है कि अब मौत के आंकड़े कम होंगे।

# भाजपा सरकार में विकास तेजः सौरभ

**प्रेसवार्ता**

### जनता को मिल रहा सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा रोजगार आदि का लाभ

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 2004-14 में देश काफी पिछड़ गया था, लेकिन इसे बाद बनी भाजपा सरकार में शांति, समृद्धि और विकास की रफ्तार तेज हुई है। अस्सी स्थित एक होटल में मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश हर आपदा में नागरिकों के साथ खड़ा है।

विधायक सौरभ ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान मोदी सरकार ने रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का टीकाकरण करने का लगभग असंभव कार्य हासिल किया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में इससे पहले गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति नहीं देखी गई। घर-घर जल पहुंचने से काफी लाभ हुए। पहले जो बेटियां दूर पानी लाने जाती थी, अब वो अपनी पढ़ाई को समय दे पा रही है। शौचालय के निर्माण से महिलाओं के प्रति अपराध घटे। बीमारियों से दूरी बढ़ी और पर्यावरण को भी लाभ पहुंच रहा है। सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार समेत अन्य तमाम बुनियादी सुविधाओं का लाभ जनता को मिल रहा है।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचे



वाराणसी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को सायंकाल भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव के शिवाजी नगर स्थित आवास पर पहुंचे। विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेता का कुशलक्षेम पूछा व चाय पर चर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित सभी भाजपा जनों के बीच उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. हरीश श्रीवास्तव से जुड़े कई प्रसंग भी सुनाए। उनके साथ महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, महानगर महामंत्री अशोक पटेल व जगदीश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, अमित राय, सौरभ सिंह मुन्ना, पार्षद प्रतिनिधि पुन्नूलाल बिंद, कुशाग्र श्रीवास्तव, राहुल जायसवाल आदि मौजूद थे।

# वेयर हाउस निर्माण कार्य में लापरवाही पर पीडब्ल्यूडी अभियंता को नोटिस

**भड़के डीएम**

### कम लेबर लगाने पर हैसियत प्रमाण-पत्र निरस्त करने की ठेकेदार को दी चेतावनी

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मंगलवार को सारनाथ क्षेत्र में पर्यटन विभाग से वित्त पोषित तीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। ये परियोजनाएं शासन से स्वीकृत है। इस दौरान निमार्णाधीन वेयर हाउस के कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए मौके पर ठेकेदार कम लेबर लगाने के लिए हैसियत प्रमाण पत्र निरस्त करने की कड़ी चेतावनी दी। साथ ही कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के अभियंता को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।



जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने धम्मेक स्तूप सारनाथ के पास स्थित पार्क का सौन्दर्यीकरण एवं बहु कार्यात्मक क्षेत्र के विकास कार्य का निरीक्षण किया, जो 1.80 करोड़ की लागत से बनेगा। सारनाथ-मुनारी रोड पर 0.94 करोड़ की लागत से सर्फेस पार्किंग का निर्माण किया जायेगा। इसके अलावा सारनाथ क्षेत्र में ही सारंगनाथ मन्दिर एवं कुंड का जीर्णोद्धार कार्य की भी उन्होंने जानकारी ली और मन्दिर मार्ग पर वाटर लीकेज को ठीक कराने व मार्ग के निर्माण कराने का निर्देश दिया। परियोजना की लागत 5.90 करोड़ की है, जिसे सितम्बर तक पूर्ण किये जाने की जानकारी देने पर जिलाधिकारी भड़के और कहा कि इतने कम लेबर से क्या काम कराओगे। शटरिंग में केवल चार मजदूरों के भरोसे मौके पर काम कराने के लिए फटकार भी लगाई।

# बुद्ध की स्मृतियां संजो अपने वतन लौटे मेहमान

## म्यूजियम में रखी स्मृतियों को जानने की जिज्ञासा को गाइडों ने किया शांत

**बैठक सम्पन्न**

### होटल से सारनाथ बुद्ध स्थली तक जिला प्रशासन ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 की 11 से 13 जून तक वाराणसी में दूसरी बैठक के सम्पन्न होने के बाद दुनिया के 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के विकास मंत्री सहित करीब 200 मेहमान प्रधानमंत्री के संदेश के अमल करते हुए (जिसमें कहा था कमरे में ना बैठे बल्कि काशी को देखे समझे और ऊर्जा लें) मंगलवार की सुबह सभी तथागत की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का भ्रमण करने पहुंचे हैं। सारनाथ में प्राचीन खंडहर, स्मारकों, धमेख स्तूप, बुद्ध की उपदेश स्थली और संग्रहालय को देख सभी उसकी स्मृतियों में खो गये। वाराणसी में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के संपन्न होने के बाद मंगलवार को विदेश मंत्री की अगुवाई में सभी विदेशी मेहमानों ने सारनाथ का रुख किया। विदेशी मेहमानों के साथ वेल ट्रेंड गाइड भी मौजूद थे। सारनाथ में प्राचीन खंडहर, स्मारकों, धमेख स्तूप, बुद्ध की उपदेश स्थली और संग्रहालय को देख सभी स्मृतियों में खो गये। उनके साथ लगे गाइडों से डेलिगेट्स ने एक-एक कर उन स्मृतियों के बारे में जानकारी ली।



भगवान बुद्ध की प्रतिमा की फोटो खिंचते विदेश मंत्री एस.जयशंकर

### विदेश मंत्री ने भी ली कैमरे से फोटो

सारनाथ म्यूजियम घूमने गये विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने भी वहां की स्मृतियों को अपने कैमरे में कैद करने से पीछे नहीं चूके, भगवान बुद्ध की प्रतिमा उन्हें इतनी पसंद आयी कि वह अपने कैमरे से फोटो खींच लिया। इसके अलावा उन्हों ने म्यूजियम में रखे कई स्मृतियों की फोटो खींचते रहे। इसके साथ ही भ्रमण करने गये सभी डेलिगेट्स ने ना सिर्फ वहां अपने कैमरों से फोटो खिंची बल्कि सेल्फी भी ली।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का लिया लुत्फ

सारनाथ भ्रमण पर आये सभी विदेशी मेहमानों ने विरासत की एक-एक धरोहरो को देखने के बाद वहीं पर जलपान भी किया, उनके लिए किये गये जलपान में बनारसी स्वाद भी समाहित था, बनारसी व्यंजनों के सभी डेलिगेट्स कायल दिखे। इसके साथ ही भ्रमण स्थल पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजि था, जिसमें लोक कलाकारों का विशेष स्थान रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक विदेशी मेहमानों को दिखायी गयी।



सारनाथ स्थित खंडहर घूमते विदेशी डेलीगेट्स

### होटल से लगायत सारनाथ तक ग्रीन कॉरिडोर

डेलिगेट्स के सारनाथ भ्रमण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद दिखी। होटल से सारनाथ तक ग्रीन कॉरिडोर में तब्दील रहा। जिन-जिन रास्तों से डेलिगेट्स की गाड़ी निकली उन रास्तों को आम लोगों के लिए उतने देर के लिए बंद कर दिया गया था। आशापुर चौराहे से सिंहपुर अंडरपास तिराहे तक नो इंट्री जोन घोषित किया गया था। वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग चौकी सारनाथ म्यूजियम से लेकर धम्म स्तूप मेन गेट तक व साइबर थाना परिसर में है। वहीं, सामान्य पार्किंग रंगोली तिराहा से महाबोधि इंटर कॉलेज तक दाहिनी तरफ है।



सारनाथ में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते कलाकार

### दोपहर बाद दिल्ली को रवाना हुए डेलीगेट्स

काशी की स्मृतियां, जीवंतता, ज्ञान और नई ऊर्जा व बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली को नमन कर फिर मिलने के वायदे के साथ सभी बीस ताकतवर देशों के विकास मंत्री व दो सौ डेलिगेट्स चार्टर प्लेन से दिल्ली को रवाना हो गये। इसके साथ ही विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर भी दिल्ली को रवाना हुए, एयरपोर्ट पर जिले के तमाम आला अधिकारियों सहित एयरपोर्ट निदेशक ने सभी डेलिगेट्स को सनातनरी परम्परा के अनुसार दिल्ली के लिए विदा किया।

### विदेशी मीडियाकर्मी भी कायल

जी-20 बैठक के कवरेज को प्रतिनिधि मंडल के साथ आए विदेशी मीडिया कर्मियों ने सारनाथ की स्मृतियों को अपने कैमरे में कैद किया। सभी ने इस प्राचीनता को बरकरार रखने को जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया। विदेशी मीडियाकर्मी प्रधानमंत्री की ओर से काशी के लिए किये गये कार्य की भी जमकर तारीफ की।

# भीषण गर्मी में बिजली भी बहा रही पसीना

**दनादन कटौती**

### नगर और देहात क्षेत्र में मनमानी कटौती से लोगों में रोष

**वाराणसी।** भीषण गर्मी में मनमानी बिजली कटौती भी लोगों का पसीना बहाने से बाज नहीं आ रही। हालात यह है कि नगर और देहात क्षेत्र में मनमानी कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली संकट के बाबत अभियंता वर्ग ने भी चुप्पी साध रखी है। नागरिकों को बेहतर बिजली उपलब्ध कराने का दावा करने वाले विभागीय संगठन भी खामोश है। संगठनों के नेता कुछ बोलने को तैयार नहीं है। ऐसे में लोगों में काफी रोष है। शिवपुर के पंचकोसी रोड और जय दुर्गा नगर में सोमवार की रात करीब 11 बजे गुल हुई बिजली तो लोगों का जीना मुहाल हो गया। भीषण गर्मी और उमस से परेशान क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि जब बिजली विभाग के जेई और एसडीओ को फोन किया तो उन दोनों लोगों ने फोन नहीं उठाया। मंगलवार की शाम करीब बजे तक लाइट नहीं चालू होने से बेहाल लोग बिलबिलाते रहे। देर शाम केबल रिपेयर होने के बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हुई तब लोगों को राहत मिला। तरना प्रतिनिधि के अनुसार, पिछले एक माह से लगातार शिवपुर क्षेत्र में बिजली कटौती, लो-वोल्टेज एवं तार टूटने की समस्या से लोग परेशान हैं। जर्जर केबल में अक्सर फाल्ट होने के कारण बिजली गुल हो जा रही है। कोइलाहवा उपकेंद्र पर कंप्लेन करने पर कर्मचारी ने बताया कि नॉर्मल स्कूल पर लगे ट्रांसफॉर्मर का केबल टूट गया है, जिससे बदले जाने के बाद ही लाइट आएगी। देर शाम विद्युत व्यवस्था बहाल हुई।

















# सभी पीएचसी पर परिवार नियोजन की सेवाएं हों डिस्प्ले

निर्देश

**परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुई समीक्षा बैठक**



**वाराणसी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके इसके लिए नियमित आकलन और समीक्षा की आवश्यकता है। इसी क्रम में मंगलवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौकाघाट पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी के निर्देशन में परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में ह्यदी चैलेंज इनिशिएटिव पॉप्युलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया के सहयोग से किया गया। चौकाघाट सीएचसी के अंतर्गत आने वाले सभी आठ शहरी पीएचसी (आदमपुरा, बड़ी बाजार, बेनिया, जैतपुरा, कोनिया, लल्लापुरा, चौकाघाट व राजघाट) के प्रभारी चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में एसीएमओ व शहरी नोडल अधिकारी डॉ अमित सिंह, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ एके पाण्डेय और अधीक्षक डॉ फाल्गुनी गुप्ता ने सभी चिकित्साधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि अस्थायी साधन खासकर तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन, अंतरा साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली छाया और आईयूसीडी की सेवाओं को और अधिक बढ़ाना जरूरी है। बैठक में एचएमआईएस के पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर चर्चा हुई। बताया गया कि आईयूसीडी सेवा में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2022-23 में 54 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। अंतरा सेवा में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2022-23 में 137 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

# पाइप क्षतिग्रस्त होने से पेयजल हो रहा बर्बाद



**वाराणसी।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही से करीब 10 दिनों से सैकड़ों लीटर पेयजल बर्बाद हो रहा है। रोहनिया गांधी चौराहे से लोहता मार्ग पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण का कार्य जोरों पर है। जिसमें सड़क किनारे दो फीट गड्ढा खोदकर उसमें पत्थर बिछाने का कार्य किया जा रहा है, गड्ढा खोदने में जेसीबी के इस्तेमाल से सड़क के नीचे गई हुई कई जलापूर्ति की पाइप क्षतिग्रस्त हो गई, जिसकी अनदेखी कर विभाग द्वारा कट स्टोन तो बिछा दिया गया, लेकिन करीब 10 दिनों से सड़क किनारे पेयजल बर्बाद हो रहा है जिसकी सूध न तो पीडब्ल्यूडी ले रहा न ही जल निगम। स्थानीय निवासियों में सुनीता सिंह, मीना देवी, आरती देवी, विजय सिंह और कनक सिंह ने बताया की करीब महीनों से सड़क बनाने का कार्य चल रहा है, सड़क के नीचे से जल निगम की पाइप गई हैं जिसमें खुदाई करते वक्त कई पाइप क्षतिग्रस्त हो गए लेकिन किसी ने उसकी मरम्मत नहीं कराई। वैसे ही छोड़ दिया गया, जिससे करीब 10 दिनों से हजारों लीटर पेयजल बर्बाद हो रहा है।

## संक्षेप

### संपूर्णानंद से संबंद्ध 94 महाविद्यालयों ने प्राप्त किया गोपनीय थैला

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय व इससे संबद्ध महाविद्यालय में 16 जून से परीक्षा शुरू होने जा रही है। इस संबंध में संबद्ध महाविद्यालय की परीक्षाओं के लिये मंगलवार को दूसरे दिन गोपनीय सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें जिला, प्रदेशवार गोपनीय सामग्री से निर्धारित किये गये समस्त परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों को निर्धारित तिथियों में गोपनीय थैला, सादी उत्तर पुस्तिका एवं अन्य सामाग्रियों को प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित परीक्षा विस्तार भवन से वितरित किया जा रहा है।

### नगर निगम में सुनी गई फरियादियों की गुहार

**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम के मुख्य कार्यालय पर मंगलवार को संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के आदेश दिए। इस दैरान कुल नौ फरियादियों ने संभव जनसुनवाई में हिस्सा लिया। सुनवाई के दौरान नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, जलकल महाप्रबंधक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी व सभी पांच जोन के जोनल अधिकारियों के साथ नगर निगम के अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एक मोबाइल चोर गिरफ्तार



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने मंगलवार को एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि संदिग्धों की जांच के दौरान टीम को सूचना मिली उसी आधार पर टीम ने नये यात्री हॉल में दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की मोबाइल को बरामद किया। बताया कि युवक की पहचान विशाल कश्यप(23) पुत्र सुरेन्द्र कश्यप निवासी अलईपुर के रूप में की गयी है। गिरफ्तार व्यक्ति को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### विद्यापीठ में रक्तदान शिविर का आज होगा आयोजन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' के क्रम में विश्वविद्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 100 वालंटियर तथा विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष निदेशक, प्रभारी के साथ ही समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी रक्तदान कर अपना सहयोग प्रदान करेंगे। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. रविंद्र कुमार गौतम एवं डॉ. अविनाश सिंह चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्र ने दी।

### जग में निराली शान इमाम- ए- रजा की है इमाम रजा की शहादत पर मनाया गया गम

**वाराणसी।** हिजरी कलेंडर के जिकाद माह की 23 तारीख को शियों के 8 वें इमाम की शहादत पर जगह जगह मजलिस करके गम मनाया गया । इमाम रजा के लाट सरैया स्थित रौजे पर लोगों ने जियारत की और नॉहा ओ मातम कर भी नजर दिलाई गई । इस इमामबाड़े का जीर्णोद्धार का कार्य भी जल्द प्रारम्भ होगा । इस मौके पर रिजवी, सज्जाद अली गुज्जन, मोहर्रम अली, आरिफ वकील अहमद, शाहिद अली आदि लोग शामिल रहे। ख्वातीन ओ बच्चों ने भी शिरकत की तथा सभी ने हाय इमाम- ए- रजा की आवाजें बुलंद की, तथा देश और दुनिया की सलामती के लिए दुआएं मांगी । शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता फरमान हैदर ने तकरीर करते हुए कहा की इमाम का रौजा मशहद ईरान में है । ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में गिना जाता है । आज से 1242 साल पहले इमाम को अंगूर में जहर मिला कर दिया गया था जिससे उनकी शहादत हुई थी । बताया कि इमाम के पिता ने अपने गुस्से को काबू रखने का इल्म लोगों को दिया और इमाम ने खुद दुनिया को गरीबी से छुटकारा दिलाने की राह दिखाई । इस अवसर पर शहर में कई तरफ मजलिसें की गईं, भेलूपुर, दालमंडी, पठानी टोला, रामनगर, अर्दली बाजार, पितृकुण्ड आदि क्षेत्रों में अजादारी हुई । दालमंडी में शब्बीर ओ सफदर के अजाखाने पर मौलाना आजम मेहदी सुल्तानपुर ने मजलिस को खिताब किया, तथा अंजुमन पंजतनी सुल्तानपुर ने नौहा ओ मातम किया।

# एस्केलेटर शुरू करने की डेटलाइन 30 जून



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) बने तीसरे एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) पर लगाये गये लिफ्ट व एस्केलेटर को 30 जून तक शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

वाराणसी जंक्शन के यार्ड री मॉडलिग के तहत यात्री सुविधाओं के तहत कई कार्य किये जा रहें हैं, इसी के तहत तीसरा एफओबी बनाया गया है। नये यात्री हॉल से इस एफओबी को शुरू करते हुए स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार तक इसे पहुंचाया गया है। हांलाकि इस एफओबी को यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू कर दिया गया है। यात्री अब इसी फुट ओवर ब्रिज से स्टेशन के इस पार से उस पार व सभी प्लेटफार्म के लिए आवागमन कर रहें हैं लेकिन तीसरे एफओबी पर लगे कुल आठ लिफ्ट व 11 एस्केलेटकर को अभी शुरू नहीं किया जा सका है। तकनीकी रुप से तैयारी जारी है। कैंट स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि राइट्स संस्था के लोगों से वात कर तीसरे एपओबी पर बने सभी लिफ्ट व एस्केलेटर को शुरू करने के लिए 30 जून तक का समय दिया गया है। इस एफओबी पर बने सभी लिफ्ट व एस्केलेटर सभी प्लेटफार्मो को जोड़ते हैं। इसके चालू हो जाने से बुजुर्ग, दिव्यांग व असहाय यात्रियों को सुविधा होगी।

# अस्सी घाट पर तीन कलाकारों का हुआ गायन

**वाराणसी।** अस्सी स्थित सुबह- ए- बनारस के मंच पर मंगलवार को तीन तरुण कलाकारों का गायन हुआ जिसमें हर्षवर्द्धन सूर्यांश रमन आनंद रत्न रहे। उनके साथ बॉब भट्टाचार्य (तबला) व सुश्री वर्षा बसाक (हारमोनियम) पर संगत की । गायन का आरंभ राग भैरव में (मध्यलय तीनताल -में निबद्ध बंदिश से हुआ। बोल थे- धन धन मूरत कृष्ण मुरारी। इसके उपरांत द्रुत लय तीनताल -की मधुर प्रस्तुति की। बोल थे- जागो मोहन प्यारे, अंत में दादरा की प्रस्तुति से समापन किया। बोल थे - नजरिया लग जायेगी मोरे कान्हा को। कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान कोलकाता से पधारे भारतीय भाषा परिषद के निदेशक प्रो शम्भूनाथ एवं भोजपुरी अध्ययन केंद्र बीएचयू के निदेशक प्रो श्रीप्रकाश शुक्ल ने प्रदान किया। अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्रम प्रदान कर डॉ रत्नेश वर्मा ने किया । संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

# डाक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम

**पोस्टमास्टर जनरल ने किया सम्मानित**



**वाराणसी।** डाक सेवाओं में गत वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न मण्डलों के अधीक्षकों को क्षेत्रीय डाक कार्यालय, वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सम्मानित किया।

वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक राजन राव को पार्सल एवं स्पीड पोस्ट वितरण, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण, डाक जीवन बीमा एवं पार्सल राजस्व के लिए सम्मानित किया गया, वहीं वाराणसी पश्चिमी मंडल के डाक अधीक्षक हेमंत कुमार को स्पीड पोस्ट एवं कॉमन सर्विस सेंटर के व्यवसाय में उत्कृष्टता के लिए किया गया।

वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.18 लाख नए बचत खाते, 1.20 लाख इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते, 50 हजार इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक प्रीमियम खाते, 45 हजार सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए।

8.45 लाख लोगों ने डाकघरों तथा इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से आधार सेवाओं का लाभ उठाया।

समारोह में सहायक निदेशक राम मिलन, बृजेश शर्मा, अधीक्षक डाकघर विनय यादव, कृष्ण चंद्र, लेखाधिकारी प्लाबन नस्कर, संतोषी राय, सहायक अधीक्षक अजय कुमार, डाक निरीक्षक श्रीकान्त पाल, दिलीप पाण्डेय, डाक सहायक श्रीप्रकाश गुप्ता, राहुल वर्मा सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शुरू हुआ 'संभव 3.0' अभियान

पहल

**गर्भवती व बच्चों में करेंगे कुपोषण की रोकथाम**



**वाराणसी।** गर्भवती व बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए जनपद में संभव 3.0 अभियान एक जून से शुरू हो चुका है। विगत दो वर्षों से अभियान से प्राप्त सकारात्मक परिणाम व सफलता के आधार पर इस बार यह अभियान जून से लेकर सितंबर तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत 'पोषण के 500 दिन' के रूप में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिनेश कुमार सिंह ने दी।

डीपीओ ने कहा - अति कुपोषित यानी सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रीशन (सैम) एवं कुपोषित यानी मॉडरेट एक्यूट मालन्यूट्रीशन (मैम) से ग्रसित बच्चों के सुपोषण के लिए सभंव 3.0 अभियान शुरू किया गया है। गर्भवती और शिशु स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए यह अभियान चार माह तक चलेगा। अभियान के तहत समस्त आठ विकास खंडों व नगरीय विकास परियोजना में 30 सितंबर तक जिले के 3914 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण व स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया झ वर्ष 2021 में संभव अभियान एक नवाचार के रूप में प्रारंभ किया गया था, जिसमें विशेष रूप से अति कुपोषित व कुपोषित बच्चों का चिह्नांकन, उपचार व सामुदायिक स्तर पर उनके प्रबंधन के साथ कुपोषण की रोकथाम के लिए व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया गया था।

इस बार संभव अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के साथ पहली तिमाही की गर्भवती का वजन व ऊंचाई मापेंगी। कुपोषित बच्चों व गर्भवती को चिन्हित कर उनकी चिकित्सकीय प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी।

# यूएन की टीम ने देखी वैक्सीन कोल्ड चेन प्वाइंट

**वाराणसी।** यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय स्थित वैक्सीन कोल्ड चेन प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने वैक्सीन के तापमान रख-रखाव व प्रबंधन के लिए तैयार किए गए ई-विन व्यवस्था प्रणाली के बारे में संपूर्ण जानकारी ली।

इसके अलावा मकबूल आलम रोड स्थित लक्ष्मी मेमोरियल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में बनाए गए निजी कोविड टीकाकरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने को-विन पोर्टल के बारे में संपूर्ण जानकारी ली। टीम में होलीयांग जू, असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल यूएन, शोका नोडा, रेसीडेंट रिप्रेजेंटेटिव इंडिया और अभिमन्यु सक्सेना, टीम लीड हेल्थ शामिल थे। टीम ने समस्त कार्यों, व्यवस्थाओं व सुविधाओं के लिए सराहा और भविष्य में इसी तरह की सेवाएं प्रदान कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर मंडलीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ मंजुला सिंह, सीएमओ डॉ संदीप चौधरी, एसआईसी डॉ मनीषा सिंह सेंगर, एसआईसी डॉ एसपी सिंह, डीआईओ डॉ निकुंज कुमार वर्मा, सीनियर एमओ डॉ एके पांडेय व अन्य अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



# भगवान जगन्नाथ की 19 को निकलेगी डोली यात्रा

आस्था

**अस्सी से प्रारंभ होगी भगवान की डोली यात्रा**

**20 से 22 तक होगा त्रिदिवसीय रथयात्रा का मेला**



**वाराणसी।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की 19 जून को डोली यात्रा निकलेगी। कोरोना संक्रमण काल में जब जनजीवन ठप रहा तो नाथों के नाथ भगवान जगन्नाथ ने भी संक्रमण परिस्थिति और भक्तों की कुशल क्षेम को ध्यान में रखते हुए सैर सपाटे को भी विराम दे दिया था। इस बार संक्रमण काबू में है। भक्त सुरक्षित रहेंगे तो प्रभु पुनः अपनी बहन सुभद्रा व भ्राता बलभद्र के साथ रथयात्रा से एक दिन पूर्व अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा बेनीराम बाग के लिए डोली यात्रा पर निकलेंगे। इसके साथ ही 20 से 22 जून तक प्रसिद्ध रथयात्रा मेले की शुरूआत होगी।

जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के सचिव आलोक शापुरी ने बताया कि 19 जून को प्रातः 5 बजे जगन्नाथ मंदिर का कपाट खुलेगा। प्रातःकाल 5.30 बजे मंगला आरती स्तुति व भजन होगा। प्रातःकाल 8 बजे दूध का नैवेद्य, पूर्वाह्न 10 बजे महाप्रसाद नैवेद्य, मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक पट बंद रहेगा।

अपराह्न तीन बजे पट खुलने के बाद कपूर आरती होगी। अपराह्न 3.30 बजे डोली शृंगार व चार बजे डोली यात्रा प्रारंभ होगी। डोली यात्रा अस्सी चौराहा से दुर्गाकुंड, नवाबगंज, राममंदिर, कश्मीरीगंज, खोजवां, शंकूधारा, बैजनत्था, कमच्छा से पं. बेनीराम बाग (शापुरी निवास) पहुंचेगी। जहां पर शैलेश शापुरी, संजय शापुरी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की डोली की आगवानी करेंगे। 19 जून को सायंकाल पांच बजे यूनियन बैंक रथयात्रा के सामने प्रभु के रथ की पूजा व आरती होगी।तत्पश्चात पं. बेनीराम बाग से श्री पंचमुखी हनुमानजी की पूजा व आरती होगी। तत्पश्चात यूनियन बैंक से निराला निवेश के लिए बिना विग्रह रथ का प्रस्थान होगा। मध्य रात्रि 3 बजे ठाकुरजी के विग्रह रथ पर विराजमान होंगे और उनका शृंगार किया जायेगा।

# कमरे में ठंडक, बाहर तापमान बढ़ा रहे एसी

## लगातार एसी चलने से तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक होती है बढ़ोतरी

जितेंद्र श्रीवास्तव

अंधाधुंध उपयोग

**दिन की तुलना में रात के समय एसी से तापमान में होती है अधिकाधिक वृद्धि**

**लगातार आठ घंटे चले एसी तो 19 हजार किलो जूल उष्मा होती है उत्सर्जित**

**वाराणसी।** आपने गर्म हवाओं के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप से बचने की खातिर एसी लगवा ही लिया। कमरा हो या फिर दफ्तर, ठंडी हवा में चैन की सांस जरूर आप लेते होंगे। लेकिन क्या आप यह भी जानते हैं कि एसी के अंधाधुंध उपयोग का खामियाजा भी कितना आप लोगों को भुगतना पड़ता है। ऊर्जा विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार एसी के चलने से तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो जाती है। एसी के संचालन से उत्सर्जित होने वाली ऊष्मा ग्लोबल वार्मिंग की वजह बनती जा रही है।

ऊर्जा विभाग के विशेषज्ञों की मानें तो एसी बाहर की तरफ गर्म हवा फेंकते हैं, जिससे उस जगह के तापमान में प्वाइंट फाइव से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है। एसी से रात में तापमान वृद्धि दिन की तुलना में अधिक होती है। यदि पूरे दिन में एक टन का एसी आठ घंटे चलता है, तो उससे 19 हजार किलो जूल उष्मा उत्सर्जित होती है। डेढ़ टन के एसी से लगभग 29 हजार किलो जूल उष्मा उत्सर्जित होती है। बढ़ते तापमान से शहरी क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि यहां बनी कंक्रीट की सड़कें और पक्के मकान दिन के समय सूर्य के प्रकाश की गर्मी को सोखते हैं। फिर



ताप को छोड़ने लगते हैं, जिससे तापमान बढ़ने लगता है। इस क्रिया से शहरों के तापमान में औसतन दो से चार डिग्री सेल्सियस वृद्धि की गणना विभिन्न शोधों में आंकी गई है। शहरों में अंधाधुंध एसी का प्रयोग मकानों को ठंडा तो करता है, लेकिन वह आसपास के तापमान में वृद्धि करने का काम भी करता है, क्योंकि इनमें प्रयोग होने वाली क्लोरोफ्लोरो कार्बन गैस ग्लोबल वार्मिंग में सहायक है। जहां दूर-दूर तक पेड़ नहीं हैं और बहुमंजिली इमारतें होने के साथ-साथ बड़ी संख्या में एसी तो चल ही रहे हैं। सड़कों पर वाहन भी दौड़ रहे हैं। ऐसे में वहां का तापमान बढ़ना लाजिमी है।

### यह है एसी चलाने का आदर्श तापमान

ऊर्जा विभाग के अधिशासी अभियंताओं का कहना है कि एसी चलाने का आदर्श तापमान 24 से 27 डिग्री सेल्सियस है, लेकिन ज्यादातर लोग 20 डिग्री या उससे कम डिग्री सेल्सियस पर इसे चलाते हैं। यदि 20 डिग्री सेल्सियस पर एसी लंबे समय तक चलता है तो ऊष्मा उत्सर्जन ज्यादा होता है। साथ ही बिजली की खपत भी 14 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि वह एसी को आदर्श तापमान पर ही चलाएं। लेकिन लोग अधिक ठंडक पाने की चाहत में ऐसा नहीं करते। वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. विजय नारायण सिंह कहते हैं कि कम तापमान पर एसी चलाने से बिजली खर्च तो बढ़ता ही है, स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। लोग ठंडक की वजह से पानी नहीं पीते हैं। उन्हें एहसास भी नहीं होता और शरीर में पानी की कमी होती जाती है। ऐसे लोग जब घरों से बाहर निकलते हैं, तो अक्सर डिहाइड्रेशन के शिकार हो जाते हैं।

### बचाव का रास्ता है यह पौधा

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि बाहर की तरफ जहां एसी गर्म हवा फेंकता हो, वहां पर प्राकृतिक ग्रीन शेडो करना चाहिए। इसके लिए कोई बेल लगाना चाहिए या फिर फर्न या एलोवेरा का पौधा लगाना चाहिए। यह गर्म हवा को अवशोषित कर लेता। इससे एसी चलाने पर आने वाले बिजली खर्च में भी 15 प्रतिशत तक की कमी आती है।

# खाद्यान्न वितरण में सर्वर बना रोड़ा

पड़ा असर

**अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को अनाज मिलने में दिक्कत**

**बीते दो माह से इस दुश्वारी को झेलने को विवश है कोटेदार व लाभार्थी**

**वाराणसी।** जिले में सभी सरकारी राशन की दुकानों से मंगलवार को लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। लेकिन सर्वर फेल होने से ई-पॉस मशीन पर फ्रींगर लेना कोटेदारों को दुश्वार हो गया है। इसके चलते कोटेदार अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी के अधिकांश लाभार्थियों को उनके हिस्से का अनाज देने में खुद को असहज पाए। हालांकि बीच-बीच में सर्वर पकड़ने से कार्डधारकों को खाद्यान्न पाने की उम्मीद जगी रही। इसके चलते अधिकांश कार्डधारक सुबह से दोपहर तक दुकानों पर डटे रहे। बावजूद इसके तमाम कार्डधारकों को निराशा ही हाथ लगी और बैरंग लौटना पड़ा।

कोटेदारों का कहना है कि राशन वितरण होने के दौरान ई-पॉस मशीन का सर्वर गुल हो जा रहा है। इससे वितरण कार्य पर गहरा असर पड़ रहा है। कार्डधारकों को अंगूठा लगाने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। व्यवस्था संभालने में कोटेदारों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि, लाभार्थियों को समझाना ढेढ़ी खीर जो हैं। लाभार्थियों का कहना है कि कोटेदार मनमानी कर रहे हैं, पर ऐसा नहीं है। जब सर्वर ही नहीं चलेगा और ई-पॉस मशीन पर लाभार्थी का अंगूठा ही नहीं लगेगा तो राशन कैसे वितरित किया जा सकता है।

आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मानते हैं कि सर्वर डाउन या फेल होने के चलते ई-पॉस मशीन पर फ्रींगर प्रिंट लगाने का कार्य बाधित हो रहा है। इसके चलते राशन वितरण का कार्य लगभग ठप पड़ गया है। कई बार सर्वर पकड़ने-छोड़ने की समस्या चलने से दुकान पर मौजूद कार्डधारक खाद्यान्न मिलने की उम्मीद लगाए इंतजार करते रहे। इस दौरान कई दुकानों पर कोटेदारों और कार्डधारकों में नोकझोंक की शिकायत मिली। बाद में सर्वर फेल होने की जानकारी के बाद कार्डधारक निराश लौट गए।

# संभावित बाढ़ से निपटने को कर लें तैयारी



अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक करते एसडीएम

**बोले एसडीएम**

### बाढ़ के पानी में डूबने वाले संभावित घरों की बनायें सूची

**बैरिया।** उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने तहसील स्तरीय कर्मचारियों को संभावित बाढ़ से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारी के संदर्भ में विचार विमर्श किया। साथ ही शीघ्र कार्य योजना तैयार कर अभी से एलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है।

बैठक में एसडीएम ने पशुपालन विभाग, बाढ़ विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के तहसील स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ से निपटने की योजनाओं को अविलम्ब तैयार कर ले। उप जिलाधिकारी ने बताया कि जो भी बाढ़ में नावें लगनी है, उनकी व्यवस्था अभी से कर ली जाए। बाढ़ के पानी में डूबने वाले संभावित घरों की सूची बनाई जाए। वही, कहां-कहां बाढ़ राहत केंद्र बनेगा, उसकी भी सूची बनाई जाए।

कर्मचारियों ने बताया कि पिछली बार 16 बाढ़ चौकी बनाई गई थी। इस बार भी बाढ़ आई तो इतनी ही बाढ़ चौकी अथवा बाढ़ राहत केंद्र स्थापित की जाएगी। दयाछपरा, दुबेछपरा, नौरंगा, मुरारपट्टी, शिवपुर कपूर दियर, दलन छपरा, चांददियर सहित 16 स्थानों पर बाढ़ राहत केंद्र बनाया जाएगा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 68 छोटी नाव एवं 55 बड़ी नाव लगाई जाएंगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी उस्मान, तहसीलदार सुदर्शन कुमार, नायब तहसीलदार अजय सिंह, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी, ब्लाक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाढ़ से निपटने की चल रही तैयारी

**बोले जिलाधिकारी**

### कार्य में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई



रवीन्द्र कुमार

**बलिया।** मानसून की शुरूआत होने जा रही है। इसको देखते हुए बाढ़ विभाग गंगा, घाघरा और टोंस नदी पर अपनी नजर रखी हुई है। गंगा नदी पर बाढ़ और कटान को रोकने की तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से प्रभावित जनपदों पर विशेष फोकस करते हुए आवश्यक निर्देश दिया है कि बाढ़ का सामना करने के लिये संबंधित विभाग अपनी तैयारी करके चलें। कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मंगलवार को जनसंदेश टाइम्स से हुई विशेष बातचीत के दौरान जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार कहा कि जनपद बलिया में बाढ़ महत्वपूर्ण विषय रहता है। इसको देखते हुए हमारी तैयारी चल रही है। हम लोग पहले से ही इसकी तैयारी में जुट गये है। वर्तमान में बाढ़ खंड द्वारा 13 कार्य चल रहे है। 12 कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने की संभावना है। वहीं, एक कार्य में कुछ समय लगेगा। क्योंकि वह थोड़ा विलंब से शुरू हुआ था। अन्य सभी विभागों को कड़ा निर्देश दिया गया है कि अपनी पूरी तैयारी 15 जून तक पूर्ण कर लें। बाढ़ से निपटने के दौरान किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। गंगा और घाघरा पर हमारा विशेष फोकस रहेगा।

## जल जमाव से मिलेगी राहत

**बलिया।** शहर में जल जमाव की समस्या भीषण है। इससे जनता को निजात दिलाने के लिये अधिवक्ता नगर-रामपुर महावल मार्ग पर स्थित कटहल नाला पर रेगुलेटर का निर्माण और बांसडीह रोड में नाला बनाने का कार्य दिन ब दिन प्रगति पर है। प्रत्येक दिन के कार्यों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। डीएम ने बताया कि इन दोनों कार्यों के पूर्ण हो जाने से शहर के लोगों को जल जमाव से कुछ हद तक राहत मिल जाएगी।

### बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार में बाइक के धक्के से मृत युवक के मामले में हल्दी थाना क्षेत्र के अगरौली निवासी हरिओम यादव पुत्र तारकेश्वर यादव के खिलाफ पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर धारा 304 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि कोटवां निवासी विजय कुमार (36) पुत्र लल्लन राम को 10 जून की रात हरिओम ने रानीगंज बाजार में अपने मोटरसाइकिल से धक्का मार दिया था। इससे वह घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बलिया में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### टीकाकरण केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सिकंदरपुर।** शासन के आदेश के अनुपालन में प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को शहरी क्षेत्रों में विशेष टीकाकरण का आयोजन होता है। इसके क्रम में ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक पीयूष श्रीवास्तव ने डोमनपुरा एवं नगरा मोड़ सहित विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीपीएम ने बताया कि प्रत्येक बुधवार और शनिवार को माइक्रोप्लान के अनुसार पूरे ब्लाक और शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण होता है, जिसमे 0 से 05 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण चार्ट के अनुसार उनके समय पर किया जाता है। अब शासन के आदेश के क्रम में प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को भी शहरी क्षेत्र में माइक्रोप्लान बनाकर टीकाकरण करना है। इसका उद्देश्य यह है कि समय से सबको टीका लग जाए।

## संक्षेप

### 17 एवं 18 को होगी कराटे प्रतियोगिता

**बलिया।** दिल्ली-इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 17 एवं 18 जून को किया गया है। इसमें द सोतोकान रियोक्यू कराटे फेडरेशन उत्तर प्रदेश के ओर से 30 सदस्यों टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में सौम्या सिंह, अंजली दुबे, आयुष गुप्ता, सुदीप अधिकारी, विश्वदीप जायसवाल, अमृत प्रभात रंजन, रामकृष्ण सिंह, वैष्णवी, रिया पटेल, श्रेया यादव, प्रिया पाल, अनुष्का यादव, स्वेता, समीधा, महिमा, कोमल भारद्वाज, प्रियांशु, मोहम्मद अली, मिलिंद, निखिल रत्न, विश्वाजीत खरवार, अजय पटेल, सत्यम जायसवाल, अजय भारद्वाज, प्रेम प्रकाश पाल, शिवम विश्वकर्मा शामिल होंगे। टीम कोच पीयूष साहू, मैनेजर मनीष मौर्या, दिनेश भारद्वाज, होंगे। यह जानकारी उप्र के महासचिव एलबी रावत ने दी है। द सोतोकान रियोक्यू कराटे फेडरेशन के चीफ कोच आशीष भारद्वाज ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आवास पर पहुंचकर ऋषभ को किया सम्मानित



ऋषभ कुमार पांडेय को सम्मानित करते लोग

**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड छह निवासी ऋषभ कुमार पांडेय पुत्र आशीष पांडेय ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलाजी (निफ्ट) में आल इंडिया 277 रैंक लाने के बाद नगर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भाजपा बांसडीह मंडल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने मंगलवार को स्थानीय नागरिकों के साथ ऋषभ के आवास पर पहुंचकर उनको सम्मानित किया। कहा कि ऋषभ पांडेय ने नगर क्षेत्र ही नही, बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर संजय कुमार पांडेय, अवनीश पांडेय, मुनजी गोड़, बंटी चौबे, गोविंद कुमार, गोपाल गुप्ता, अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे। इधर, विधायक केतकी सिंह, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे, प्रमोद सिंह, दिनेश तिवारी, सतेंद्र सिंह, शितांसु गुप्ता आदि ने ऋषभ कुमार पांडेय को बधाई दी है।

### कृषि विभाग के छात्रों ने डाली धान की नर्सरी

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कृषि फार्म पर बीएससी कृषि तथा एमएससी कृषि के छात्रों द्वारा प्रैक्टिकल क्राप प्रोडक्शन के तहत छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व की भांति इस बार भी धान के बीज की नर्सरी डाली गई।

कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में कृषि के छात्रों को अधिक से अधिक प्रायोगिक कार्य करने को मिले, जिससे उनकी विषय की समझ तथा तकनीकी रूप से दक्ष होने में भी सहायक हो। निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने बताया कि शोध एवं नवाचार जैसे महत्वपूर्ण कार्य निरंतर होने से छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। इससे उनके बाहुमुखी प्रतिभा का विकास होगा। इस अवसर पर कृषि संकाय के प्रभारी डॉ. लाल विजय सिंह तथा डॉ. अमित सिंह के कुशल निर्देशन में बच्चों ने कार्य को पूरा किया। इस दौरान मध्यम अवधि की दामिनी किस्म के धान की नर्सरी डाली गयीं। इस किस्म के तैयार होने की अवधि 120 से 125 दिन है। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार चौबे, डॉ. विनीत शाही, डॉ. विनय कुमार आदि मौजूद रहे।



जननायक चंद्रशेखर विवि परिसर में धान की नर्सरी डालते छात्र

### एसडीएम को सौंपा पत्रक

**बैरिया।** अखिल भारतीय गोंड महासभा ने बैरिया तहसील प्रशासन द्वारा गोंड जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी नही करने पर नाराजगी जाहिर की हैं। महासभा ने आगामी सोमवार से तहसीलदार सुदर्शन कुमार के खिलाफ धरना प्रदर्शन व अनशन करने का निर्णय लिया है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री तारकेश्वर गोंड के नेतृत्व में गोंड समाज के लोगों ने मंगलवार को एसडीएम को प्रतिवेदन सौंपा।

### लाइफ स्किल फार यूथ परिचर्चा संपन्न

**बलिया।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा जी-20 भागीदारी कार्यक्रम के क्रम में मंगलवार को लाइफ स्किल फार यूथ परिचर्चा कार्यक्रम किया गया। इसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने जीवन में कैसे ससकारात्मक रूप से आगे बढ़े, की प्रेरणा प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक ब्रह्मराम सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक कर्तव्य हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आशुतोष सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजाबाबू, देवानंद, सुप्रिया, शबाना आदि मौजूद रहे।

### पिकअप से गाय बरामद, दो गिरफ्तार

**बलिया।** शहर के बिचला घाट पुलिस चौकी के जवानों ने रविवार की रात पिकअप पर लदी गाय को बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने एक पशु तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने गाड़ी मालिक के साथ ही पकड़े गये तस्कर के खिलाफ पशु क्रूरता व गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार बिचला घाट पुलिस चौकी के प्रभारी चक्रमण कर रहे थे। इसी बीच महावीर घाट की ओर जा रही एक पिकअप को पुलिस ने संदेह के आधार पर रोक लिया। छानबीन में पुलिस को गाड़ी पर एक गाय मिली, जिसके सभी पैर रस्सी से बांधे गये थे। इस दौरान वाहन चालक भागने का प्रयास किया तो पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि पशु तस्कर भीमपुरा थाना क्षेत्र के कसौंडर निवासी राजा सिंह गाय को वध के लिए बिहार लेकर जा रहा था। छानबीन के आधार पर पुलिस ने वाहन स्वामी गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर कलां निवासी संतोष चौरसिया एवं पकड़े गये राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### ट्रेन से कटी युवती की हुई शिनाख्त

**बांसडीह।** बलिया-छपरा रेलखंड पर सोमवार को बांसडीह रोड रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ अप सद्भावना एक्सप्रेस से कटकर मृत युवती की पहचान बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा केवटलिया कलां निवासी आरती साहनी पुत्री जीता साहनी के रूप में हुई है। सोमवार को सद्भवाना ट्रेन से युवती के कटने के बाद उसके शव के पंचनामा के दौरान जीआरपी ने शिनाख्त करने का काफी प्रयास की। शिनाख्त न होने से जीआरपी ने उसके शव को मर्चरी में रखवा दिया था। इसके बाद जीआरपी ने मीडिया सहित अन्य माध्यमों से उसकी पहचान के प्रयास किये। इसमें उन्हें मंगलवार की सुबह सफलता मिली। किसी स्तर से सूचना पाकर पहुंचे युवती के परिजनों ने उसकी पहचान की।

# लंपी रोग से बीमार हुए दर्जनों पशु

**बैरिया।** स्थानीय विधान सभा क्षेत्र के गंगा उस पार नौरंगा के इर्द-गिर्द आधा दर्जन गांवों में लंपी रोग फैलने से दर्जनों पशु बीमार हो गये है। इस कारण पशुपालक भयभीत है। एसडीएम आत्रेय मिश्र के एक्शन के बाद पशुपालन विभाग की टीम ने मंगलवार से रोग ग्रसित पशुओं का टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। एसडीएम टीकाकरण की स्थिति का जायजा ले रहे है।

बता दें कि गंगा उस पार के नौरंगा, चक्की नौरंगा, भुवाल छपरा, उदई छपरा के डेरा, चैन छपरा, रामनगर सहित आधा दर्जन गांवों के गाय और भैसों में लंपी रोग का प्रकोप देखने को मिला है। पशुपालकों ने इसकी सूचना पशु चिकित्साधिकारी बैरिया डा. एमपी सिंह को दी थी, किन्तु उन्होंने इसे गम्भीरता से नही लिया। सोमवार को उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के तल्ख तेवर के बाद पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालकों की शिकायत का संज्ञान लिया। उन्होंने निरीक्षण किया तो पाया कि पशुओं में लंपी रोग फैला हुआ है। मंगलवार को पशुपालन विभाग की टीम गंगा उस पार के गांवों में पहुंची और गाय एवं भैसों का टीकाकरण शुरू कर दिया है। वहीं, पीड़ित पशुओं के इलाज की भी व्यवस्था पशुपालन विभाग द्वारा किये जाने का दावा किया जा रहा है। गौरतलब है कि नौरंगा गांव के भुवाली ठाकुर, वीरेन्द्र ठाकुर, अरुण ठाकुर, विजय ठाकुर, कमलेश कमकर सहित दर्जनों पशुपालकों की गाय मर चुकी है, जबकि दर्जनों पशु बीमार पड़ी हुई है।

**पशुपालक भयभीत**

### पशुपालन विभाग की टीम ने शुरू किया टीकाकरण

इसे हमारे मेडिकल की भाषा में एलएसडी कहा जाता है। इसमें पशुओं के शरीर में गांठ बन जाता है। वह गांठ घाव का रूप ले लेता है और उसमें मवाद बनने लगता है। यह बीमारी एलएसडी विषाणु से फैलता है। पधुपालक इसे गांठदार त्वचा रोग कहते है। यह खून चूसने वाले मक्खी, मच्छर व चिंचड़ जू आदि से फैलता है। इसमें पशुओं को तेज बुखार होता है। त्वचा में जख्म व दर्द से पशुओं को पीड़ा होता है। दूध व प्रजनन क्षमता में कमी आती है। समय से इलाज नहीं मिलने पर पशुओं की मौत हो जाती है। इससे बचने का एकमात्र उपाय पशुओं का टीकाकरण है। जो पशु पीड़ित है, उनका समय से इलाज होना चाहिए। अभी दूसरे गांव में इस बीमारी के प्रकोप की कोई सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में भी टीकाकरण कराया जाएगा।

**डा. एमपी सिंह, पशु चिकित्साधिकारी, बैरिया**

# पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री समेत 15 लोग साक्ष्य के अभाव में बरी

**बलिया।** लगभग दस वर्ष पूर्व सोनौली सड़क निर्माण को लेकर हजारों की संख्या में भीड़ इकट्ठा कर सरकार विरोधी नारेबाजी करने एवं सड़क जाम कर लोगों को परेशान करने के मामले में सोमवार की देर शाम सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय एमपी एमएलए श्रीमती तपस्या त्रिपाठी (अपर सीजेएम प्रथम) की न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्य के कमियों के कारण आरोपी पूर्व सांसद भरत सिंह, विधायिका केतकी सिंह, पूर्व मंत्री राजधारी, पूर्व विधायक शिवशंकर समेत पन्द्रह को दोषमुक्त कर दी है। प्रत्येक को बीस-बीस हजार के प्रतिभू निजी मुचलिके दाखिल करने पर रिहा करने हेतु आदेश पारित की है।

उल्लेखनीय हैं कि सुखपुरा थाने द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 277/2013 में भादवि की धारा 143, 341, 283 व 7 क्रिमिनल ला अमेडमेंट एक्ट के तहत न्यायालय ने आरोपी केतकी सिंह, भरत सिंह, राजधारी सिंह, शिवशंकर चौहान, अरविंद, अप्पू सिंह, शंकर दानी, राजू वारसी, अख्तर अली, गणेश गुप्ता, सुभाष राम, दीनानाथ सिंह, विवेक सिंह, श्रीभगवान गोड़ व अमर सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अभियोजन के अनुसार यह घटना सुखपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 अगस्त सन् 2013 को समय करीब सुबह 9:00 बजे घटित हुआ था। तत्कालीन एसएचओ डीपी सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना के दिन मय फोर्स क्षेत्र की देखभाल में जा रहे थे कि पूर्व सांसद भरत सिंह, केतकी, राजधारी, शिव शंकर समेत हजार लोग मुख्य सड़क जाम कर दिये। जनता काफी परेशान थी। इस घटना के बावत वादी की तहरीर पर पंद्रह नामित और 200 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीत हुआ था। विवेचक द्वारा अदालत में चार्जशीट प्रेषित की गई। सभी आरोपी जमानत कराए। आरोप विचरित होने के उपरांत गवाही हुई और गवाही के दौरान अभियोजन पक्ष कमजोर साबित हुआ। इसके परिणाम स्वरूप अदालत ने साक्ष्य के अभाव में सभी को बरी कर दिया।

**आदेश पारित**

### सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध करने में विशेष न्यायालय एमपी एमएलए ने सुनाया फैसला

# संजय पांडेय को बनाया गया जिला प्रमुख



संजय कुमार पांडेय

**बिल्थरारोड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन सरस्वती इंटर कालेज ततेरी, सिद्धार्थनगर में किया गया। इसमें गोरक्ष प्रांत की अध्यक्ष सुषमा पाण्डेय ने प्रांतीय एवं जिलों के विभिन्न दायित्वों की घोषणा की। इसके क्रम में जीएमएएम इन्टर कालेज बेल्थरारोड के प्रवक्ता संजय कुमार पाण्डेय का कद उच्चा करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रसड़ा जिला प्रमुख का दायित्व दिया गया है। इसकी खबर मिलते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। नवागत जिला प्रमुख श्री पाण्डेय ने कहा कि जो हमे जिम्मेदारी मिली है, उसका बखूबी निर्वहन करूंगा। वही, जिला संयोजक राकेश चौहान, जिला विस्तारक ऋषभ को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री हरिदेव और डा. घनश्याम शाही ने इसके विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल व क्षेत्रीय विधायक सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## समस्या का समाधान करने का निर्देश



एसडीएम को पत्रक सौंपते ग्रामीण

**बैरिया।** रेवती थाना क्षेत्र के नवका गांव के एक दलित बहुल्य बस्ती को काफी दिनों से मार्ग की आवश्यकता है। उसे मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए ग्रामीणों द्वारा दिये गये प्रतिवेदन को एसडीएम आत्रेय मिश्र ने गम्भीरता से लिया हैं। मंगलवार को एसडीएम ने नायब तहसीलदार अजय सिंह को मौके पर जाकर समस्या का त्वरित समाधान कराने का निर्देश दिया है।

बता दें कि नवका गांव के प्रधान प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, डा. अजय कुमार, पप्पू राम, मंटू राम, दिलीप राम, केशव कुमार, उज्ज्वल सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर एसडीएम से आग्रह किया था कि चार सौ घर दलित एवं दो सौ घर सामान्य वर्ग का है। यहां जाने के लिए अरसे से कोई रास्ता नही है।

एक चक मार्ग है। वह भी अतिक्रमित है। उसे खाली कराने का आग्रह किया गया है। साथ ही अन्य विकल्प भी सुझाये गए है। इस पर एसडीएम ने त्वरित कार्यवाई का भरोसा देते हुए नायब तहसीलदार को मौके पर जाने का निर्देश दिया।

## जनपद में चला बाल श्रम उन्मूलन अभियान

**बलिया।** जिला प्रोवेशन अधिकारी मो. मुमताज ने बताया कि मंगलवार को जनपद में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। इसमें विशेष रूप से रेलवे स्टेशनों तथा स्टेशन के एक किमी के दायरे के भीतर के क्षेत्रों में यथा रेलवे स्टेशन परिसर, चौक परिक्षेत्र, विजय सिनेमा रोड, आर्य समाज रोड, शीशमहल एवं मालगोदाम रोड पर बाल श्रम न करने का प्रचार-प्रसार किया गया।

इस अभियान के दौरान दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति बलिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यू करने वाली टीम के अन्तर्गत नोडल अधिकारी गणेश सिंह श्रम प्रर्वतन अधिकारी, विनोद सिंह संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, रामविलास सामाजिक कार्यकर्ता, पूजा सिंह महिला कल्याण अधिकारी, राजन चौहान आउटरीच कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण इकाई, यूसूफ खान, शाईन्दा परवीन चाइल्ड लाइन बलिया, प्रभारी एएचटीयू लाल जी, हेड कांस्टेबल वशिष्ठ नारायण, एसजेपीयू व महिला कोतवाली से कांस्टेबल नेहा सिंह, गीता यादव, जीआरपी एवं आरपीएफ आदि उपस्थित रहे।



बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाते अधिकारी व पुलिस

# ज्ञानी पुरुष करते हैं अमृतमय ज्ञान का दान

**बोले पं. घनश्याम मिश्र**

### कथारूपी सागर में गोता लगाते रहे श्रद्धालु

**मझौवां।** ज्ञानी पुरुष समय पर अपने अमृतमय ज्ञान का दान किसी अधिकारी को कर देते हैं। छोटे-छोटे गड्ढों में भरे हुए जल के जलचर यह नहीं जानते कि इस गड्ढे का जल दिन प्रतिदिन कैसे सूखता जा रहा है। जैसे कुटुंब के भरण-पोषण में भूले हुए मूढ़ व्यक्ति यह नहीं जानते कि हमारी आयु क्षण-क्षण छीड़ हो रही है।

उक्त बातें राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के दया छपरा ढाला पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में प्रवचन के क्रम में पंडित घनश्याम मिश्रा ने व्यक्त किया। कहा कि थोड़े जल में रहने वाले प्राणियों को शरद कालीन सूर्य की प्रखर किरणों से बड़ी पीड़ा होने लगती है। जैसे अपनी इंद्रियों के वश में रहने वाले कृपण एवं दरिद्र कुटुंबी को तरह-तरह के ताप सताते ही रहते हैं, वैसे ही पृथ्वी धीरे-धीरे अपना कीचड़ छोड़ने लगती है। घास-पात धीरे-धीरे अपनी कचाई छोड़ने लगते हैं। यह अहंता और ममता छोड़ देते हैं। शरद ऋतु में समुद्र का जल स्थिर, गंभीर और शान्त हो गया। जैसे मन के निः संकल्प हो जाने पर आत्मा राम पुरूष कर्मकांड का झमेला छोड़ कर शान्त हो जता है। कथा देर रात तक चलती रही, जहां श्रद्धालु कथा रूपी सागर में गोता लगाते रहें।



प्रवचन करते पं. घनश्याम मिश्र

# लू से बचाव को करें घरेलू उपाय

**बोले डॉ. रितेश सोनी**

### गर्मी के दिनों में बार-बार पीते रहें पानी

**बलिया।** कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर के एक होटल में सोमवार की देर शाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा. रितेश सोनी ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। अगर अचानक शरीर का तापमान बढ़ जाय या फिर सिर में तेज दर्द होना से शुरू हो जाय तो सावधान हो जाना चाहिए। ये दोनों लू लगने के लक्षण है।

कहा कि लू लगने से किडनी, दिमाग और दिल पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे इन अंगों की कार्य क्षमता प्रभावित होती है। लू लगने के बाद नाड़ी और सांस की गति तेज हो जाती है। कई बार देखा गया है कि त्वचा पर लाल दाने भी हो जाते हैं। कई लोगों को लू लगने पर बार-बार पेशाब की भी शिकायत हो जाती है और शरीर में जकड़न हो जाती है। चिलचिलाती गर्मी में लू से बचने के लिए घरेलू उपाय काफी कारगर साबित होते हैं। कहा कि धूप में निकलते वक्त छाते का इस्तेमाल करना चाहिए। सिर ढक कर धूप में निकलने से भी लू से बचा जा सकता है। घर से पानी या कोई ठंडा शरबत पीकर बाहर निकलें। तेज धूप से आने और ज्यादा पसीना आने पर फौरन ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। गर्मी के दिनों में बार-बार पानी पीते रहना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। पानी में नींबू और नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार पीते रहने से लू लगने का खतरा कम रहता है। इस अवसर पर डा. राजेश्वर तिवारी, डा. हरेंद्र सिंह, डा. कमलेश, डा. डीके माली, डा. मनोज सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन संतोष तिवारी ने किया।

# किसानों ने क्रय केंद्रों से बनायी दूरी, लक्ष्य अधूरा

**बलिया।** जिले में एक अप्रैल से 63 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू है, जो 15 जून तक चलेगी। इसमें सबसे अधिक विपणन विभाग के 17 क्रय केंद्र हैं। शासन की ओर से इस वर्ष जिले के लिए 95 हजार मी. टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन क्रय केंद्रों पर वही किसान गेहूं बेच सकेंगे, जो पंजीकृत हैं। इस वर्ष गेहूं के समर्थन मूल्य में पिछले वर्ष के सापेक्ष 110 रुपये बढ़ोतरी करते हुए 2125 रुपये प्रति क्विंटल की गई। क्रय केंद्रों पर किसान गेहूं बेचने पहुंच नहीं रहे हैं।

जिले में लक्ष्य पूरा करना दुश्वार है। सरकार ने घर-घर जाकर गेहूं खरीदने का प्रावधान किया था, लेकिन यह योजना भी सफल नहीं हो सकी हैं। बाजारों में समर्थन मूल्य से अधिक भाव मिलने के कारण किसान क्रय केंद्रों का रुख नहीं कर रहे हैं। अब तक 914 किसानों से कुल 4021 मी. टन की खरीद हुई है, जबकि खरीद का लक्ष्य 95 हजार मी.टन निर्धारित है। अब मात्र तीन दिन और खरीद होनी है। अब तक पांच फीसद भी गेहूं की खरीदारी नहीं हुई है।

कुल 6409 किसानों ने क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया। इसके बावजूद किसानों का रुझान सरकारी केंद्रों की ओर काफी कम रहा। बताया जाता है कि गेहूं का बाजार भाव इस वर्ष भी समर्थन मूल्य से अधिक है। इसके अलावा क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण, सत्यापन, फिर केंद्र पर नंबर लगाने की मशक्कत करनी होती है। यह देख किसान गेहूं को खेतों में आढ़तियों के हाथों या बाजारों में बेच दे रहे हैं। आलम यह है कि ढाई माह बीत जाने के बावजूद अब तक महज 914 किसानों से कुल 4021 मी. टन गेहूं की खरीद हुई है। लक्ष्य पूरा करने के लिए शासन की ओर से किसानों के घर जाकर गेहूं खरीद करने का निर्देश दिया गया, लेकिन यह योजना भी जिले में फ्लाप रही। क्योंकि किसान गेहूं सरकारी क्रय केंद्र पर देने को तैयार नहीं हैं।

**लक्ष्य निर्धारित**

### बीत गये ढाई माह, महज 4021 मी.टन हुई गेहूं की खरीद

### किसानों को किया जा रहा प्रेरित

**बलिया।** इस संबंध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश चंद्र सागरवाल ने बताया कि क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसान नहीं पहुंच रहे हैं। किसानों को क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए प्रेरित भी किया गया, लेकिन अधिकांश किसान गेहूं बेचने को तैयार नहीं हो रहे। बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के चलते खरीद पर प्रभाव पड़ रहा है।

# प्रजापति महासभा ने डीएम को सौंपा मांग पत्र

रोष

## मांगों के पूरा नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**बलिया।** उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा शाखा बलिया ने राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरही परसिया में विनोद प्रजापति के रिश्तेदार शैलेश प्रजापति को दबंगों ने बुरी तरह से मारा-पीटा। इसका एफआईआर दर्ज है। उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते प्रजापति महासभा के लोग

कहा कि संपूर्ण भारत में प्रजापतित/कुम्हार एक जाति है, लेकिन मध्यप्रदेश के 10-12 जनपदों में अनुसूचित जाति में आते है। प्रजापति/कुम्हार को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाय। मिट्टी के वर्तनों को बेचने के लिए महानगरों/नगर पालिका/टाउन एरिया में मंडी की व्यवस्था किया जाय और सरकार कुम्हारों के वर्तन खरीदने की गारंटी लें। उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा समस्त डीएम को मिट्टी खुदाई हेतु राजस्व पट्टा आवंटित करने का आदेश दिया है, लेकिन अब तक बलिया जनपद में एक भी पट्टा नहीं हुआ है। प्रत्येक गांव में कुम्हारों को पांच एकड़ भूमि आवंटित किया जाय। भूमिहीन कुम्हारों को वर्तन पकाने हेतु आबादी/बंजर की भूमि का आवासीय पट्टा किया जाय। चेताया कि मांगों के पूरा नहीं होने पर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर कृपाशंकर, कुश कुमार, दीनदयाल, रामबदन, नीतेश, विपिन कुमार, मनोज कुमार, शैलेश कुमार, सत्यप्रकाश, शिवशंकर प्रजापति, हीरालाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सड़कों पर दौड़ रहे प्राइवेट वाहन

**बलिया।** मनियर क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर सवारी ढोने के लिए बस के कर्मचारियों व ई-रिक्शा चालकों के बीच आए दिन विवाद हो रहा है। शिकायत के बाद भी परिवहन विभाग मुख्य मार्गों पर गलत तरीके से चल रहे वाहनों पर कारवाई नहीं कर रहा है। बसों के नियमित संचालन के लिए रूट परमिट परिवहन विभाग की तरफ से जारी किया गया है। बसों का टैक्स एक से पांच साल तक 127 रुपये, पांच से 10 वर्ष तक 132 रुपये व 10 वर्ष से ऊपर के बस का 138 रुपये प्रति सवारी के हिसाब से प्रति माह टैक्स जमा कराया जाता है। दूसरी ओर सड़कों पर प्राइवेट जीप, टेम्पो व ई-रिक्शा धड़ल्ले से मानक के विपरीत सवारी ढो रहे हैं और जिम्मेदार मौन साधे हैं। ऐसे में बसों के बीमा की बात तो दूर, टैक्स के पैसे भी महीने भर में नहीं बच पा रहे हैं। इससे वाहन स्वामियों को नुकसान हो रहा है। बस मालिकों ने परिवहन विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया है कि ई-रिक्शा नगरीय सेवा के लिए है। लेकिन मुख्य मार्गों पर धड़ल्ले से फर्राटा भर रही हैं। कहा है कि नगर क्षेत्रों की तरह यहां भी सभी ई-रिक्शा पर शहर व गांवों का रूट नंबर अंकित किया जाय। इससे कुछ हद तक राहत मिलेगी।

# जिला लेखपाल संघ ने आठ सूत्री मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिला लेखपाल संघ ने आठ सूत्री मांगों के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने महंगाई के एरियर व तमाम तरह के लंबित भुगतान के अलावा लेखपालों से जुड़ी समस्याएं बताते हुए शीघ्र निस्तारण का अनुरोध किया।

ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने अवगत कराया कि अक्टूबर 2020 से मई 2023 तक आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र सत्यापन का भुगतान तथा कृषि गणना 2016-17 का निर्धारित भुगतान अब तक नहीं हुआ है। निलंबित दो लेखपालों को छह माह बीत जाने के बाद भी बहाल नहीं किया जा रहा है। बताया कि तहसील में कुल लेखपाल पदों के सापेक्ष वर्तमान में लेखपालों की संख्या आधा है, जबकि कार्य भार अधिक है। लेखपाल दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी प्रोत्साहित करने की बजाय प्रायः स्पष्टीकरण और निलंबन की धमकी दी जा रही है। लेखपालों के अभिलेख जैसे जीपीएफ पासबुक, सेवा पुस्तिका आदि को भी अपडेट कराया जाए। ग्रीनफील्ड का कार्य तहसील बैरिया में में 90 प्रतिशत से अधिक हो चुका है, इसलिए तहसील बैरिया से लेखपाल मुहम्मद समर व कुबेर की संबद्धता समाप्त की जाये।

यह भी बताया कि स्वामित्व योजना में घरौनी प्रमाण पत्र पंचायत राज विभाग द्वारा जारी किया जा रहा है, जबकि स्वामित्व योजना का पूर्ण कार्य जैसे चुना मार्किंग, मौके का पड़ताल, प्रारूप 5 की फीडिंग, मानचित्र में नबरिंग तथा नक्शा जंमा करने हेतु राजस्व परिषद/सर्वे आफ इण्डिया, लखनऊ में जाना पड़ रहा है। उसके बाद नोटिस तामिला प्रारूप-7 से घरौनी वितरण प्रारूप 10 तक का कार्य भी लेखपाल के द्वारा ही किया जा रहा, जबकि शासनादेश इसके इतर है। इस मौके पर जिला मंत्री मुन्ना राम, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, रंजीत सिंह, अखिलेश सिंह, प्रदीप तिवारी, प्रेमशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## सभी को साथ लेकर किया जायेगा विकास



**रसड़ा।** स्थानीय आदर्श नगर पालिका परिषद कार्यालय में मंगलवार को बोर्ड की पहली बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष विनय शंकर जायसवाल सहित सभासदों ने भाग लिया। अध्यक्ष सहित सभासदों ने एक-दूसरे से परिचय किया। सभासद अशोक कुमार जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि बरसात से पहले नगर के सभी नाला-नाली की सफाई कराया जाय। नगर के क्षतिग्रस्त सड़क व नाली की मरम्मत किया जाए। नगर के मुख्य मार्ग पर जो रोड लाइट लगा है, उसको ठीक किया जाए। वार्ड नंबर 10 के सभासद नसीम अहमद ने मटकोर घर को भव्य रुप देने, वार्ड नंबर 11 के सभासद मोहन प्रसाद ने जुटली गड़ही का सुन्दरीकरण करने, वार्ड 24 के सभासद अविनाश जयसवाल ने पात्रों का राशन कार्ड बनाने, वार्ड नंबर चार के सभासद श्रवण कुमार गुप्ता ने नगर में पाइप लाइन का विस्तार, सरजू राम के पोखरे का सुंदरीकरण तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने की मांग की। सभी सभासदों ने एक स्वर से इसका अधिकार नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय शंकर जायसवाल को दिया। कहा कि नगर में तीव्र गति से विकास कार्य करायें। अध्यक्ष विनय शंकर जायसवाल ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास किया जायेगा। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। सभी को साथ लेकर नगर का विकास एवं सुंदरीकरण किया जायेगा। रसड़ा को आदर्श नगर पालिका के रूप में स्वच्छ और सुंदर माडल दिया जाएगा। इस अवसर पर अशोक कुमार जायसवाल, राजेंद्र कुमार जायसवाल, श्रवण गुप्ता, विवेक वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, संजय कुमार, विजय कुमार संटु, मोहन प्रसाद, देवंती देवी, रेशमा सिंह, अली रजा, शिवा सोनी, फैयाज अहमद, रीना देवी, शकुन्तला देवी, अपसा परवीन, मोदस्सीर अहमद, हसीना खातून, लेखा अधिकारी प्रदीप कुमार गुप्ता, खुर्शीद अहमद आदि मौजूद रहे।

# ऑक्सीजन प्लांट से लाखों के उपकरण चोरी

## चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर मामले की जांच कर रही पुलिस


मौके पर पड़ा मिला रिंच एवं स्क्रू ड्राइवर


ऑक्सीजन प्लांट में चोरी की सूचना पर पहुंचे कर्मी

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अगउर पर स्वास्थ विभाग द्वारा स्थापित आक्सीजन प्लांट से लाखों रूपये के उपकरण के चोरी की घटना का मामला सामने आया है। वही, अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। फार्मासिस्ट ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीक्षक डा. वेंकटेश मौआर को बताया कि अस्पताल परिसर में लगे आक्सीजन प्लांट से लाखों रूपये के उपकरण चोरी हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही अधीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि आक्सीजन प्लांट में ताला लगा हुआ है। ताला खोलवाने पर देखा कि एमओपी बाक्स की सारी पीसीएल बोर्ड, सर्वो स्टेबलाइजर, एयर प्रेशर, आक्सीजन प्लांट की वाल्व, मफलर सहित अन्य उपकरणों की चोरी हुई है। अधीक्षक डा. वेंकटेश मौआर ने बताया कि इस प्लांट के देखरेख की जिम्मेदारी फार्मासिस्ट अशोक कुमार के पास है।

आशंका जाहिर किया कि इस घटना में किसी अस्पताल कर्मी की बिना संलिप्तता के चोरी की घटना संभव नहीं है। क्योंकि मौके पर प्लांट का ताला लगा हुआ था और चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले रिंच, पन्ने और स्क्रुड्राइवर मौके छोड़ रखा था, ताकि अभी और उपकरण की चोरी की जा सके। अधीक्षक ने बताया कई दिनों से चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। आक्सीजन प्लांट से लगभग पांच लाख रुपए मूल्य के उपकरण चुरा लिए गए हैं, लेकिन प्लांट में लगा ताला-चाभी सुरक्षित है।

> प्रार्थना पत्र मिला है। प्रथम दृष्टया अस्पताल कर्मियों की संलिप्तता देखी जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
>
> **योगेन्द्र प्रताप सिंह, एसएचओ, बांसडीह**

# कार के धक्के से बाइक सवार दो युवक घायल

एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर भेजवाया

**सिकंदरपुर।** नगरा मार्ग पर डकिनगंज चट्टी के समीप ब्रेजा कार के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें एक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के उससा गांव निवासी ऋषिकेश 25 वर्ष पुत्र उदय नारायण व प्रदीप कुमार 21 वर्ष पुत्र भुवाल राम गांव मोहरो एक ही बाइक पर नगरा जा रहे थे, अभी वह डकिनगंज चट्टी के समीप पहुंचे ही थे कि नगरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक में धक्का मार दिया, जिससे दोनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर इकट्ठा लोगों ने तुरंत एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. ने ऋषिकेश को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# महिलाओं को उनके अधिकार और सुरक्षा की दी गई जानकारी

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध की रोकथाम और अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई को लेकर राज्य सरकार द्वारा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गई है। महिलाओं को उनके अधिकार और अपनी सुरक्षा की जानकारी देने के उद्देश्य से मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस सर्किल के खैराबाद चैकी पर मंगलवार को चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल में पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ साइबर अपराधों के रोकथाम को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, और नारी स्वावलंबन है। सभी महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी और उनके खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही को लेकर मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने मौजूद महिलाओं से कहा कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में वह महिला रिपोर्टिंग चैकी और महिला हेल्प डेस्क पर घटना की जानकारी दे सकती हैं। साइबर सेल के माध्यम से महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए महिला साइबर सेल की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से महिलाओं के खिलाफ सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से किए गए अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि महिलाओं के सुरक्षा के लिए शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, आदि का गठन किया गया है। हर थाने में महिला पुलिस अधिकारी मौजूद होती हैं। अपराध की सूचना दर्ज कर पीड़ित महिलाओं को टोकन दिया जाता है और प्रभावी कार्यवाही की जाती है। चैपाल में मौजूद सैकड़ों महिलाओं में से कुछ ने अपने शिकायतें और समस्याएं भी दर्ज कराया। कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप महिलाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हर योजना से लाभान्वित करना है।



इसी उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित किए जारहे हैं। इस अवसर पर खैराबाद चैकी इंचार्ज आदर्श श्रीवास्तव मुहम्दाबाद गोहना कस्बा चैकी इंचार्ज गंगाराम बिंद सहित साइबर सेल की महिला आरक्षी सरिता बानों, प्रिया सिंह, काजल सिंह, पूजा यादव, शीलू शुक्ला और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# युवती का अपहरण कर दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी युवक के खिलाफ बैरिया पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसके साथ ही युवती को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को मिश्र के मठिया गांव निवासी रजनीश कुमार यादव उर्फ बड़क पुत्र स्व.धर्मनाथ यादव पांच जून को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर रेवती ले गया।

आरोप है कि वहां एक महिला के घर में रख कर कई दिनों तक शारीरिक संबंध बनाया। अब शादी से इनकार कर रहा है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर मंगलवार को आरोपी के खिलाफ धारा 366 व 376 आईपीसी का मुकदमा दर्ज किया गया है। युवती को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार लिया जायेगा।

कार्रवाई

## युवती की तहरीर पर मंगलवार को आरोपी के खिलाफ धारा 366 व 376 आईपीसी का मुकदमा दर्ज



# परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण ढंग से करायें संपन्न : जिलाधिकारी

बैठक

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2023 को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बैठक संपन्न

**मऊ।** मंगलवार जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 को नकल विहीन एवं सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु समस्त जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि 15 जून को होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 दो पारियों क्रमशः 9 से 12 एवं 2 से 5 के बीच संपन्न होगी।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 हेतु जनपद में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर 7200 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक 2 परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र प्रतिनिधि/सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है।



इसके अलावा परीक्षा को नकल विहीन एवं सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तीन जोनल मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर, घोसी एवं मोहम्मदाबाद की भी तैनाती की गई है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जोनल, सेक्टर एवं एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही वहां पर उपस्थित समस्त केंद्र व्यवस्थापको को शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परीक्षा को नकल विहीन एवं सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी जिलाधिकारी द्वारा दी गई। उन्होंने जनपद के बाहर के परीक्षार्थियों की अनुमानित संख्या की जानकारी लेते हुए एआरएम एवं एआरटीओ को यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर महिला परीक्षार्थियों की तलाशी हेतु उन्होंने केंद्रों पर एंक्लोजर बनाकर महिला पुलिसकर्मियों की सहायता से तलाशी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती करने के साथ ही कोषागार से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्रों की सुरक्षित पहुंच भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्र प्रतिनिधियों स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा के 1 दिन पूर्व ही परीक्षा केंद्र स्थलों का निरीक्षण कर लेने को भी कहा जिससे परीक्षा के सफल एवं सुचारु रूप से संचालन की समस्त व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं समस्त केंद्र व्यवस्थापक तथा पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी फेडरेशन लिमिटेड के विजय नारायण शर्मा सभापति व रामविलास चौहान बने उपसभापति



**मऊ।** जिला सहकारी फेडरेशन लिमिटेड मऊ का चुनाव साहित्य निकस सिंह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निर्वाचन अधिकारी व गिरजा शंकर मिश्र अपर जिला सहकारी अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें विजय नारायण शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सभापति व रामविलास चैहान उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही संचालक सदस्य के रूप में कोपागंज से अखिलेश तिवारी रतनपुरा से अनिल कुमार मोहम्मदाबाद से उमाशंकर सिंह परदहां से ग्रामती देवी दोहरीघाट से दिनेश घोसी से रविशंकर विशेष क्षेत्र से संगीता सिंह बड़राव से कंचन सिंह मऊ से संध्या गुप्ता तथा शासन से जय नारायण राय नामित हुए। इसके साथ ही सहकारी बैंक लिमिटेड के लिए पियूष साहनी व रीता देवी को नामित सदस्य भेजा गया। पीसीएफ के लिए अशोक कुमार सिंह व योगेंद्र को भेजा गया पीसीयू के लिए दिनेश व उमाशंकर सिंह को भेजा गया इफको के लिए सचिंद्र सिंह को भेजा गया। इस अवसर पर मनोज राय जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक विजय राजभर, गनेश सिंह, संजय पाण्डेय, आनंद प्रताप सिंह, सत्य मित्र सिंह, दिनेश गुप्ता, लक्ष्मी चैहान, अरुण कुमार, जगत सिंह, अंजनी सिंह, रामाश्रय मौर्य, नूपुर अग्रवाल, आनंद सिंह रैकवार, संजय पांडे, योगेश सिंह, राघवेंद्र राय, पीयूष साहनी सहित तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे संपन्न कार्यक्रम संपूर्ण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभागार से संपन्न हुआ।

# बिजली विभाग द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान, मचा हड़कंप

**इन्दारा, मऊ।** विद्युत उपकेंद्र अदरी क्षेत्र के गांवों में विभाग द्वारा मंगलवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में विद्युत चोरी का जुर्म करते पाए गए नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई जिससे बिजली चोरी करने वालो में हड़कंप मच गया। अदरी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता स्वामी नाथ के नेतृत्व में सबस्टेशन से जुड़े अलीनगर, खालिसपुर, इंदारा, शाहपुर गांव में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव में लंबे समय से बकायेदार कृष्णा तिवारी, हरिकेश कुमार, रबिन्द्र चैहान, रामबचन, महेंद्र गुप्ता, गीता देवी, लीलावती देवी, ओम पाल राजभर, सिंगारी देवी आदि लोग है। जैसे ही बिजली विभाग की टीम गांव में दस्तक दी तो खलबली मच का माहौल बन गया कई लोगों ने कटिया कनेक्शन उतारने का प्रयास किया लेकिन तब तक टीम ने उन्हें बिजली चोरी के आरोप में चिन्हित कर लिया टीम में तीन घंटा से अधिक समय तक चेकिंग अभियान चलाया अवर अभियंता स्वामी नाथ ने बताया कि चेकिंग अभियान में नौ लोग बिजली चोरी करते व बिल बकाएदार मिले इनके खिलाफ 138 बी में एफआईआर दर्ज करा दी गई है उन्होंने कहा कि बिजली चोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी चेकिंग अभियान जारी रहेगा। चेकिंग अभियान में लाइनमैन मोहम्मद असलम, टीजी2 सूर्यप्रताप सिंह आदि रहे।



# छत से गिरकर महिला घायल

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डूहा बिहरा गांव निवासी 40 वर्षीय महिला को मंगलवार की सुबह बंदर ने छत से धक्का दे दिया, जिससे महिला छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। आस-पास मौजूद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार डूहा बिहरा गांव निवासी रूबी उम्र 40 वर्ष पत्नी हदीस मंगलवार की सुबह छत पर किसी कार्यवश गयी थी, इसी दौरान बंदर ने उसे छत से धक्का दे दिया, जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयी।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने के लिए बैठक संपन्न

**बलिया।** बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023-25 के लिए बैठक का आयोजन जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा 15 जून को ही होने वाली है अतः कुछ अभ्यर्थी जिनका सेंटर जनपद में होगा वे अभी से जनपद में आने लगेंगे। इसके मद्देनजर रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड पर व्यवस्था की जाए साथ ही कुछ इंटर कॉलेजों में अभी से कमरों की साफ-सफाई कर ली जाए, जिससे कि वहां जरूरतमंद अभ्यर्थी रुक सके। वहां पर बिजली और पानी की व्यवस्था रखी जाए। परीक्षा के दौरान कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उन पर निगरानी रखी जाए। बैठक में परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल की टीम मौजूद रहेगी। साथ ही अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए परीक्षा की सामग्री को नियत समय पर खोलने तथा नियत स्थान पर ही संग्रहित करने का निर्देश दिया गया। बीएड परीक्षा के संचालन हेतु केंद्र प्रतिनिधियों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्यवेक्षकों को दिशा निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र उसकी एक फोटो युक्त प्रति तथा वैद्य फोटो के साथ ही प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जाएगा। परीक्षा देते समय अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। परीक्षा 19 केंद्रों पर संचालित की जाएगी, जिसमें 8428 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।



बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, एडीएम सीआरओ, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. उमेश कुमार, डॉ. संजय सिंह, नोडल अधिकारी, कुलसचिव जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय एसएलपाल, उप नोडल अधिकारी डॉ. बीएन पाण्डेय, नोडल समन्वयक डॉ. अरविंद नेत्र पांडेय, उप नोडल समन्वयक डॉ. अजय कुमार चैबे उपस्थित रहे।

# ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## ताड़ीघाट बारा हाईवे में चौड़ी दरार के कारण हुई घटना

**सुहवल।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव के समीप बिहार को जोड़ने वाली ताड़ीघाट बारा हाईवे पर बीते देर रात्रि को एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना एनएच विभाग की लापरवाही के चलते हाइवे के चौड़ी दरार के कारण हुई। दरार में बाइक सवार का पहिया चला गया।

जिससे वह गिरकर घायल हो गया। खून से लथपथ गिरे पड़े युवक को देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान में जुट गई। काफी प्रयास के बाद उसके पाकेट से मिले आधार के जरिए उसकी पहचान मोहम्मद शकील राइनी पुत्र मोहम्मद फकीर उम्र करीब 41 वर्ष निवासी शेखपुर रजदेपुर देहाती थाना कोतवाली के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मोहम्मद शकील राइनी किसी काम से गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव स्थित अपने ससुराल जा रहा था। उन्होंने बताया कि उसे जाने के लिए मना किया गया था। परिजनों ने किसी दूसरे दिन चले जाने को कहा था। लेकिन वह जल्दी आने की बात कह बाइक लेकर घर से निकल पड़ा। थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मु. शकील राइनी।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट

**जखनियां।** कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत अलीपुर मदरा गांव के चांदपार गांव में दारू के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और ईट पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों को गंभीर चोटें लगी है। मामला चांदपार गांव के पुतुल पुत्र केदार, पुतुल अरमान पुत्र मुन्ना व दूसरे पक्ष के चिल्लर गुड्डन चंदन सहित परिवार के लोगों को भी चोटें आई है। दोनों पक्ष कोतवाली भुड़कुड़ा में तहरीर दिए हैं। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्ष का मेडिकल कराकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### रिटायर्ड फौजी का सड़क किनारे मिला शव, सनसनी

**जखनियां।** कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत चौजा पुल के पास मंगई नदी के किनारे पूर्व फौजी की रहस्यमई परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसका शव सड़क के किनारे पाया गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिरनो थाना क्षेत्र के चिलार गांव निवासी रामेश्वर यादव पुत्र माधव यादव 58 वर्ष का शव सोमवार की रात चौजा पुल के पास सड़क के किनारे मिला। मृतक के बड़े पुत्र अविनाश यादव ने भुड़कुड़ा थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उनके पिता रामेश्वर यादव फौज से रिटायर होने के बाद सोनभद्र जिले में प्राइवेट नौकरी कर रहे थे। इस समय वह छुट्टी लेकर घर आए थे। सोमवार को सुबह वह तहसील में अपने निजी कार्य से आए हुए थे। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर घरवालों ने ढूंढना शुरू किया। जिनका शव बीती रात नदी के किनारे पाया गया। प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि रात में सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर थाने लाया गया। सुबह शिनाख्त होने के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घटना का पता लगाया जा रहा है।

# एसपी ने महिलाओं को किया जागरूक


डीलिया गांव में बच्चियों को जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** क्षेत्र के डीलिया पंचायत सचिवालय भवन पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने गांव की बच्चियों तथा महिलाओं को *मिशन शक्ति* नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के बारे में जागरूक किया। एसपी ने बच्चियों एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने पर बल दिया। महिला संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1090,1076,1098, 181,112,102 और 108 के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इन नंबरों पर आपकी शिकायत सुनने के लिए महिला कर्मी को ही नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर,थानाध्यक्ष कोतवाली तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहें।

## संक्षेप

### पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए डीएन सिंह



**गाजीपुर।** डीएन सिंह ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जो सीमित साधनों में भी महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम थे। उन्होंने आजीवन सामाजिक मूल्यों का पालन करते हुए कर्मचारी हितों के लिए आदर्श मानदंडों और ईमानदारी को प्राथमिकता दी। वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत व अनुकरणीय हैं। यह कहना है पूर्व सहायक अभियंता और वरिष्ठ नागरिक अरविन्द नाथ राय का। वे मंगलवार को फुल्लनपुर स्थिति आवास पर डीएन सिंह की आठवीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि डीएन सिंह की ओर से स्थापित आदर्श मानदंडों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने डीएन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उन्होंने कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर अशोक कुमार उपाध्याय, अभय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, गायत्री सिंह, नारायण उपाध्याय, श्वेता सिंह, राजवीर सिंह, आशुतोष पाण्डेय, रविन्द्र नाथ तिवारी, रत्नेश कुमार राय, हिमांशु राय, आलोक कुमार सिंह, दीनानाथ, श्रीनिवास चौबे आदि मौजूद रहे।

### तहसील भवन नहीं बनने से अधिवक्ताओं में रोष

**कासिमाबाद।** तहसील कासिमाबाद के सेंट्रल बार एसोसिएशन एवं तहसील बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक पूर्व अध्यक्ष तहसील बार एसोसिएशन संजय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस भीषण गर्मी में एवं लू के कारण वादकरियों एवं अधिवक्ताओं का बुरा हाल है। तहसील की स्थापना व संचालन के छह वर्ष बाद भी तहसील भवन नहीं बन पाया है। इसके पीछे अधिकारियों की लापरवाही होने के कारण अब तक तहसील के नाम से आवंटित भूमि का नामांतरण खतौनी में नहीं हो सका है। नामांतरण नहीं होने से राजस्व परिषद से तहसील भवन के लिए धन आवंटित नहीं हो पा रहा है। इस भीषण गर्मी में आलम यह है कि अधिवक्ताओं को बैठकर काम करने के लिए सोचना पड़ रहा है। इसलिए सभी अधिवक्ता गण सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 17 जून तक समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस बैठक में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी ,सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, नीलगगन, रमेश कुमार ,आलोक कुमार दुबे, अर्चिता, शेषनाथ सिंह ,प्रेमसागर, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार,पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह, योगेंद्र यादव, नवीन वर्मा,कमलेश यादव,चंद्रशेखर पाण्डे,अफजाल अहमद,नागेंद्र आदि मौजूद थे।

### रोडवेज बस का संचालन बंद, परेशान हो रहे यात्री

**गहमर।** नेशनल हाईवे 124 सी ताड़ीघाट-बारा मार्ग रोडवेज बसों का संचालन लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों को गाजीपुर जिला मुख्यालय आने जाने के लिए निजी सवारी वाहनों में दोगुना किराया देकर आवागमन करना पड़ रहा है। ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे पर रोडवेज बसों का संचालन बंद है। इससे लोगों को आवागमन करने के लिए प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसका फायदा निजी सवारी वाहन संचालक जमकर उठा रहे हैं। क्षेत्र के गहमर, बारा, करहिया, खुदरा पथरा, शेरपुर गदाईपुर, देवकली, पिपरोली, बसुका, सेवराई, हथौरी, पचौरी, बकैनिया, केशोपुर, मनिया से प्रतिदिन सैकड़ों लोग जिला मुख्यालय आते-जाते हैं। लंबे समय से रोडवेज बसों का संचालन बंद होने से लोगों को जिला मुख्यालय आने जाने के लिए निजी सवारी गाड़ियों से आवागमन करना पड़ रहा है। निजी सवारी संचालक गाड़ियों में सीट से अधिक सवारी बैठा रहे हैं। इससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो रहे हैं। लोगों ने ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे मार्ग पर रोडवेज बसों के संचालन की मांग की है। पूर्व प्रधान गहमर मुरली कुशवाहा ने कहा कि बारा-ताड़ीघाट नेशनल हाईवे मार्ग पर गहमर से जिला मुख्यालय तक इन दिनों निजी वाहनों के अलावा और कोई साधन नहीं है। सनातन भैरव सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय उर्फ मुन्ना बाबा ने कहा कि गहमर से गाजीपुर जाने के लिए लम्बे समय से रोडवेज बसों का संचालन नहीं हो रहा है। ऐसे में दोगुना मूल्य देकर आवागमन करने के लिए विवश होना पड़ता है।

### आज भारत से सीख रही पूरी दुनिया

**बिरनो।** प्रधानमंत्री के नौ साल कार्यकाल पूर्ण होने पर जंगीपुर विधानसभा के हरहरी गांव स्थित शंभू नारायण महाविद्यालय में सयुक्त मोर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लोक सभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बना है। गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। मुद्रा लोन जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से व्यापारियों को व्यापार के क्षेत्र में सहयोग देने की पहल सरकार ने किया है । डिफेंस कारिडोर के निर्माण से देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। सरकार जनधन योजना के माध्यम से गरीबों का खाता खोली है। सुशील उपाध्याय ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से सरकार गरीबों का मुफ्त में उपचार कर रही है। सरकार रेहड़ी तथा पटरी पर काम करने वाले मजदूरों को बिना गारन्टर लोन देने का काम कर रही है। आज पुरी दुनिया भारत से सीख रहा है । अमेरिका का राष्ट्रपति भारत के प्रधानमन्त्री से ऑटोग्राफ मांगते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पुर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू,किरण सिंह ,ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, रामनरेश कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह,अभिमन्यु सिंह मन्नू, मनोज सिंह, राकेश यादव ,रामलाल सिंह घूरा, अवधेश राजभर, संकठा मिश्रा व जिला पंचायत सदस्य शैलेष राम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जखनियां।** भुड़कुड़ा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त अरविंद यादव उर्फ डबल यादव पुत्र शिवदास यादव को उसके गांव दामोदरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। उसके ऊपर लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोप है, जिसकी काफी समय से तलाश थी।

# जेसीबी से पोखरे की खुदाई प्रधान ने की युवक की पिटाई

**जखनियां।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के तालगांव बोझवा के ग्राम प्रधान ने समर्थकों के साथ एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तालगांव बोझवा ग्राम प्रधान मंगलवार की सुबह जेसीबी से पोखरे की खुदाई करा रहे थे। इस बीच गांव का युवक चंद्रभान राजभर घर से जाही की तरफ जा रहा था। जेसीबी से पोखरे की हो रही खुदाई को वह खड़ा होकर देखने लगा। जिसके बाद ग्राम प्रधान सहित समर्थकों को लगा कि वह जेसीबी का वीडियो बना रहा है। ग्राम प्रधान और समर्थक आग बबूला हो गए और चंद्रभान राजभर की जमकर पिटाई कर दिया। उन लोगो का कहना था कि यह बार बार गांव में हो रहे कार्यों की जांच करता है। मारपीट के बाद महिलाओं के साथ चंद्रभान राजभर थाने पहुंचा और चार नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान मनरेगा में काम न देकर जेसीबी से कराता है। कोतवाल तारावती ने बताया कि दोनो तरफ से तहरीर मिली थी, लेकिन दोनों लोगों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है।

### अज्ञात लोगों ने की युवक की पिटाई

**जखनिया।** स्थानीय स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर लाइन में लगे युवक को सोमार की रात में अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत जितेंद्र यादव पुत्र केदार यादव निवासी कवला जखनिया अपने पुत्र रोहित यादव के साथ सोमवार की रात आरक्षण काउंटर पर टिकट के लिए लाइन लगाया हुआ था। उसी समय रात में करीब ग्यारह बजे तीन चार लोग पहुंचे और उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया। सुबह जितेंद्र यादव अपने पुत्र रोहित के साथ कोतवाली पहुंचे और अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि मामला जानकारी में है। युवकों की पहचान की जा रही है।

## तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**नंदगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदगंज रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पच्छिमी रैक के पास मंगलवार को सुबह 10:45 पर पुलिस ने अपराधी प्रवृत्ति के एक युवक को एक नाजायज तमंचा तथा एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके आर्म्स एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना उपनिरीक्षक मंशा राम गुप्ता व हमराही चन्द्रजीत यादव मंगलवार को सुबह नंदगंज शादियाबाद मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर नंदगंज रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पच्छिमी रैक के पास से अपराधी प्रवृति के रोहन यादव 21 वर्ष पुत्र अशोक यादव मूल निवासी सरैया थाना करण्डा तथा हाल पता ग्राम दवोपुर, थाना नंदगंज को एक नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि अभियुक्त रोहन यादव अपराधी प्रवृत्ति का है। नंदगंज थाना में उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कुल चार मुकदमें पंजीकृत है।

# संचालित हो रहे बिना नंबर वाले दस हजार ट्रैक्टर

### निर्माण सामग्री से लेकर बालू ढुलाई तक के काम में किया जा रहा इस्तेमाल


बिना नंबर प्लेट का गुजरता ट्रैक्टर-ट्राली।

**गाजीपुर।** जिले में बिना नंबर के चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली सुरक्षित यातायात के लिए खतरा बने हुए हैं। इसके बावजूद परिवहन विभाग इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि फोरलेन से लेकर अन्य मार्गों पर आए दिन ऐसी ट्रैक्टर ट्रॉलियां निर्माण सामग्री और अन्य सामान ढोते नजर आते हैं। परिवहन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार यहां 10 हजार से अधिक वाहनों से नंबर प्लेट गायब है। जिले में ट्रैक्टर ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं। इनमें तकरीबन 70 फीसदी की नंबर प्लेट गायब है। यही नहीं कुछ ट्रैक्टरों पर तो सिर्फ जिले का कोड लिखकर काम चलाया जा रहा है खेत से लेकर बाजार तक यह ट्रैक्टर व्यावसायिक उपयोग के लिए चल रहे हैं। इन पर न तो प्रशिक्षित चालक हैं, और न ही इनकी फिटनेस की कोई गाइड लाइन विभाग के पास है। कारण यह है कि सभी ट्रैक्टर का पंजीकरण सिर्फ कृषि कार्य के लिए जारी हुआ है, जिनकी फिटनेस की कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। भट्ठों से लेकर मिट्टी व गिट्टी ढोने वाले इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में कई तो ऐसे हैं जो एक ही वाहन स्वामी के लिए ढुलाई करते हैं, लेकिन अभी तक कार्रवाई से बचे हुए हैं। इस तरह के ट्रैक्टर ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों व नदी के बालू खदानों के घाटों के अलावा शहर के बाईपास मार्ग, रौजा, लंका चुंगी, बंसीबाजार, भुतहियाटाड आदि स्थानों के पास देखे जा सकते हैं।

> बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रालियों की होगी जांच, कार्रवाई जल्द ही अभियान चलाया जाएगा और बिना नंबर व अवैध रूप से चल रहीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **श्रीराम सिंह, एआरटीओ**

# सरकार के दावे तमाम, ओवरलोड वाहनों पर नहीं लगाम

### ओवरलोड वाहनों को लोकेशन देता है 'दबंग दलाल'

**गाजीपुर।** योगी सरकार में भी ओवरलोड वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। वाहन चालक नंबर प्लेट पर लिखे नंबर के साथ छेड़छाड़ और कुछ बिना नंबर के ही सरेआम सड़कों पर फर्राटा भर रहें है। लगाम लगाने वाले अधिकारी जांच पर जांच करते रहते है। मगर यहां जिले में ओवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से चल रहा है। बतादें, करीब दो दशक से बिरनो थाना के पास ही मंडी लगाकर गिट्‌टी बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा था। जिसका जनसंदेश टाइम्स में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद अब मंडी बिरनो थाना क्षेत्र निवासी चर्चित दलाल पिता पुत्र द्वारा सरायबंदी स्थित टोल प्लाजा के पास लगवाया जा रहा है। जहां सुबह से चार बजे से ही ओवरलोड ट्रकों का आवागमन शुरू हो जा रहा है। जबकि संबंधित अधिकारी इस अवैध कारोबार से अपने को अंजान बता रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि यह बड़े स्तर पर अवैध धंधा बिना अधिकारियों की सहमति से संभव नहीं है।

दलाल की बात करें तो इस धंधे में अपनी खुद की आधा दर्जन ट्रक को लगाया है।



### दलाली के जरिए गाजीपुर सहित महानगरों में बनाई बेनामी संपत्ति

#### बिना नंबर के ट्रकों का संचालन

जिले में मिर्जापुर,वाराणसी, चंदौली, सौनभद्र सहित अन्य जिलों से ओवरलोड वाहनों का काफिला प्रतिदिन चक्कर लगाता है। इन सभी गाड़ियों में डम्फर से लगायत 12 ,16,18 और 20 चक्का ट्रक देखे जा रहें है। किसी ट्रक के आगे पीछे वाहनों पर नंबर नहीं है और वहीं कई वाहनों के नंबर के साथ छेड़छाड़ किया गया है। बताया जा रहा है कि चंदौली में आनलॉइन चालान के भय से यह अपना नंबर प्लेट हटा दिए है।

### अवैध मंडी संचालक ने खुद इस धंधे में लगाया है अपना आधा दर्जन वाहन

#### मरदह, बिरनो और हंसराजपुर में दलालों का जमावड़ा

बताया जा रहा है कि यह ओवरलोड वाहनों को मोबाइल के जरिए अधिकारियों के आने जाने का लोकेशन भी देता रहता है। अराजी ओड़ासन गांव निवासी दबंग दलाल के बारे में क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अवैध मंडी के जरिए बेशुमार दौलत बनाई है। इस दलाल के अपने खुद के आधा दर्जन ट्रक भी है। इसके अलावा कई बेनामी संपत्ति बनाई है। वहीं ओवरलोड वाहनों का काफिला मरदह के महेंगवा चट्‌टी , कैथौली तथा हंसराजपुर बाजार के आस पास देखने को मिलता है।

> एआरटीओ के सहयोग मांगने पर हमेशा पुलिस उपलब्ध है। एआरटीओ राम सिंह का कहना है कि विभागीय अधिकारी लगातार ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर चेकिंग कर रहें है। उनका चालान भी काट रहें है। उन्होंने बताया कि हम भी समय समय पर चेकिंग करते रहते है। शासन के नियमानुसार ही कार्य होगा।
>
> **पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह**

> **एसडीएम प्रतिभा मिश्रा** ने ओवरलोड वाहनों के संचालन पर कहा कि जल्द उसे दिखवाती हूं। साक्ष्य के तौर पर एसडीएम के सरकारी व्हाट्सएप नंबर पर कुछ वाहनों का फोटो भी भेजा गया।

# सात सूत्री मांग को लेकर कर्मचारियों की पद यात्रा


मुहम्मदाबाद में पत्रक सौपतें सफाई कर्मचारी।

**गाजीपुर।** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई मोहम्मदाबाद, भांवरकोल, बाराचवर, व कासिमाबाद द्वारा संयुक्त रूप से तहसील स्तरीय विभागीय सेवा नियमावली, पदोन्नति, पुरानी पेंशन अधिकार पदयात्रा कर पीएम-सीएम को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद को सौंपा गया। पदयात्रा का नेतृत्व मोहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष कन्हैयालाल राम, भावरकोल ब्लॉक अध्यक्ष हंसराज कुशवाहा, बाराचवर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार यादव एवं कासिमाबाद ब्लाक अध्यक्ष विशाल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।

जिलाध्यक्ष रोशनलाल कहा कि हम लोगों की सात सूत्रीय मांगे जायज हैं। यदि हमारी मांगों का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं प्रारंभ किया जाता है।

तब सफाई कर्मचारी 19 जून को विकास भवन से कचहरी तक विशाल पदयात्रा करेंगे।

# झुलसा रही धूप, 44 डिग्री के पार पहुंचा तापमान


धूप के बीच स्टाल ओढ़कर गुजरती युवतियां।


सुबह दस बजे सूना पड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग।

**गाजीपुर।** मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस आंका गया। वहीं न्यूनतम पारा में भी लगभग दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान चेहरे को झुलसा देने वाली गर्म हवा बह रही थी। मौसम वैज्ञानिक इसी ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ते प्रभाव का असर बता रहे है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आलोक का कहना है कि जून का तीसरा सप्ताह खत्म होने तक जिले में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। फिलहाल पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून आने में अभी देरी है। मानसून के बाद ही भीषण गर्मी और उमस से राहत मिलेगी।

**मौसम का कहर**

### चिलचिलाती गर्मी ने किया बेहाल, उमस भरी गर्मी से राहत के आसार नही

### हरसंभव जतन किए गर्मी से बचने के

मंगलवार को रिकॉर्डतोड़ गर्मी रही। दिन के तापमान ने पिछले सभी दिनों का भी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। ऐसे में लोग घरों से जरूरी कामों को लेकर निकले तो जरूर, लेकिन हरसंभव उपाय अपनाए। कोई मुंह पर अंगोछा बांधकर निकला तो लड़कियों व महिलाओं ने स्कार्फ बांध लिया ताकि धूप से बचा जा सके। सड़कों पर भी लोग शीतल पेय आदि का सहारा लेते दिखे। गर्मी का आलम ये रहा कि लोगों ने इस बात की भी चिंता नहीं कि खुले में बिकने वाले ये पेय पदार्थ उनकी सेहत को भी बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में इन दुकानों पर खासी भीड़ रही।

### बेजुबान पशुओं का भी रखें ख्याल

तल्ख धूप व तापमान के बढ़ते असर को देखते हुए बेजुबान पशुओं का भी ख्याल रखना जरूरी है। पशु-चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार ने कहा कि पशु पालकों को चाहिये कि समय-समय पर वे उन्हें पानी पिलाना न भूलें। बल्कि, सुबह-शाम तकरीबन 10 लीटर पानी में गुड़ घोलकर उन्हें पिलाएं। जिन लोगों ने शंकर नस्ल की गाय पाल रखी हैं, वे शाम के समय खुरैरा कर उन्हें स्नान कराएं।

### भीषण गर्मी में रुला रही बिजली कटौती

**पावर कट से पेयजल का भी संकट**

**गाजीपुर।** जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की मुश्किलें भी बढ़ रही है। गर्मी के बीच बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। बिजली कटौती की वजह से पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। बढ़ती गर्मी के बीच नगर में बिजली संकट को लेकर हाहाकार की स्थिति है। कहीं तार टूटकर गिर रहा है तो कहीं ओवरलोड ट्रांसफार्मर जल रहा है।उपभोक्ताओं ने पॉवर कार्पोरेशन के कर्मचारियों व अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू किए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नतीजा कि पूरी रात भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को करवट बदलकर गुजारनी पड़ रही है। सुबह उम्मीद थी कि गड़बड़ी दूर कर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। ऐसे में तपिश बढ़ने के साथ ही तेज गर्मी में उपभोक्ता काफी परेशान हो रहे हैं। रौजा उपकेंद्र की करीब 80 हजार की आबादी भीषण गर्मी से जूझते हुए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को कोसती नजर आई। जबकि पीरनगर उपकेंद्र,प्रकाशनगर उपकेंद्र से बिजली सप्लाई बुरी तरह से बेहाल रही। पूरी रात लोगों को भीषण कर्मी का सामना करना पड़ा।

#### नहीं हो रही सुनवाई

फुल्लनपुर निवासी दीनानाथ तिवारी ने कहा कि शासन द्वारा जो हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है उस पर भी शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा अधिशाषी अभियंता से लेकर अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी फोन किया। सभी ने सिर्फ जल्द गड़बड़ी दूर करने का आश्वासन ही दिया। आरोप लगाया कि लगभग हर सप्ताह ऐसी गड़बड़ी होती है।

#### ट्रिपिंग ने बढ़ाई मुश्किल

बीकापुर निवासी बालेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती के साथ बार-बार ट्रिपिंग की समस्या हो रही है। ऐसा जर्जर हो चुके उपकरणों के चलते हो रहा है। फतेहपुर सिकन्दर निवासी राजीव कुमार सिंह व शिवम यादव ने कहा कि बिजली आने-जाने का कोई समय ही नहीं रह गया है। बार-बार बिजली कटने से कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही हैं।

# किसान-व्यापारियों को मिलेगा कर्जः सीडीओ



**गाजीपुर।** जिला सलाहकार समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं ऋण जमानुपात वृद्धि समिति हेतु विशेष उपसमिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, ऋण जमानुपात,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार, पीएम स्वनिधि, पीएम एफएमई, एक जनपद एक उत्पाद योजना, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में वार्षिक ऋण योजना तथा ऋण जमानुपात पर विस्तृत चर्चा की गयी साथ ही साथ अध्यक्ष द्वारा ऋण जमानुपात बढ़ाने हेतु किसानों व उद्यमियों को अधिक से अधिक ऋण देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से अनिवार्य रूप से आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया तथा शासकीय योजना संबन्धित आवेदनों को अकारण अस्वीकृत ना करने का निर्देश दिया। बैठक परियोजना निदेशक राजेश यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक पीयूष सिंह परमार , आरबीआई के अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, डीडीएम नाबार्ड सुशील कुमार, यूनियन बैंक के उप क्षेत्र प्रमुख आशीष कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित रहे ।

# शिव प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने के मामले में सभी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने किया घटना का अनावरण

**जनसंदेश न्यूज**


मुबारकपुर थाने में गिरफ्तार आरोपी।

**आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कस्बा मुबारकपुर में हिन्दू धर्म के देवता शिव जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर घटना का अनावरण कर दिया।

सोमवार को रोडवेज मुबारकपुर चौराहा स्थित हिन्दू धर्म के शिव जी की प्रतिमा को अज्ञात अभियुक्तों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। उक्त घटना के सम्बन्ध में अंकित जायसवाल पुत्र संजय जायसवाल निवासी पुरानी बस्ती रोडवेज मुबारकपुर की तहरीर के आधार पर अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। उक्त घटना स्थल का पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा निरीक्षण कर तत्काल अनावरण हेतु थाना प्रभारी मुबारकपुर राजेश कुमार को निर्देशित किया था। मंगलवार को उपरोक्त पंजीकृत अभियोग की विवेचना के क्रम में घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की सघन जांच पड़ताल एवं सूत्रों के माध्यम से सूचना संकलन के आधार पर अभियुक्तगण 6 अभियुक्त व 2 अपचारी अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। जिसमें अनिशुर्रहमान पुत्र मो.एकराम, मो. इसहाक पुत्र अब्दुल कलाम, अहमद जेया पुत्र गुलाम रसूल, कासिम पुत्र अब्दुल कादिर, विशाल पुत्र अशोक कुमार, अबु तलहा पुत्र इरशाद निवासीगण ग्राम बलुआ नेवादा थाना मुबारकपुर व 2 किशोर निवासीगण ग्राम बलुआ नेवादा शामिल थे। मुखबिर की सूचना पर टड़िया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, परेशानी

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** जून माह में भीषण गर्मी ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। दोपहर को ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो, सड़कें लोगों से रिक्त हो जाती हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबके रहते हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। यानी अभी गर्मी से राहत के कोई आसार नहीं है।



इस बार गर्मी ने पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। आने वाले दिनों में दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने के आसार हैं।

भीषण गर्मी व तेज धूप के साथ-साथ लू भी चल रही है जो बहुत ही घातक साबित हो सकती है। लू खास तौर पर बच्चों व बुजुर्गों के लिए मुसीबत से कम नहीं है। बच्चों व बुजुर्गों पर ही इसका सबसे ज्यादा और जल्दी असर होता है। डॉ. शिवाजी सिंह के मुताबिक गर्मी में दोपहर के समय खासकर 12 से चार बजे तक तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तेज गर्मी में धूप के सीधे संपर्क में आने से बच्चों में लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में अगर सावधानी से काम लिया जाए, तो बीमारियों से बच्चों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लू लगने के लक्षणों में उल्टी-दस्त, शरीर तेज गर्म होना, आंखों का रंग पीला पड़ना व पेशाब पीला आना प्रमुख हैं। इस दौरान भूख कम लगती है और शरीर में कमजोरी आ जाती है।

## संक्षेप

### केजरीवाल के हाथों सम्मानित हुई अंजू



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद ब्लैक पाटरी उद्योग की उद्यमी अंजू देवी प्रजापति पत्नी अंगद प्रजापति को मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंजू देवी को उद्योग विभाग द्वारा यह सम्मान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार हस्तशिल्प पुरस्कार 30 हजार का चेक अंगवस्त्र मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया है। अंजू देवी ने बताया कि हमने निजामाबाद कि मिट्टी का मटका बनाया था।

### अधिकारियों, कर्मचारियों ने सीखा योग



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक प्रांगण में मंगलवार को योग प्रशिक्षण के अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को योग सिखाया गया। प्रशिक्षण के बाद ब्लाक कर्मी गावों में एक सप्ताह चलने वाले योग कार्यक्रम में योगासन करायेंगे। योग प्रशिक्षक मंजय यादव ने अपने एक घंटे के प्रशिक्षण के दौरान योग के विभिन्न आयामों को बताते हुए योगासन कराने की पद्धति भी बताई। इस दौरान कर्मचारी भी मनोयोग से योग में हिस्सा लेते दिखे। प्रशिक्षण में मौजूद सफाई कर्मी, रोजगार सेवक सेक्रेटरी आदि योग दिवस कार्यक्रम के दौरान 15 से 21 जून तक गावों में योग कैंप के माध्यम से योग करायेगें। प्रशिक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी आराधना त्रिपाठी, राजनाथ तिवारी, खुशबू सिंह, अनिल मौर्य, पंचरतन सिंह, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

### पत्नी का हत्यारा पति गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना तरवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आपसी विवाद में पत्नी पर फावड़े से हमला कर हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। वादी सर्वेश सिंह पुत्र स्व.मुरली सिंह निवासी ग्राम खानपुर थाना जहानागंज द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि मेरी बहन आशा सिंह की शादी ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र स्व.उमेश सिंह निवासी टण्डवा खास थाना तरवां के साथ हुई थी। उसके पति ज्ञानेन्द्र सिंह जो आक्रामक स्वभाव का है मारता पीटता था। 11जून की रात्रि आपसी वाद-विवाद के दौरान फावड़े से सिर तथा गर्दन पर प्रहार कर हत्या कर दिया तथा घर के दरवाजे का ताला बन्द कर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में थी। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को ग्राम बेलहाडीह से अभियुक्त ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र स्व.उमेश सिंह को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। हत्या में प्रयुक्त रक्त रंजित हथियार एक फावड़े को अभियुक्त की निशादेही पर उसके घर से बरामद किया।

### इलाज के दौरान दुर्घटना में घायल छात्र की मौत

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के दाऊदपुर निवासी दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सतीश राजभर पुत्र श्रीराम राजभर निवासी दाउदपुर कक्षा आठवीं का छात्र था जो रविवार की शाम 7 बजे बागखालिस बाजार में स्थित मछली बेचने की दुकान से वापस घर जाते समय गांव के मोड़ पर जीयनपुर की तरफ से पीछे से आ रही अज्ञात बाइक सवार ने बाइक में धक्का मार दिया जिसमें सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था सोमवार की देर रात्रि इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। पिता श्रीराम ने जीयनपुर थाने पर अज्ञात बाइक के विरुद्ध तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तहसीलकर्मी पर लग रहा भ्रष्टाचार का आरोप

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर चल रहा है। अभी पिछले हप्ते अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर एक हप्ते तक कोर्ट का वहिष्कार किया था। लेकिन तहसील के फौजदारी जो कई सालों से यहां तैनात हैं, वह दस प्राइवेट आदमी हर सरकारी टेबल पर बैठाये हुए हैं जो जबरन हर फरियादियों से धन उगाही करते हैं। इंद्रजीत यादव निवासी शाहपुर हरैया थाना कप्तान गंज से जबरन फौजदारी बाबू के वसूलीकर्ता दो सौ रुपये लिए और कहे कि नही दोगे तो पुलिस से पकड़वाएंगे। उन्होंने कहा कि चाहे जहां जाओ इससे कम नहीं लेंगे। पीड़ित 50 रुपये दे रहा था तो उन लोगों ने कहा 100 रुपये फौजदारी बाबू का 50 हमारा 50 ऊपर तक जाता है तो पीड़ित ने अपने अधिवक्ता से पैसा उधार मांगा तो इस बात की जानकारी पूरे तहसील में फैल गयी। लेकिन उक्त प्राइवेट बाबू ने पैसा वसूल ही लिया। लेकिन मीडिया कर्मियों द्वारा इसका बीडीओ बनाकर सवाल पूछा गया क्यों पैसा वसूली कर रहे हैं तो उक्त बाबू ने लाईव पैसा वापस किया। इस प्रकार निजामाबाद तहसील में खुलेआम वसूली का धन्धा चरम पर चल रहा है।

### पानी के लिए तरस रहे ब्लॉक कर्मचारी

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक परिसर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ब्लाक कर्मचारी भीषण गर्मी में अपनी प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। ब्लाक पहुंचने वाले ग्रामीणों की दशा और भी दयनीय है। भीषण तपिस भरी गर्मी में पानी के लिए हर तरफ हाहाकार मचा है। पूर्व में सरकार के आदेश पर तहसील परिसर में ब्लाक अन्य सरकारी संस्थानों में मटके में पानी भरकर रखने का निर्देश हुआ था। पर किसी भी सरकारी कार्यालय में इस गर्मी में पानी भर कर नहीं रखा गया है। आम आदमी इन कार्यालयों में आगमन के दौरान पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहा है। सबसे अहम ब्लाक परिसर भी इससे अछूता नहीं है। ब्लाक कर्मी अपनी प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। ब्लाक परिसर में दो इंडिया मार्का हैण्ड पम्प लगा है एक में समरसेवल लग जाने से बन्द है। वहीं आवासीय परिसर में लगा हैण्ड पम्प पानी नहीं दे रहा है। एक वर्ष पूर्व लगा आरओ प्लांट भी खराब हो गया। ऐसे में ब्लाक के कर्मचारी पानी से प्यास नही बुझा पा रहे हैं। इस सम्बंध में खण्ड बिकास अधिकारी बाबू राम पाल ने बताया कि आरओ प्लांट की मरम्मत एवं इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर करने का निर्देश दिया गया है।

### योजनाबद्ध तरीके से होगा नगर पंचायत का विकास: चेयरमैन

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक मंगलवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशिल्या रामबदन कन्नौजिया की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिशासी अधिकारी सूर्यनाथ सरोज द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आसन ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात बैठक का संचालन करते हुए कार्यवाही को प्रारंभ किया गया। अशोक कुमार दुबे ने नव निर्वाचित सदस्यों द्वारा वार्डवार विकास कार्यों का प्रस्ताव मांगा। इस पर चर्चा करते हुए कस्बे को अतिक्रमण मुक्त करने, नगर स्थित पोखरों के सौंदर्यीकरण, जनहित में विद्युत पोलों पर लाइट लगाने, विकास से वंचित क्षेत्रों में नाली व खड़ंजा निर्माण, स्वच्छता के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर टूटी हुई डस्टबिन का स्थापन, कड़ाके की गर्मी में नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ विद्युत कटौती पर अंकुश के लिए सम्बंधित विभाग को अवगत कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। वार्ड नम्बर दो की सभासद सुनन्दा सिंह ने कहा कि टूटी नाली व नाला तत्काल मरम्मत कराया जाए साथ ही गौशाला से सम्पर्क मार्ग तक इंटरलॉकिंग कार्य व खज्जू श्मशान मार्ग पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर सभासद सुरजीत सिंह उर्फ कल्लू, सुनन्दा सिंह, कफील खां, मो.इरफान, संतोष यादव, रामअवध, मोहित सरोज, त्रिवेणी, गिरजा देवी, रीमा, शमा बानो आदि उपस्थित रहीं।

### संदिग्धावस्था में युवक की मौत

**लालगंज (आजमगढ़)।** मंगलवार को देवगांव के मेहनाजपुर रोड पर बस से उतरकर एक 35 से 40 वर्ष का शख्स अचानक गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को किसी बस से उतर कर एक शख्स मेहनाजपुर रोड पर आगे बढ़ा ही था कि अचानक गश खाकर गिर गया। स्थानीय लोग एंबुलेंस बुलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक केराकत थाना क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक उसकी मौत कैसे हुई स्पष्ट नहीं हो सका था। अस्पताल से प्राप्त समाचार के अनुसार उसके रिश्तेदार वहां पहुंच गए थे।

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**पवई (आजमगढ़)।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पवई से निर्गत 11 केवी बलईपुर फीडर पर 11 केवी जर्जर तार बदलने व बीच में पोल लगाने का कार्य कराने हेतु 14 जून को सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी उपखंड अधिकारी पवई द्वारा दी गई है।

# भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी जनता: इरफान

**फरिहां (आजमगढ़)।** हाल ही में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में आने वाला परिणाम देश को एक नई दिशा देने वाला रहा है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार जो अमीरों के हित में काम कर रही है उसे देश की जनता उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। उक्त बातें पीस पार्टी के प्रदेश प्रभारी इ.इरफान अहमद ने सोमवार को फरिहां गांव में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते इरफान

निजामाबाद तहसील क्षेत्र के फरिहां गांव के पूर्व प्रधान जावेद आलम के छोटे भाई नौशाद अहमद के शादी समारोह में शामिल होने आए पीस पार्टी के नेता ने नवविवाहित जोड़े को मुबारकबाद दिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी को लोगों के घर-घर जाकर पीस पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त पोलिंग बूथों पर बूथ अध्यक्ष एवं 11 सदस्यों की टीम बनाकर जनता के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनहित के कामों को पूरी तन्मयता के साथ करके मतदाताओं का दिल जीतने का प्रयास पार्टी कार्यकर्ताओं को करना होगा। आगामी लोकसभा चुनाव में पीस पार्टी अपने गठबंधन के साथ प्रदेश की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी जिसके लिए हमें अभी से पूरी ताकत के साथ आना होगा। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष डा.आसिफ खान, जावेद आलम फराही, जावेद एडवोकेट, मोहम्मद आसिफ, अबूजर आजमी, इमरान अहमद आदि उपस्थित रहे।

### एल्युमिनियम फास्फाइड व ईथाइल अल्कोहल से हुई थी आर्किटेक्ट की मौत

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बा में प्राचीन शिव मंदिर पर मुस्लिम आर्किटेक्ट का शव मिलने पर 5 महीने बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट आयी जिसमें एल्युमिनियम फास्फाइड व इथाइल अल्कोहल से मौत होने का उल्लेख है। बीते 31 दिसंबर शनिवार को अजमतगढ़ कस्बा के गुरु गोविंद नगर निवासी मुस्लिम आर्किटेक्ट फिरोज अहमद का घर से 50 मीटर दूर स्थित शिव मंदिर पर शव मिला था। परिजनों की मांग पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अजमतगढ़ चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया वही जीयनपुर पुलिस ने निशा कन्नौजिया पत्नी सत्येंद्र कनौजिया निवासी काजी डिघवनिया पर विवाहित प्रेमी की हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ तो वहीं पोस्टमार्टम के लिए शव उठाने से रोकने व पुलिस के साथ दुर्व्यवहार और परिजनों व कस्बा वासियों के हंगामा पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने आठ ज्ञात व डेढ़ सौ अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा 30 जनवरी को विधि विज्ञान प्रयोगशाला रामनगर वाराणसी जांच के लिए भेजी गई।

# पुलिस ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

**जनसंदेश न्यूज**


एसबीआई शाखा पर उपभोक्ताओं से पूछताछ करती पुलिस।

**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने यूबीआई व एसबीआई शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान एसबीआई की शाखा के मुख्य द्वार पर प्रवेश कर रहे लोगो के पासबुक की मिलान करने के बाद ही उपनिरीक्षक ने अंदर प्रवेश करने की अनुमति दी।

शनिवार व रविवार अवकाश होने की वजह से बैंकों में अधिकाधिक भीड़ की वजह से थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को उपनिरीक्षक अमित यादव यूबीआई व एसबीआई शाखा पर जा धमके। इस दौरान परिसर में अफरा तफरी मच गई। परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी के साथ-साथ पासबुकों के आधार पर चेहरे का मिलान किया। बिना पासबुक वाले बाहर जाने लगे तो लोगो को रोककर पूछताछ की। लोगों ने कहा कि सर्वर नहीं चल रहा है, जिसके वजह से बाहर जा रहे हैं। उपनिरीक्षक ने अपने हमराहियों से शाखा प्रबंधक से पूछताछ कराकर तसदीक कराने के बाद ही लोगो को छोड़ा। इस दौरान उपनिरीक्षक से पूछे जाने पर बताया गया कि शाखा में संदिग्धों व शाखा पर तैनात गार्डों की चेकिंग की गई जहां सब ठीकठाक पाया गया। कपिल मुनि पांडेय व अच्छे लाल यादव दोनो गार्ड ड्यूटी पर तैनात पाए गए।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार उपनिरीक्षक उमेश चंद यादव के नेतृत्व में नगर पंचायत के यूनियन बैंक, स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक में चेकिंग अभियान चलाकर बैंक के अंदर अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों को कड़ी फटकार लगाई गई। वही बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे, रजिस्टर व पुलिस कर्मियों की ड्यूटी आदि को जांचा गया। बैंक के अंदर लोगों को निर्देशित किया गया कि बैंक में यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। वही बैंक के बाहर खड़ी बिना नंबर प्लेट व बिना लॉक की गाड़ियों का चालान भी काटा गया। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने लोगों को सावधानी बरतने का निर्देश दिया।

# निर्माण कार्यों में तेजी लायें कार्यदायी संस्था : जिलाधिकारी

**बैठक**

### कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

**जनसंदेश न्यूज**


समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपए से ऊपर की निर्माण लागत वाली निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने प्रान्तीय खण्ड लोनिवि द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए 31 जुलाई तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होने अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि को गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाई करते हुए ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्माण खण्ड-1 लोनिवि को निर्देश दिया कि मुबारकपुर एवं जहानागंज में होने वाले कार्यों का बाण्ड फाइनल कर निर्माण कार्य तेजी से कराते हुए उसे 31 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाय। निर्माण खण्ड-2 लोनिवि द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की जांच टीएसी से कराने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्यों की भौतिक प्रगति अत्यन्त धीमी पायी गयी, इसके लिए इससे संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित किया जाय। उन्होंने निर्माण खण्ड-5 लोनिवि द्वारा कराये जा रहे महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के सेकेण्ड फ्लोर ग्राउण्ड प्लस$1 फैसिलिटी सेन्टर, एकेडमिक ब्लाक-2, ऐडमिनिस्ट्रेशन, लाइब्रेरी के कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि ग्राम हरिहरपुर ब्लाक पल्हनी में शिवजी के स्थल एवं शीतला माता मंदिर का पर्यटन विकास कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आजमगढ़, कोयलसा, अजमतगढ़, जहानागंज, मेंहनगर, पवई, ठेकमा में चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## टिफिन भोज कर दिया एकजुटता का संदेश

**महराजगंज (आजमगढ़)।** भाजपा जहां विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का गौरव के साथ आगे बढ़ रही है वहीं नये और पुराने कार्यकताओं में सामंजस्य बनाये रखना भी एक चुनौती से कम नहीं है। इसी को मद्देनजर रखते हुए पार्टी हमेशा अपने कार्यकताओं को व्यस्त रखने के लिए नित नये कार्यक्रम के जरिये उन्हें क्षेत्र में बने रहने की ऊर्जा प्रदान करती रहती है। ऐसा ही एक कार्यक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है जिसे टिफिन फामूर्ला के नाम से संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम नये और को पुराने कार्यकताओं को सक्रिय करने, मतभेदों को दूर करने, उनकी राय जानने, गिले-शिकवे दूर करने आदि में कारगर हो रहा है। टिफिन फामूर्ला बैठक में सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से टिफिन लेकर आते है और एक दूसरे के साथ साझा कर भोजन करते हैं। इसी क्रम में महराजगंज के भैरव धाम परिसर में भी ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के सभी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, नेता व नये पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने एक साथ टिफिन भोज किया और पार्टी एकजुटता का सन्देश दिया।

# कमीशन नहीं मिला तो हड़ताल करेंगे कोटेदार

## नहीं बंटेगा कोटे पर मुफ्त राशन

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** आठ माह से सरकार द्वारा कमीशन न मिलने पर कोटेदार संघ ने फूलपुर ब्लाक परिसर में बैठक किया। इस दौरान आक्रोशित कोटेदारों ने मुफ्त राशन बांटने के साथ हड़ताल व कार्य बहिष्कार की चेतावनी दिया।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बिजय कुमार राय ने कहा कि सरकार द्वारा निर्देश है कि 13 जून से 22 जून के बीच में मुफ्त राशन बांटा जाये, लेकिन पिछले आठ माह से सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान के कोटेदारों को मिलने वाले कमीशन को सरकार रोक कर रखी है, जिससे कोटेदारों को राशन वितरण करने में दिक्कत आ रही है। आठ माह से कोटेदारों को कमीशन न दिए जाने से कोटेदारों में रोष ब्याप्त है।


बैठक करते कोटेदार।

कोटेदारों ने 13 जून से 22 जून तक राशन वितरण नहीं करने और कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिजय कुमार राय एवं संचालन ब्लाक अध्यक्ष हृदय नरायन ने किया।

इस अवसर पर मिट्ठूलाल, जय प्रकाश यादव, दशरथ यादव, हरिलाल, घूरे लाल, सन्तोष, सियाराम, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहीं।

# त्याग, समर्पण व सहयोग ही लेखपाल संघ की आधारशिला

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** लेखपाल संघ की बैठक में चुनावी चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि त्याग समर्पण व सहयोग ही लेखपाल संघ की आधारशिला है। तहसील परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में सदर तहसील मंत्री व इस बार के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उपेंद्र यादव ने उपस्थित लेखपालों में उत्साह का संचार करते हुए बताया कि आगामी 14 जून को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की जिला कार्यकारिणी का चुनाव प्रस्तावित है। जिसके लिए प्रचार अभियान अपने अंतिम चरण में है। वक्ताओं ने कहा कि लेखपाल संघ संघर्ष, त्याग, समर्पण व बलिदान का सदैव पर्याय रहा है।


बैठक को संबोधित करते वक्ता।

उन्होंने कहा यदि उन्हें संगठन के सदस्य जिलाध्यक्ष पद पर चयनित करते हैं तो लेखपाल संवर्ग की समस्याओं को मुखर तरीके से प्रदेश कार्यकारिणी व जिला पर वह उठाएंगे।

कार्यक्रम को लालधर यादव, प्रिंस गुप्ता, दीपक प्रताप सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अरविंद यादव, अशोक यादव, सौरभ उपाध्याय, पूनम चैहान, जागृति पांडेय, चंद्रशेखर, भोलानाथ यादव, सुधीर गुप्ता, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी वर्कर ने बच्चों में बांटा पुष्टाहार

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला विकास खंड के ग्राम पूरामया पाण्डेय में मंगलवार को आगनवाड़ी कार्यकत्री बंदना पाण्डेय ने बच्चो में पुष्टाहार वितरित किया। इस दौरान उन्होंने 60 बच्चों को चना की दाल, दलिया और रिफाइन तेल का पैकेट वितरित किया।

बाल विकास और पुष्टाहार विभाग द्वारा छः वर्ष तक के बच्चों को उनके बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए हर माह पुष्टाहार के रूप में चने की दाल, दलिया और रिफाइन तेल के पैकेट का वितरण किया जाता है। इसे बच्चो में वितरित करते हुए बंदना पाण्डेय ने बच्चों और गर्भधात्री महिलाओं से कहा कि इस भीषण गर्मी में उन्हें काफी सावधान रहते हुए संतुलित आहार लेना चाहिए। इस मौसम में बच्चो और गर्भधात्री महिलाओं में पानी की समस्या हो जाती है और ब्लड प्रेशर कम हो जाता है। इसके लिए उन्हें बराबर नमक चीनी मिला कर पानी पीते रहना चाहिए। इस मौसम में बच्चों को साथ लेकर बाहर जाने में सावधानी बरतें।

# वंचित समाज के रहनुमा थे पूर्व पालिकाध्यक्ष

**याद**

### 13वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व.गिरीश चंद्र श्रीवास्तव

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** दिवंगत पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव की 13वीं पुण्यतिथि पर स्व. श्रीवास्तव के कुमीटोला स्थित पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

पूर्व पालिकाध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि यह तो सही है कि महिला होने की वजह से वह अपने पति जितना समाज के लिये नहीं कर पा रही हैं फिर भी उनकी यह कोशिश होती है कि वह अपने पति के दिखाये हुए रास्ते पर अधिक से अधिक चल सकें। साथ ही अपने बेटे प्रणीत श्रीवास्तव हनी से वह हमेशा यह अपेक्षा करती हैं कि समाज के प्रति दायित्व निर्वहन में उनसे जो कमी रह जा रही है उसे वह पूरा करें। जुगलकिशोर जालान ने कहा कि दिवंगत पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव वंचित समाज के रहनुमा थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। डॉ. अफजल ने कहा कि स्व. गिरीश के साथ उनकी गहरी दोस्ती रही। वह जब भी उनसे बात करते तब उनके बातों के केन्द्र में गरीब और वंचित समाज ही होता था। वह सोचते थे कि वंचित समाज के लिये अधिक से अधिक क्या और कैसे कर दिया जाय। मास्टर कलाम ने कहा कि मौजूदा राजनीति से इतर हटकर गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव हमेशा समाज के हर तबके के लिये काम करते रहे। प्रणीत श्रीवास्तव हनी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि वह जीवन पर्यन्त अपने पिता के दिखाये गये आदर्शवादी रास्ते पर चलते रहेंगे और सेवाकार्यों के माध्यम से जनता की सेवा करेंगे।


स्व.गिरीश चंद्र श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि देते प्रणीत श्रीवास्तव हनी।

इस मौके पर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, डॉ.आरएन श्रीवास्तव, शाह समीम, अशोक वर्मा, नवीन श्रीवास्तव, सदरुद्दीन प्रधान, महेंद्र यादव, आनंद देव, विशाल श्रीवास्तव, रईस अहमद, अवधेश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, जगदम्बा श्रीवास्तव, शहजाद कुरैशी, भोला तिवारी, दीपक सिंह, लड्डुन अहमद, कैलाश बरनवाल, द्वारिकाधीश जायसवाल, सदानंद मौर्य, महावीर श्रीवास्तव, रामाश्रय यादव, प्रभुदेव उपाध्याय आदि उपस्तिथ रहे। राकेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पेयजल समस्या से जुड़ी खबर का अधिकारियों ने लिया संज्ञान

**खबर का असर**

**जन संदेश टाइम्स में खबर प्रकाशित होते ही संभाला मोर्चा**

**गांव की बस्ती में पहुंचे सेक्टर प्रभारी टैंकर से भेजा पानी**


टैंकर से पानी लेने को उमड़े ग्रामीण

जनसंदेश न्यूज

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ के राजगढ़ ग्राम पंचायत में पानी की पर्याप्त व्यवस्था करा पाना मुश्किल साबित हो रहा है दिन भर टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है लेकिन मांग के अनुरूप आवश्यकता की पूर्ति समस्या बन गई है।

जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने ब्लाक मुख्यालय पर हंगामा किया और कर्मचारियों के बीच अपनी व्यथा सुनाई। हालांकि जिला मुख्यालय पर उच्चाधिकारियों की बैठक में शामिल होने गए एडीओ कोआपरेटिव, नोडल राजकपूर सिंह ने पेयजल समस्या से संबंधित ज्ञापन मिलने की बात कही और बताया कि जनता की मांग पर तत्काल टैंकर भेजकर पानी की आपूर्ति कराई गई है। इस संबंध में सेक्टर प्रभारी, एडीओ एजी संतोष कुमार कुशवाहा ने बताया कि राजगढ़ ग्राम पंचायत के बहिकटवां बस्ती में ग्राम प्रधान आशीष जायसवाल के द्वारा निर्बाध रूप से टैंकर भेजकर लोगों को पानी मुहैया कराया जा रहा है लेकिन बस्ती में पानी की मांग अधिक होने से आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पा रहा है जिससे ग्रामीणों ने दिन भर में दो बार टैंकर भेजने की मांग किया है जिसके लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है कि इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी की निर्बाध आपूर्ति होनी चाहिए जिससे पशु पक्षी सहित आमजन को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत दर्जनों गांव पेयजल संकट से जूझ रहे हैं और गंदा पानी लोगों तक पहुंचाया जा रहा है जिसे पीनें के लिए लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में स्थितियां कितनी भयावह होती जा रही हैं अंदाजा लगाया जा सकता है।

# आटो सवारियों को लूटने वाले गैंग का खुलासा, 6 गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र में हुई थी चोरी की घटना**

जनसंदेश न्यूज


चोरी की घटना के पकड़े गये आरोपी

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवां राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में बीते रविवार को प्रयागराज जिले के कौंधियारा थाना क्षेत्र के टिकरी अकोढ़ा गांव निवासी राम बाबू यादव व उनकी पत्नी रीता देवी को मध्य प्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र के लटियाल गांव बैठाकर जा रहे आटो चालक व खलासी ने बैग में रखे रूपए और गहने चोरी कर लिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए गए सघन अभियान के क्रम में सीओ लालगंज मंजरी राव के पर्यवेक्षण में सोमवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के दुर्जनीपुर मोड़ से थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक उदय नारायण सिंह, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, मिथिलेश पांडेय ने आटो और बाइक पर बैठकर सवारियों का इंतजार कर रहे गिरोह के सदस्यों मोहम्मद ताजीब निवासी बुदांवा थाना घूरपुर जिला प्रयागराज, करीम निवासी करमा थाना घूरपुर जिला प्रयागराज, अमीर निवासी बुदांवा थाना घूरपुर जिला प्रयागराज, घनश्याम भारतीया निवासी बेउहरा थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला प्रयागराज, अकबर करमा थाना घूरपुर जिला प्रयागराज, उमेश कुमार वैश्य निवासी मानस नगर जसरा थाना घूरपुर जिला प्रयागराज को घेराबंदी करते हुए धर दबोचा पुलिस ने आरोपितों के पास से बीते 11 जून को दंपति के बैग से चोरी किए गए रूपए और गहने बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरोह के पास से एक आटो और एक मोटरसाइकिल को बरामद कर पुलिस ने कब्जे में ले लिया। गिरोह में शामिल एक आरोपी नन्हकू पुत्र अब्दुल हादी निवासी पुरवा खास थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला प्रयागराज को पकड़ने में पुलिस नाकाम रही है। पुलिस ने चोरी करने वाले गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और फरार चल रहे एक आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# पढ़ने के लिए आये युवक बन गए गांजा तस्कर

**सख्ती**

**कछवां थाना पुलिस ने 7 लाख के गांजा के साथ किया गिरफ्तार**

**तस्करी कर चल रही थी बीटेक की पढ़ाई**

जनसंदेश न्यूज


गांजा तश्करी के आरोप में पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** घर से पढ़ाई करने के लिए निकले युवक गांजा तस्कर बन गए। मात्र 3 हजार के लिए वह मादक पदार्थ की आपूर्ति में लग गए। एसओजी और कछवां थाना पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 35 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों की आयु 18 से 22 वर्ष हैं। इसका खुलासा करते हुए एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान किया।

बताया कि इसमें कुछ युवक बी टेक के भी छात्र हैं। क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में धाना कछवां, स्वाट, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने सफलता मिली। कछवां थाना क्षेत्र में 12 जून को पुलिस को मुखबिर से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के बैंग के साथ थाना क्षेत्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना कछवां, स्वाट सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने क्षेत्र से 5 युवकों रितिक सिंह, अभिषेक राय उर्फ राघव, सुधीर ओझा, रीशु ठाकुर और रोशन ठाकुर को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से बैग में छोटे-बड़े 17 पैकेटो में रखा हुआ कुल 35 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया।

कछवां थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जा रहा है। पुलिस के पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने लीडर के कहने पर उड़ीसा प्रान्त से गांजा लेकर आये थे। जिसकी सप्लाई गाजीपुर निवासी एक व्यक्ति को करनी थी। उसी का इंतजार कर रहे थे कि पकड़े गये। उड़ीसा से गांजा लाकर सप्लाई कर्ता तक पहुंचाने पर उनकी अच्छी खासी कमाई भी हो जाती है। पकड़े गए आरोपियों में रितिक सिंह बक्सर बिहार, अभिषेक राय उर्फ राघव गाजीपुर, सुधीर ओझा गाजीपुर, रीशु ठाकुर गाजीपुर एवं रोशन ठाकुर दरभंगा बिहार का रहने वाला है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा एवं एसओजी प्रभारी माघव सिंह ने दल बल के साथ किया।

## मुनीम की हत्या का पुलिस ने किया अनावरण दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार पुलिस ने बीते 08 जून को ग्राम दयालपुर नऊआवरी निवासी मु0 अजहर पुत्र मु0 मजीद द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध अपने पिता की हत्या करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में घटना का अनावरण का निर्देश दिया था। निर्देश पर मंगलवार को चुनार पुलिस, एसओजी व स्वाट/ सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रकाश में आये दो आरोपियों आशीष उराव पुत्र सुखदेव उराव पुत्र चूगलू व सन्तोष उराव पुत्र बोलवा उराव को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल दो बेंत व दो मोबाइल बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध में थाना चुनार पर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।

## राजनीतिक चर्चा में हत्या करने वाला अमजद खां गिरफ्तार

**कामयाबी**

**भतीजे के विवाह से लौट रहे राजेशधर दुबे को जबरन उतार कर चढ़ा दिया था बोलेरो, मृतक का था दिल्ली में व्यापार**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** मामूली राजनैतिक विवाद में अपने ही बोलेरो से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया। जिसका खुलासा एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान किया। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 और 504 में कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। एसपी ने बताया कि घटना का अनावरण करने के लिए एडिशनल एसपी और क्षेत्राधिकारी सिटी के नेतृत्व में टीम गठित कर अपराधी की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। भौतिक साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी अमजद खान पुत्र अजहर अली उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया गया। कक्षा 9 तक की पढ़ाई करने के बाद वह काम की तलाश में लगा रहा। इसके बाद वह वाहन चलाने लगा था। विन्ध्याचल थाना पर 12 जून को कोलाही गाँव निवासी निवासी राकेशधर दुबे पुत्र यज्ञ नारायण धर दुबे ने नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अपने छोटे भाई की हत्या करने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। विंध्याचल थाना क्षेत्र के महोखर में किराये की गाड़ी लेकर बारात में गए चालक अमजद खां ने मोदी योगी की प्रशंसा करने पर दूल्हे के चाचा राजेशधर दुबे को गाड़ी से रौंदकर सोमवार को मार डाला था। पहली बार शरीर पर गाड़ी चढ़ाया फिर दुबारा बैक करके सिर पर चढ़ा दिया था। मौके पर ही उनकी हत्या कर आरोपी फरार हो गया था। मृतक राजेशधर दिल्ली में दवा का व्यापार करते थे। जो अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए आये थे। विंध्याचल थाना प्रभारी अतुल कुमार राय ने दल बल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

# 10 परीक्षा केन्द्रों पर 15 जून को संपन्न होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**तैयारी पूरी**

**प्रत्येक केन्द्रों पर तैनात किए गये स्टैटिक मजिस्ट्रेट, उपजिला मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी**

**परीक्षा केन्द्र के अन्दर मोबाइल व इलेक्ट्रानिक यंत्र ले जाना रहेगा वर्जित**

**परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर की परिधि में बन्द रहेंगे फोटोकापी सेंटर**

जनसंदेश न्यूज


अधिकारियों को संबोधित करते एडीएम व एसपी सिटी

**मीरजापुर।** आगामी 15 जून को आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2023 को नकल विहीन व सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मंगलवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में स्थानीय सिटी क्लब के सभागार में सभी केन्द्र व्यवस्थापकों व प्राचार्यो के साथ बैठक आहूत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

परीक्षा को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत उप जिला मजिस्ट्रेट को केन्द्र प्रतिनिधि के रूप में तैनाती कर परीक्षा केन्द्रों की निगरानी के विभाजित किया गया हैं। इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केन्द्रो पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं उप नोडल समन्वय द्वारा नामित पर्यवेक्षक को भी लगाया गया है। जनपद में लगभग 4000 परीक्षार्थियों के लिये जनपद में 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा केन्द्र 15 जून 2023 को दो सत्रो में प्रथम सत्र पूर्वान्ह 09 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय सत्र अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। समस्त परीक्षा केन्द्रो की निगरानी के लिये अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ल को नगर प्रभारी तथा विश्वविद्यालय द्वारा नामित डॉ अशोक कुमार सिंह प्राचार्य के0बी0 कालेज को उप नोडल अधिकारी को बनाया गया हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने केन्द्र व्यवस्थापको एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों व परीक्षा कार्य से सम्बद्ध कार्मिक को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक दशा में प्रातः काल 08 बजे तक अपने-अपने परीक्षा केन्द्रो पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जाये। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरा क्रियाशील होना चाहिये इसके लिये केन्द्र व्यवस्थापक पहले से ही निरीक्षण कर ले।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर की परिधि में सभी फोटोकापी की दुकानें साइबर कैफे तथा पी0सी0ओ0 परीक्षा केन्द्र के दौरान पूर्णतया बन्द रहेंगे।

इस दौरान उप जिला मजिस्ट्रेट सदर चन्द्रभानु सिंह, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर नीरज पटेल, उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज भरत लाल सरोज, अपर उप जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ यादव, के अलावा सभी परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक व प्राचार्य उपस्थित रहें।

# अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें कर्मचारी

**बोलीं जिलाधिकारी**

**बड़े भाग्य से मिलता है जनता की सेवा का मौका**

**द्विवार्षिक अधिवेशन में डीएम ने दिया संदेश**

जनसंदेश न्यूज


कर्मचारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश मीरजापुर शाखा के द्वारा मंगलवार को स्थानीय सिचाई विभाग के विश्व सरैय्या सभागार में द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग जो जिस पद पर जिसके सेवा के लिये आये है उसे पूरी पारदर्शिता व निष्ठा के साथ कार्य करते हुये उसे न्याय दिलाने का कार्य करें यही हम सबका मूल कर्तव्य हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास योजनाओं व जन कल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर व पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है जो भी दूर दराज गांव से गरीब व पीड़ित व्यक्ति आये उसकी पूरी बातों को सुनते हुये समाधान सुनिश्चित कराया जाय। उन्होने जनपद के कर्मचारियों अधिकारियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि निर्वाचन, नवरात्रि मेला, वी0आई0पी0 आगमन व अन्य विकट परिस्थितियों व सीमित संशाधनों में हमारे कर्मचारियों के बेहतर व अच्छा कार्य किया हैं। उन्होने कहा कि आगे भी पारदर्शिता व निष्ठा के साथ कार्य करते हुये जनपद को देश में अच्छा स्थान दिलाया जाय। अधिवेशन के दौरान उन्होने सभी शुभकामना व बधाई देते हुये कहा कि संगठन के पदाधिकारी व कोई भी कर्मचारी जिसे भी कही कोई समस्या आती है तो वह आकर मिल सकता है उसका समाधान कराया जायेगा। द्विवार्षिक अधिवेशन में विनोद कुमार तिवारी को जिलाध्यक्ष, प्रशान्त कुमार मिश्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश कुमार तिवारी जिला मंत्री, पूनम सिंह सम्प्रेक्षक, बृजेश सिंह को संयुक्त मंत्री तथा संतोष कुमार को संगठन मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। सम्पूर्ण चुनावी प्रकिया निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी व प्रान्तीय पर्यवेक्षक चन्द्र शेखर मिश्र की देख रेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ प्रान्तीय पर्यवेक्षक द्वारा दिलायी गयी। अधिवेशन में मीरजापुर के विभिन्न सेवा संगठनों के अध्यक्ष/मंत्री सहभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लल्लू तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, राजेन्द्र तिवारी, सिचाई विभाग के सहायक अभियन्ता आदि उपस्थित थे।

## नवोदय के छात्रों ने दिखाया दमखम

**मड़िहान।** संत रविदास नगर जनपद के सीतामढ़ी स्थित राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग कर दमखम दिखाया। विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी के अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति जी ट्वेंटी, प्रश्नोत्तरी, एक जीवन एक पृथ्वी, पोस्टर प्रतियोगिता एवं नारा लेखन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उपस्थित गणमान्य, अभिभावक एवं छात्रों को संबोधित किया। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा पहचान के लिए मोहताज नही होती। समाज को नई दिशा और दशा बदल सकता है तो शिक्षा। शिक्षा के साथ समय समय पर प्रतियोगिता से बच्चों में निखार आता है। विद्यालय से प्राचार्य डॉक्टर एसपी त्रिपाठी शिक्षा निति के बारे में विस्तृत चर्चा किया। साथी शिक्षकों द्वारा साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर एसपी त्रिपाठी, बबिता दूबे, मंजू सिंह, अनामिका, अनूप गुप्ता आदि शिक्षक अभिभावक तथा छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## समस्याओं का करें त्वरित निस्तारण : एसपी

**एसपी ने किया थाने का निरीक्षण दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने मंगलवार को चुनार थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने सर्वप्रथम सलामी गार्द का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, परिसर, बैरक व मेस आदि का भ्रमण कर परिसर में माल मुकदमाती वाहनों के रख रखाव एवं परिसर की साफ सफाई सहित अन्य बिन्दुओं पर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा कार्यालय भ्रमण के दौरान सीसीटीएनएस कक्ष, साइबर, महिला हेल्प डेस्क, जन सुनवाई डेस्क आदि का भी निरीक्षण कर उपकरणों एवं अभिलेखों के सही रख रखाव तथा आने वाले फरियादियों के साथ विनम्र व सही व्यवहार कर उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही पुलिसकर्मियों को आवंटित क्षेत्र सम्बन्धित बीट बुक को चेक करते हुए पुलिस कर्मियों से प्रश्नोत्तरी कर उनके क्षेत्र तथा पुलिसिंग के सम्बन्ध जानकारी लिया।

थाना चुनार पर नियुक्त ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी कर उन्हें उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए ग्राम प्रहरियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत भी किया।

तत्पश्चात जनप्रतिनिधि एवं थाना चुनार क्षेत्र के संभ्रान्त लोगों के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए पुलिस के हर सम्भव सहयोग हेतु आश्वस्त भी किया। समस्याओं के निस्तारण पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी चुनार, प्रभारी निरीक्षक थाना चुनार सहित पुलिस के अन्य अधिकारी ब कर्मचारी मौजूद रहें।

## संक्षेप

### सभी रक्तवीरों व पदाधिकारियों के लिए गौरव का पल



**मीरजापुर।** मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ आर बी कमल ने विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के निस्वार्थ सेवा की सराहनीय और सदैव संस्था का सपोर्ट करने को कहा। आप सभी के सहयोग से रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत आपकी संस्था विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट मीरजापुर में पुनः एक बार पहले नंबर की संस्था बनी जो रक्तदान के क्षेत्र में आप सब के सहयोग से कार्य कर रही है यह सम्मान आप सभी रक्त वीर साथियों एवं रक्तवीरांगनाओं का सम्मान है। संस्था परिवार को मिले इस सम्मान के पश्चात संस्था के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने कहा कि यह सम्मान हमारी विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रत्येक रक्त वीरों का सम्मान है। साथ ही मिजार्पुर में मेडिकल कॉलेज के आने से रक्त की मांग काफी ज्यादा बड़ी है एवं अब से हम हमेशा प्रयासरत रहेंगे कि मिजार्पुर में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर सकें जिससे किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी से अपनी जानना गवानी पड़े।

### 3 लाख 84 हजार नकद व पांच थान गहना लेकर भाग गई पत्नी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार चौकी क्षेत्र के कुशियरा गांव के जोगीवीर मोहल्ला निवासी राम अनुग्रह पटेल ने पत्नी पर घर में रखे तीन लाख चौरासी हजार रुपए नकद और पांच थान गहना लेकर भागने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को हलिया थाने में पत्नी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में महिला के पति ने आरोप लगाया कि सोमवार की रात बच्चों से मोबाइल फोन लेकर पढ़ने के लिए कहा पत्नी अनूपा पटेल ने सोमवार की रात 11 बजे घरेलू बात को लेकर विवाद कर लिया। जब सभी लोग खाना खाकर सो गए तो पत्नी ने घर में रखा पांच थान गहना व घर में रखा तीन लाख चौरासी हजार रुपए नकद लेकर चली गई और कुशियरा गांव निवासी अपने रिश्तेदार के घर छिप गई। पत्नी के बारे में पूछने पर रिश्तेदारों ने कुछ भी नही बताया। मंगलवार को 12 बजे दिन पत्नी का भाई और उसका रिश्तेदार निवासी सिंगरौली मध्य प्रदेश पत्नी को बोलेरो वाहन से भगा ले गए। पत्नी तीन बच्चों को घर पर छोड़कर गई है और सातवीं बार घर से भागी है। महिला के पति ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश ने बताया कि पति की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**हलिया।** स्थानीय क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी 30 वर्षीय रामप्रसाद अपने भाई 28 वर्षीय जोगेंद्र व रिश्तेदार लालगंज थाना क्षेत्र के मदहा गांव निवासी चिंटू के साथ एक बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार लालगंज क्षेत्र के उसरी खम्हरिया गांव में किसी शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार की देर रात बाइक से गये हुए थे कि जैसे ही उसरी खम्हरिया गांव में पंहुचे थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वोलोरो वाहन के चालक ने तेजगति लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पंहुची एंबुलेंस के ईएमटी संतोष भारती ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गये। जहां पर चिकित्सक ने जोगेंद्र को मृत घोषित कर दिया जबकि दोंनो घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। मौत की सूचना पाते ही पत्नी क्रांति का रो रो कर बुरा हाल हो गया था। मृतक के पास एक-दो वर्ष की बेटी है तथा खेती बारी कर जीवन यापन करते थे। लालगंज पुलिस मेमो के आधार पर पोस्टमार्टम की अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई है। घटना की सूचना पर मृत युवक के परिजन भी व लालगंज पंहुच गये।

### 30 तक हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें सीएम आवास

**हलिया।** स्थानीय ब्लाक सभागार में मंगलवार को बीडीओ कुलदीप कुमार ने ग्राम पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायकों व रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर विकास कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। ग्राम पंचायतों में वृद्धा, निराश्रित, दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों का सत्यापन कर रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध कराए। ग्राम पंचायतों में राशनकार्ड के लाभार्थियों का भी सत्यापन करें। नये मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभर्थियों की पत्रावली को उपलब्ध कराए। वित्तीय वर्ष 2022-23 के 53 मुख्यमंत्री आवास को 30 जून तक हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मनरेगा योजना के तहत बनाए जाने वाले अमृत सरोवर की प्रगति धीमी होने पर तेजी के साथ कराने का निर्देश दिया। आगामी माह में ग्राम पंचायतों में होने वाले पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायत में गड्ढा का खुदान कराते हुए आईडी तैयार करें। ग्राम पंचायतों में बनने वाले खेल मैदान वाटर लेवल को रोजगार सेवक नापी करें। ग्राम पंचायतों में संचालित पशु आश्रय स्थल पर भूसा के लिए डिमांड दिया जा रहा है लेकिन दिन में पशुओं को भुसा न देकर जंगल में चराया जा रहा है। इस दौरान एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ सहाकारिता धर्मेंद्र निषाद, एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया, एडीओ आईएसबी राजाराम, एडीओ एसटी मनोहर लाल, आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी बैनामा करने के आरोप में भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना चुनार पर बीते 28 जुलाई 2022 को जितेन्द्र सिंह पुत्र अनन्त राम सिंह की लिखित तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ की नियत से बैनामा कराने के सम्बन्ध में दी गयी थी। मंगलवार को उ0नि0 सुखबीर सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियोग से सम्बधित अभियुक्त राकेश कुमार सिंह पुत्र लालमणि सिंह निवासी प्रतापपुर परगना हवेली थाना अदलहाट को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सड़क दुर्घटना में दो की हालत गंभीर

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित मलेट्री कंपाउंड के पास मंगलवार को दोपहर एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के राकेश पटेल निवासी बरकछ व कैलाश पटेल निवासी नदगहना एक बाइक पर सवार होकर मिजार्पुर से लालगंज की तरफ जा रहे थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग के मलेट्री कंपाउंड के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए जिससे दोनों लोग सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों के साथ पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेजा गया।

### पंचायत भवन से गायब हुआ इन्वर्टर बैटरी

**अहरौरा।** राजगढ़ विकास खंड में स्थित स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनवर्षा खुर्द ग्रामपंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर सोमवार की रात्रि इन्वर्टर बैटरी सहित अन्य सामान उठा ले गए। ग्राम प्रधान राम ललित ने बताया कि रात्रि में चोरों ने पंचायत भवन के दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रखे इन्वर्टर बैटरी उठा ले गये। सुबह सफाई कर्मचारी पहुंचा तो पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ था। इसकी सूचना ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी को दी। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे और चोरी की लिखित सूचना इमिलिया चट्टी चौकी पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### सीडीओ ने तकनीकी सहायक का रोका मानदेय

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने विकास पहाड़ी ग्राम पंचायत-कोटवाँ में मनरेगा योजनान्तर्गत चकरोड़ निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम पंचायत-हिनौती में इण्डिया मार्का हैण्डपम्पों एवं ओवर हेडटैंक, ग्राम पंचायत-बेलवन में मनरेगा योजनान्तर्गत निमार्णाधीन अमृत सरोवर तथा यूपीनेडा द्वारा बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजनान्तर्गत स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट सयंत्रों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने के पूर्व ही झण्डारोहण हेतु फ्लैगआफ सहित अमृत सरोवर का निर्माण गाईडलाइन के प्रत्येक बिन्दु के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेविकास को निर्देशित किया गया कि जिन श्रमिकों द्वारा 100 का कार्य पूर्ण कर लिया गया हो उनका श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराते हुए श्रमिक कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता-यू0पी0सिडको, परियोजना अधिकारी-नेडा, खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी, सहायक विकास अधिकारी (सॉ0), अवर अभियन्ता-ग्रा0अ0वि0, सम्बन्धित सचिव, ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर बीते 11 जून को थाना अहरौरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा एक नामजद अभियुक्त के विरुद्ध तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 354,506,504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना अहरौरा पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी सुनील कुमार सोनकर पुत्र बचाउ लाल सोनकर निवासी ग्राम जसवाँ थाना अहरौरा को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### सामूहिक दुष्कर्म में आरोपी को मिली 20 वर्ष की सजा

**मीरजापुर।** डीआईजी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत पैरवी कराई जा रही थी, जहां न्यायालय ने नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी रियाज अली उर्फ मुन्ना जिसके विरुद्ध 23 मार्च 2013 को थाना चुनार पर एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की नाबालिक पुत्री को जबरदस्ती ऑटो में बैठाकर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी जहां न्यायालय द्वारा कार्रवाई के क्रम में आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 37,500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# 16 को सोनभद्र आ सकते हैं सीएम योगी, प्रशासन एलर्ट

**संभावना**

## सदर विधायक ने डीएम व एसपी के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते सदर विधायक, डीएम व एसपी

**सोनभद्र।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिले में संभावित दौरा/भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को डायट परिसर उरमौरा का सदर विधायक भूपेश चौबे के साथ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंच, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, मैदान की लेबलिंग कराने तथा मैदान स्थल के आस-पास के झाड़ियों आदि को जल्द से जल्द हटाते हुए मैदान में उचित प्रबन्ध व्यवस्था करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। योगी के 16 जून के सोनभद्र आने की संभावना है। इस दौरान सीएम करोड़ों रुपए की लागत की विकास परियोजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

डीएम ने उरमौरा के डायट मैदान में संभावित आगामी दिनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रमण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री के मंच और पंडाल के व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता से जानकारी लेते हुए कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कर ली जाये। इस दौरान भीड़ को नियंत्रण करने, बैरिकेटिंग, मीडिया प्रतिनिधियों आदि को कवरेज करने हेतु मीडिया सेल आदि का आवश्यक प्रबन्ध का भी जायजा लिया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। योगी के कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धितण उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या को लेकर सौंपा पत्र

**ओबरा।** पानी की समस्या को लेकर कांशी राम आवास के समीप रह रहे रहवासियों ने मंगलवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्रक सौंपा।इस दौरान पत्र के माध्यम से रहवासियों ने बताया कि उक्त स्थान पर पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाए जाने के चलते रहवासियों को विगत 2 वर्षों से पेयजल की समस्या से भयंकर रूप से जूझना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र ग्राम सभा में था वहीं नगर पंचायत के विस्तारीकरण हो जाने के पश्चात अब यह क्षेत्र नगर पंचायत में शामिल हो गया है। साथ ही वहां के रहवासी आधा इंच की प्लास्टिक की पाइप के द्वारा लगभग 220 मीटर से ज्यादा दूरी तक पाइप बिछाकर विगत 2 वर्षों से कनेक्शन लिए हुए हैं। बावजूद इसके अभी तक बिछाए गए पाइप में पानी की आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। रहवासियों ने बताया कि ऐसी स्थिति में नगर पंचायत द्वारा टैंकर से पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। रहवासियों ने मांग किया कि लगभग 4 इंच की पाइप बिछाकर लोगों का पानी कनेक्शन कराया जाए साथ ही पानी की आपूर्ति भी प्रारंभ कराई जाए ताकि समस्या का समाधान हो सके। पत्रक सौंपने में दीपक गुप्ता, नीलू देवी, अरुण शाह, आशा देवी, दुर्गा प्रसाद आदि शामिल रहे।

## धान की फसल को अगिया रोग से बचाने की दी गई सलाह

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी जनार्दन कटियार ने कहा है कि किसान धान फसल में अगिया (हरदिया) रोग का प्रकोप जिले में विगत तीन वर्षो से अधिक देखनें को मिल रहा है। इस फसल के बचाव के लिए कृषि विभाग ने एडवायजरी जारी कर किसानों को बचाव के संबन्ध में सुझाव दिये गये है। नाइट्रोजन युक्त उर्वरक के अधिक प्रयोग से अगिया रोग तेजी से फैलता है। फसल को बचाने के लिए इसका प्रबंधन किया जा सकता है। वायुमंडल का तापमान 25 से 30 प्रतिशत और आर्द्रता 90 प्रतिशत से अधिक होना अगिया रोग के लिए अनूकूल माना जाता है।

यह रोग धान की फसल में पुष्पावस्था के दौरान लगता है। हवाओं के साथ इसका प्रभाव तेजी से बढ़ता है।

चपेट में आई धान की बालियां पीले और काले रंग के स्पोरबाल (कवक बीजाणु बाल) से ढक जाती है। इस रोग से ग्रसित फसल की सरकार व व्यापारियों द्वारा खरीद नही की जाती है। उन्होंने बताया कि इस रोग के बचाव के लिए निम्न सुझाव है कि गर्मी में गहरी जुताई करने से अगिया रोग के कवक बीजाणु नष्ट हो जाते है, धान की नर्सरी के बीजों को फंजीसाइड कार्बेण्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लू.पी. एवं बायोपेस्टीसाइड ट्राइकोडरमा से शोधन जरूर करें, खेतों के मेढ़ों एवं सिंचाई नालियों को खरपतवार से मुक्त रखें,खेतों में नीम की खली डालें।

### शिक्षा-स्वास्थ्य व बेरोजगारी के सवाल पर मुहिम शुरू

**ओबरा।** बेरोजगारी के मुद्दे पर 113 संगठनों युवा संगठनों द्वारा गठित संयुक्त युवा मोर्चा के देशव्यापी रोजगार अभियान के तहत ओबरा पहुंचे केंद्रीय टीम के सदस्य राजेश सचान ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि सोनभद्र में बेरोजगारी की समस्या बेहद गंभीर है जिससे युवाओं का तेजी से पलायन बढ़ा है लेकिन इस सवाल के समाधान के लिए सरकार गंभीर नहीं है। कहा कि वादा किया गया था कि प्रोजेक्ट्स में स्थानीय युवाओं को वरीयता दी जाएगी लेकिन इसे भी लागू नहीं किया गया। गरीबों के पलायन को रोकने के लिए मनरेगा जैसी योजना कारगर साबित होती लेकिन इसमें बजट आवंटन घटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर इस जिले में अगर निजी लूट पर रोक लगे, टमाटर प्रसंस्करण उद्योग आदि स्थापित हों, सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए और सब्जियों समेत फसलों का उचित मूल्य किसानों को मिले तो जनपद में ही बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन संभव है। उन्होंने कहा कि स्थिति यह है कि सोनभद्र में सार्वजनिक बैंकों में नागरिकों के जमा धन का भी 68 फीसद बाहर चला जाता है।

## संक्षेप

### बिजली कटौती से नाराज व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों को बंद कर जताया विरोध


ओबरा में दुकान बंद कर नारेबाजी करते व्यापारी

**ओबरा।** नगर में हो रही बेतहाशा बिजली कटौती से नाराज पिछले दिनों से आंदोलित व्यापारियों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को सांकेतिक तौर पर दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। कहा कि भीषण गर्मी और चढ़ते पारे के बीच नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। ऐसे में पीसीएल अगर नहीं चेता तो आगे बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील गोयल व महामंत्री सुशील कुशवाहा ने बताया कि 24 घंटे में 21 घंटे बिजली ओबरा को देने का आदेश है। लेकिन बिजली 12 घण्टे भी सुचारू रूप से नही मिल पा रही है। भीषण पड़ रही गर्मी में बिजली गोल होने से जहां व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ा है वहीं दूसरी ओर घरों में बच्चे महिलाएं बुजुर्ग चैन से सो नहीं पा रहे हैं। हम रहवासियों ने संबंधित आला अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए बिजली व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। मौके पर रविन्द्र गर्ग, छोटू शर्मा, मोहन मोदनवाल, प्रकाश सोनकर, लल्लू, मुन्ना शर्मा, छोटू शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण के लिए 200 आपदा मित्र लखनऊ रवाना

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने भारत सरकार व उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत जनपद से चयनित 3 200 आपदा मित्रों/स्वयं सेवक के बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आपदा मित्र राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा संचालित 12 दिवसीय आवासीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, आपदा विशेष पवन कुमार शुक्ला, टीम के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

### ठेले से टकराकर बाइक सवार घायल

**ओबरा।** स्थानीय चोपन रोड स्थित एक हार्डवेयर के सामने मंगलवार की शाम लोहे की सीट लदी ठेले से एक 35 वर्षीय बाइक सवार टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आस पास के लोग घायल को पास ही स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां उपचार के दौरान पैर में आधा दर्जन टांका लगाया गया है।जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति नीरज वर्मा निवासी चूड़ी गली मोटर साइकिल से बाजार की ओर जा रहा था कि अचानक सड़क पर लोहे की सीट लादकर खड़े ठेला से टकरा गया।घायल व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जाता है।वहीं घटना की जानकारी मिलने पर ओबरा कस्बा चौकी इंचार्ज जितेंद्र प्रसाद मौके पर पहुंच घटना की जांच में जूट गए है।

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**सोनभद्र।** रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में रविवार की शाम अज्ञात कारणों से 26 वर्षीय प्रमिता पति धर्मेंद्र नवविवाहिता ने घर में बने बडेर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रमिता रामपुर बकोरिया थाना अंतर्गत शिलथम( खड़िया) की शादी तीन वर्ष पूर्व भीखमपुर गांव में धर्मेंद्र से हुई थी प्रमिता को डेढ़ साल की एक पुत्री है। जिस समय यह वाकया हुआ उसका पति धर्मेंद्र मजदूरी करने गया था। एसएचओ सत्य प्रकाश यादव ने घटनास्थल पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद पंचनामा करते हुए शव को पीएम हेतु जिला अस्पताल के लिए भेज दिए।

### रनटोला यात्री शेड में मृत अवस्था मे मिला विक्षिप्त युवक

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के रनटोला स्थित यात्रीशेड में मंगलवार को एक विक्षिप्त युवक मृत अवस्था मे पाया गया। इसकी सूचना विमिलेश यादव पुत्र अन्न देव यादव निवासी रनटोला ने लिखित रूप से म्योरपुर थाने में दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से विक्षिप्त की शिनाख्त हेतु जानकारी ली गयी परन्तु उसकी शिनाख्त नही हो सकी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

## महिला का फंदे से लटका मिला शव

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के महुअरिया ग्राम में एक 50 वर्षीय महिला ने फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। बता दें कि कमला देवी 50 पत्नी बच्चूलाल निवासी ग्राम महुअरिया दुद्धी सोमवार देर शाम तक कमला देवी ने अपने घर की दरवाजा नहीं खोली तो परिवार वालों को शक हुआ फिर दरवाजा खोलवाने की कोशिश करने लगे फिर भी दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजे की दरार से बनी सुरंग से देखा तो महिला रस्सी से लटकती नजर आई सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रधान विजय कुमार व चौकीदार ने ग्रामीणों के सहयोग से मकान का खपड़ा हटा कर घर के अंदर जाकर दरवाजा खोला और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय ने महिला के शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सीएची भेजवाते हुए अग्रिम करवाई में जुट गए।

# पेयजल आपूर्ति के साथ जल निकासी पर रहेगा विशेष फोकस

**बैठक**

## ओबरा नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज


ओबरा नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक में मौजूद नपं अध्यक्ष व ईओ

**ओबरा।** नगर पंचायत ओबरा के बोर्ड की पहली बैठक मंगलवार को स्थानीय कार्यालय पर सम्पन्न हुयी। बैठक में नवागत अधिशासी अधिकारी अंकित वर्मा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष चांदनी सहित सभासदों का स्वागत किया। बैठक में पेयजल, सफाई, प्रकाश सहित नाली और सड़क निर्माण के मुद्दे छाए रहे।

इस दौरान सभी सभासदों ने अपने-अपने वार्डों के विकास से जुड़े प्रस्ताव अधिशासी अधिकारी को सौंपे। नपं वोर्ड की बैठक में रेणुका नदी के तट पर शवदाह गृह की स्थापना,सुभाष तिराहे पर आधुनिक शौचालय एवं अतिरिक्त यूरिनल के निर्माण,डायमंड होटल के पास स्थित अँधेरी पुलिया से पानी निकासी बंद करने एवं नगर के प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने आये। अध्यक्ष चाँदनी ने कहा कि जल्द आने वाले मानसून सत्र को देखते हुए जल निकासी की व्यापक व्यवस्था आवश्यक है।

बोर्ड के सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि सम्भावित जल जमाव वाले स्थानों को अवश्य चिन्हित करें, जिससे निपटने के लिए एक्शन प्लान बनाया जा सके। कहा कि पेयजल आपूर्ति नेटवर्क मजबूत करने के साथ जल निकासी पर विशेष फोकस रहेगा। कहा कि प्रथम बैठक में आप सभी द्वारा लाये गये प्रस्ताव निश्चित ही नागरिकों के लिए भारी राहत का विषय बनेंगे। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए जिससे नगर के विकास को अपेक्षित गति मिल सके। इस दौरान सभासद नीलम राव, निर्मला देवी, अनिल कुमार, संजय कनौजिया, राजू साहनी, मधु देवी, अमित कुमार गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव, राकेश पासवान, राकेश मिश्र, प्रतिमा देवी, दशरथ शुक्ल, अजीत कुमार कनौजिया एवं अरसद हुसैन आदि मौजूद रहे।

### चुर्क-गुर्मा नपं बोर्ड की प्रथम बैठक संपन्न

**चुर्क।** नगर पंचायत चुर्क-गुर्मा कार्यालय पर सदर विधायक भूपेश चौबे के उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों के साथ बोर्ड की पहली बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम बोर्ड के सभी सदस्यों का एक दूसरे से परिचय हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि नगर निकाय में लगातार दूसरी बार कमल खिला है और भाजपा की मीरा यादव चेयरमैन चुनी गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार केंद्र व प्रदेश में है हम नगर पंचायत के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ेगे। उन्होंने सभी से आपस में तालमेल बनाकर विकास में योगदान देने की अपील किया। कहा सभी सभासदों ने अपनी अपनी बातें रखें और पानी की समस्या जल्द से जल्द दूर की जाएगी। चुर्क-घुर्मा में एक-एक और पानी की टंकी, बाजार में सुलभ शौचालय निर्माण कार्य जल्द ही कराया जाने पर विचार विमर्श हुआ। चेयरमैन ने कहा कि कहा कि महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बाजार करने में जिसको लेकर एक सुलभ शौचालय बनाया जाएगा।

# शासन की गलत नीतियों के चलते खनन क्षेत्र बंदी के कगार पर

**अनदेखी**

## पर्यावरणीय अनापत्ति व एमएम 11 जारी करने में भेदभाव का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** शासन प्रशासन की गलत नीतियों के चलते वर्तमान समय में बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र बंदी के कगार पर पहुंचता जा रहा है। स्थिति यह हो चुकी है कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर खनिजों का परिवहन करने वाले वाहन एकदम गायब हो चुके हैं। इसके चलते दिन प्रतिदिन व्यवसायियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इसके चलते खदानों अथवा क्रशर प्लांटों पर कार्य करने वाले हजारों मजदूरों के समक्ष भूखमरी के बादल मंडराने लगे हैं। जानकारों की माने तो इस समस्या के लिए पूरी तरह से शासन प्रशासन की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं। जिनमें प्रमुख रूप से पर्यावरण अनापत्ति में बड़े पैमाने पर भिन्नता किया जाना शामिल है।

जिसका सीधा उदाहरण है कि कहीं एक हेक्टेयर स्वीकृत खनन क्षेत्र में 32 हजार घन मीटर तक एम एम 11 जारी करने की अनुमति दी गई है, तो कही एक हेक्टेयर में मात्र 10 हजार घन मीटर तक एमएम 11 जारी किया गया है। नियमानुसार एक बराबर क्षेत्रफल की खदानों में एक बराबर एमएम 11 जारी किया गया होता तो निश्चित रूप से खनन क्षेत्र में परमिट का अभाव नहीं रहता। साथ ही परमिट का रेट भी सामान्य रहता। जिससे उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर गिट्टी उपलब्ध हो जाती और खनन क्षेत्र सुचारू रूप से चलता रहता। पर्यावरण विभाग द्वारा जिन खदानों में पत्थर की अधिकता है और उन्हें कम प्रपत्र 11 जारी किया गया है उन खदानों की परमिट की मात्रा को और बढ़ा दिया जाए तभी यह खनन क्षेत्र सुचारु रुप से चल सकेगा।

खनन क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए ई टेंडर के द्वारा स्वीकृत खदानों से जुड़े व्यवसायियों की मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। हैवी मशीनों व पत्थर परिवहन करने वाले वाहनों की किस्त तथा क्रशर प्लांटों के बिजली के बिल का बोझ लगातार व्यवसायियों पर बढ़ता जा रहा है। जल्द ही शासन-प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित रूप से यहां के व्यवसाई अन्यंत्र स्थानों पर पलायन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। वही 20 जून तक मानसून के आने की संभावनाओं के चलते मुश्किलें और ही प्रबल होती जा रही हैं। व्यवसायियों ने प्रशासन से मांग किया है कि खनन क्षेत्र की समस्या को ध्यान में रखते हुए सार्थक कदम उठाए जाएं ताकि सुचारू रूप से खनन कार्य चलने के साथ प्रदेश सरकार को अधिक से अधिक राजस्व भी मिल सके। अन्यथा की स्थिति में वह दिन दूर नहीं है कि पूरे खनन क्षेत्र में सियापा छा जाएगा।

# पशु तस्करों के वाहन ने पिकेट बूथ पर मारी टक्कर, सिपाही समेत दो घायल

**मनबढ़**

## अज्ञात तस्करों के विरूद्ध रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज


घायल सिपाही

**सोनभद्र।** जिले के पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए भले ही दर्जन भर थाना चौकी प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किए हो लेकिन रायपुर इलाके में पशु तस्कर आज भी हाबी है।

रायपुर थाना प्रभारी संजय सिंह के चार्ज लेने के बाद अगले दिन यानि मंगलवार की तड़के पशु तस्करों की गाड़ी पिकेट पर तैनात कांस्टेबल को धक्का मारते हुए बिहार प्रवेश कर गई। अब देखना यह है की इस चैलेंज को थानाध्यक्ष किस तरह से लेते हैं। उधर घायल सिपाही को गंभीर हालत में बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। रायपुर थाना क्षेत्र के वैनी चौराहे पर लोहे से बने पिकेट को बंद करने के दौरान तेज रफ्तार से आ रहे पशु तस्करों की पिकअप से धक्का लगने से सिपाही समेत दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुबह 5 बजे रोजाना की तरह पशु तस्करों की गाड़िया तेज रफ्तार से आ रही थी तभी कांस्टेबल संदीप सिंह व पिकेट को बंद करने लगे तो तस्कर गाड़ी की रफ्तार बढ़ाते हुए पीकेट को तोड़ आगे निकल गए। इस दौरान सिपाही संदीप सिंह के अलावा नमामी गंगे में काम करने वाला बालवीर निवासी जंबा राजस्थान गम्भीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवां में भर्ती कराया गया। सिपाही की गंभीर स्थिति देख डाक्टर ने उसे जिला जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पशु तस्करों की गाड़ियों से धक्का लगने का यह पहला मामला नहीं है जानकारी के बाद भ पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं करती। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कहा कि घटना शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

# निदेशक प्रचालन रमेश बाबू ने किया एनटीपीसी रिहंद का दौरा

जनसंदेश न्यूज


फीता काटकर उद्घाटन करते एनटीपीसी निदेशक

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में रमेश बाबू वी निदेशक प्रचालन ने प्रवीण सक्सेना क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर और अरिंदम सिन्हा, कार्यकारी निदेशक प्रचालन सेवाएं के साथ एनटीपीसी रिहंद का दौरा किया। सर्वप्रथम निदेशक प्रचालन ने ड्राई ऐश निकासी प्रणाली स्टेज का उद्घाटन प्रवीण सक्सेना क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर रिंदम सिन्हा कार्यकारी निदेशक प्रचालन सेवाएं संजीव कुमार परियोजना प्रमुख रिहंद महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण पंकज मेदिरत्ता महाप्रबंधक आदि अधिकारियों के साथ हेल्पर सेल साइट का भी दौरा किया।

उन्होंने रिहंद इकाइयों के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष सीसीआर का दौरा कर कर्मचारियों के साथ संवाद किया और हो रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने एनटीपीसी रिहंद के युवा कार्यपालकों के साथ बातचीत भी की। जिसमें उन्होने युवा कार्यपालकों को एनटीपीसी जैसी उत्कृष्ट संस्था से जुड़ने हेतु बधाई दी और कहा कि वे एनटीपीसी के भविष्य हैं और आने वाले समय में वें लगन व निष्ठा के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें तथा एनटीपीसी को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

तत्पश्चात उन्होंने सेंट्रल रिपेयर फैसिलिटी सीआरएफ का दौरा किया, जो एनटीपीसी रिहंद की एक अनूठी पहल है और सीआरएफ में चल रही गतिविधियों का अवलोकन और समीक्षा किया। अंत में उन्होंने कर्मचारी विकास केंद्र का दौरा कर बालिका सशक्तिकरण अभियान में शामिल प्रतिभागियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

# विकास प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज

**लिया जायजा**

## निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर एक्सईएन प्रान्तीय खण्ड व निर्माण खण्ड-2

## परियोजना निदेशक डूडा को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यक्रमों व मुख्य मंत्री के प्राथमिकता से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा किया। इस दौरान विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा की, बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के सड़कों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की, तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड द्वारा सड़कों के निर्माण कार्य व अनुबन्ध आदि के कार्यवाही में शिथिलता बरती जा रही है, जिस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड व अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

आरईडी विभाग द्वारा बनायी जा रही सड़क व भवन निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन स्तर पर पत्राचार किया जाने का निर्देश दिया। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर परियोजना निदेशक (डूडा) को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गांवों में किये गये समूहों के गठन का रेण्डम आधार पर निरीक्षण कर उसके संचालन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जाये, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत स्तरों पर प्राप्त शिकायतों के जॉच के लिए नामित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर ग्राम पंचायतों की जॉच कर आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव में आयुष्मान कार्ड बनाते हुए ग्राम पंचायत अधिकारियों से पात्र लाभार्थियों की सूची प्राप्त करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में जिन भी कर्मियों द्वारा शिथिलता बरती जा रही है, उनके सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत कर उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही सुनिचित की जाये। कृषि विभाग के समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सम्मान निधि की योजना से हर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये, किसान सम्मान निधि योजना के जो भी लाभार्थी अब तक अपना केवाईसी नहीं करा पाये हैं, उनके लिए 13 जून से सम्बन्धित तहसीलों में कैम्प आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जाकर अपना केवाईसी करा सकते हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ओम प्रकाश यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### उद्यमियों की मदद करें अधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे नियमानुसार कार्यवाही कर उद्यमियों की मदद करें, ताकि अधिकधिक रोजगार सृजित हों और उद्यमी भी सकून के साथ अपने उद्योग को संचालित करते रहें। उन्होंने मौके पर मौजूद उद्योग विभाग को सहेजते हुए कहाकि उद्यमियों के प्रति की जा रही कार्यवाही पर अपनी पैनी नजर रखें, ताकि उद्यमियों के मामलों का निस्तारण समयबद्व तरीके से हो और जिले में कारोबार व व्यापार क्षेत्र में विकास हो,ताकि अधिकाधिक लोगों को आसानी के साथ उचित दर पर जरूरत के सामान मिले और रोजगार के अवसर भी बढ़े।

### युवाओं को रोजगार दिलाने में हो रही लापरवाही

**दुद्धी।** सरकार बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं, इसके लिए हर महीने रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है ताकि प्रशिक्षण युवक/युवतियों को कम्पनियों औद्योगिक संस्थानों में अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा जा सके, लेकिन रोजगार मेले को लेकर जनपद के औद्योगिक संस्थान कितने गम्भीर हैं इसका अंदाजा सोमवार को नोडल आईटीआई दुद्धी में लगे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला से लगाया जा सकता है। सोमवार को आई टी आई में लगे मेले में जनपद के कुल 08 उद्योगो / प्रतिष्ठानों में रोजगार हेतु लगभग 290 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया,जिसमें प्रथम द्दष्टया 8 औद्योगिक संस्थानों ने मिलकर मात्र 28 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस हेतु चयन किया। चयनित अभ्यर्थियों को अधिष्ठान के अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर लगभग 02 सप्ताह में पंजीकृत कराते हुये शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु योजित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख रंजनामणि चौधरी ने किया। दुद्धी बार एसोसिएशन के सचिव दिनेश कुमार एड ने कहा कि सरकार तो रोजगार को लेकर गम्भीर है।

# डिप्टी सीएम ने मेडिकल कॉलेज व मंडी का लिया जायजा

**जाना हाल**

### उपमुख्यमंत्री ने कार्यदाई संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का दिया निर्देश

**चंदौली।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान नौबतपुर स्थित निमार्णाधीन बाबा किनाराम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां चल रहे कार्यों के विषय में कार्यदायी संस्था से पूछताछ कर प्रगति की जानकारी ली। वही लौटते समय अरविंद वाटिका में चाय पर चर्चा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज के संबंधित कार्यदाई एजेंसी के प्रतिनिधि एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण ढंग व समय से कार्य पूर्ण करा लिया जाए।

कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने नवीन कृषि मंडी स्थित निमार्णाधीन मत्स्य मंडी का निरीक्षण किया गया। 61.87 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन यह स्टेट ऑफ आर्ट होल सेल फिश मार्केट मत्स्य आयात निर्यात को बढ़ावा देने तथा चंदौली सहित पूर्वांचल के अन्य जनपदों में उत्पादित मछली का उचित मूल्य मत्स्य पालकों व व्यवसायियों को उपलब्ध होने, क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान मत्स्य पालकों की आय को बढ़ाने रोजगार सृजन मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने सामुद्रिक मत्स्य उत्पाद की उपलब्धता मत्स्य से संबंधित निवेश एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता के दृष्टिगत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्टेट आफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट नवीन मंडी परिषद चंदौली में बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि उक्त परियोजना जुलाई 2024 तक पूर्ण हो जाएगी। उप मुख्यमंत्र ने गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए परियोजना को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान चकिया कैलाश आचार्य, डीडीयू नगर रमेश जायसवाल, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहें।


बाबा किनाराम मेडिकल कालेज का जायजा लेते डिप्टी सीएम केशव मौर्य।

# अपने भविष्य को लेकर डिप्टी सीएम से मिले शिक्षामित्र

**मांग**

### समायोजन तक सम्मानजनक मानदेय देने सहित अन्य मांगों को रखा

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जनपद दौरे पर आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से चंदौली जिला मुख्यालय पर मिला। इस दौरान शिक्षामित्रों ने अपने भविष्य को सुरक्षित करने जैसे अतिमहत्वपूर्ण मांग को डिप्टी सीएम के समक्ष रखा। साथ ही यह भी अवगत कराया कि प्राथमिक शिक्षा की नींव को शिक्षामित्र कड़ी मेहनत व लगन से मजबूत बनाने का पूरी निष्ठा से निरंतर करते चले आ रहे हैं। ऐसे में सरकार को उन वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए, जो उसके शिक्षामित्रों के साथ किया था।

इस दौरान जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव अजीत ने कहा कि भाजपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में आयोजित चुनावी रैली के दौरान शिक्षामित्रों के भविष्य जिम्मेदारी ली थी, लेकिन अभी तक शिक्षामित्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भाजपा सरकार की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। जिस कारण आज प्रदेश के लगभग 1.5 लाख शिक्षामित्रों के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इनके बच्चे धनाभाव के कारण जरूरी शिक्षा हासिल करने से वंचित रह जा रहे हैं। इसके अलावा घर-परिवार की दवाई, भरण-पोषण, शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षामित्रों का धैर्य धीरे-धीरे जवाब दे रहा है।

औसतन प्रति वर्ष सैकड़ों शिक्षामित्र काल के गाल में समा जा रहे हैं, जिससे उनका परिवार अनाथ होता जा रहा है। कहा कि शिक्षामित्रों की विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए समायोजन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक शिक्षामित्रों को सम्मानजनक मानदेय दिया जाए। टेट व सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को नियमों में छूट प्रदान करते हुए सहायक अध्यापक बनाया जाए। डिप्टी सीएम ने शिक्षामित्रों की मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाकर पूरा करा का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हेमंत मौर्या, ओमप्रकाश मौर्या, जय प्रकाश मौर्या, आशुतोष मौर्या, मनोज तिवारी, राजेश सिंह, अजीत तिवारी, अनिल जायसवाल, सुमित कुशवाहा, अशोक आदि उपस्थित रहे।


डिप्टी सीएम को मांगों से संबंधित ज्ञापन देते शिक्षामित्र।

## संक्षेप

### दो अराजक तत्वों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के जलालपुर गांव के समीप सोमवार की देर रात अराजक तत्वों द्वारा गांव सभा के सामुदायिक शौचालय पर लगा समरसेबल, हैंडपंप, वायरिंग आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने पकड़कर दो आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र की जलालपुर गांव सभा के सामुदायिक शौचालय पर लगा समरसेबल, हैंडपंप, बिजली का वायरिंग आदि सामान को क्षतिग्रस्त कर रहे थे। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों को होने पर दौड़ा कर दो अराजक तत्वों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में ग्राम प्रधान राजबली यादव ने बताया कि सरकारी समाज को चोरी के उद्देश्य से आए हुए थे। सफलता नहीं मिलने पर क्षतिग्रस्त कर दिए। दो आरोपितों को हम लोग पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में कोई लिखित जानकारी नहीं दी गई है।

### चोरी का आभूषण व मोबाइल बरामद दो गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम जांच करते हुए मंगलवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने चोरी की सोने की एक जोड़ी कान की रिंग व एक मोबाइल बरामद किया। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई की। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन,सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम जांच पड़ताल कर रही थी। पुलिस ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से 2 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों में अनिल मौर्या व सागर कुमार बताए जाते हैं। जिनके पास से पुलिस ने चोरी की सोने की एक जोड़ी कान की रिंग व एक मोबाइल बरामद किया जिसका कीमत चालीस हजार रुपए बताई गई। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई। पकड़े गए अभियुक्त ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के सामानों की चोरी करते थे।

### नाबालिक लड़कियों को भगाने वाले दो किशोर गिरफ्तार

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के एक गांव की 2 नाबालिक लड़कियों के गुम होने की सूचना के संबंध में घर से भागी लड़कियों की मां द्वारा तहरीर धीना पुलिस को दी गयी थी जिसके अनुपालन में धीना पुलिस ने ग्राम बरठी थाना सकलडीहा जिला चन्दौली से दो युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसमें दोनों नाबालिक है दोनों को विभिन्न धाराओं में मुकदमा पजिकृत कर विधिक कर्यवाई के लिए न्यायालय में मंगलवार को पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवबाबू यादव, महिला कांस्टेबल आरती सरोज, कांस्टेबल अमन पासवान, राजेश चौहान शामिल रहे।

### किशोर के गुमशुदगी रिपोर्ट हुई दर्ज

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के महुंजी गांव निवासी 12 वर्षीय किशोर प्रिंस कुमार बीते 31 मई को घर के बाहर से लापता हो गया था। किशोर के पिता पिंटू बिन्द के तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्जकर अगली कार्यवाही में जुट गई। महुंजी गांव निवासी पिंटू बिन्द का 12 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार 31 मई को घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक किशोर गायब हो गया। परिजनों ने आस पास व रिश्तेदारों के पास किशोर का काफी खोजबीन किया। बावजूद किशोर का कोई जानकारी नहीं मिल सका। अंत में थक हारकर किशोर के पिता पिंटू बिन्द ने थाने पर तहरीर दिया। पुलिस किशोर के गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर अगली कार्यवाही में जुट गई है।

### नौगढ़ एसडीएम ने अस्पताल को किया सीज

**नौगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी आलोक कुमार ने कस्बा बाजार में अवैध रूप से संचालित आशिर्वाद हास्पिटल को मंगलवार को सीज कर अस्पताल में भर्ती मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि बीते दिनों ईलाज के रुपये की मनमाने ढंग से की गई मांग पर अस्पताल संचालक द्वारा मरीज को बंधक बनाए जाने के मामले में की गई जांच पर अस्पताल संचालक ने संचालन संबंधी समुचित कागजात मौके पर प्रस्तुत नहीं कर पाया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर अस्पताल को सीज करने की कार्यवाही कर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

# समूह से जुड़ी महिलाओं को समय से दिलायें अनुदानः बीडीओ

**निर्देश**

### समूह से जुड़ी महिलाओं को समय से ऋण मुहैया कराने का निर्देश

**सकलडीहा।** ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को बीडीओ अरूण कुमार पांडेय व ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह के नेतृत्व में नाबार्ड और जिला अग्रणी प्रबंधक क्षेत्रीय शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक कर अनुदान सहित योजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान समूह से जुड़ी महिलाओं को समय से ऋण मुहैया कराने का निर्देश दिया।

किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबधित के खिलाफ जांच कराने का निर्देश दिया। बैंक के अधिकारियों ने समूह की महिलाओं को अनुदान, फसली ऋण बीमा,ऋण की वसूली, क्रेडिट कार्ड, बीमा क्लेम आदि को लेकर शाखा प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला अग्रणी अधिकारी मनोज कुमार वर्णवाल और नाबार्ड के एडीएम तनुज सेन ने शाखा प्रबंधकों को समय बीमा का क्लेम उपभोक्ताओं को दिलाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत समूह की महिला को समय से ऋण मुहैया कराने का निर्देश दिया। अंत में योजनाओं पर दिये गये अनुदान का वसूली समय से कराने व खाताओं के डिफाल्टर न होने का बताया। इस मौके पर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह, शाखा प्रबंधक अनुभव अग्रवाल, जयप्रकाश यादव, प्रशांत कुमार, परमानंद गुप्ता, सुभाष जायसवाल, संजय, त्रिभुवन नाथ नाग, धर्मेन्द्र, विक्रांत, प्रशांत गौतम आदि मौजूद रहे।


ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक करते हुए एलडीएम और नाबार्ड के अधिकारी शाखा प्रबंधक

### ई-रिक्शा के धक्के से महिला की मौत

**डीडीयू नगर।** मानस नगर गेट के पास जीटी रोड पर ई-रिक्शा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी घायल हो गए। पत्नी की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चकिया कोतवाली क्षेत्र के कुसहा गांव निवासी पवन तिवारी अपनी पत्नी रीना तिवारी के साथ काफी दिनों से मुगलसराय में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट कार्य कर रहे थे। मंगलवार को भी पत्नी को मोटरसाइकिल पर बैठ कर किसी कार्यवश अलीनगर की तरफ गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही जीटी रोड पर मानस नगर के समीप रुक कर कुछ कार्य करना चाहते थे, तभी तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने रीना तिवारी 42 वर्ष को धक्का मार दिया।जबकि पति पवन तिवारी 45 वर्ष आंशिक रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में रीना तिवारी को स्थानीय एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालात गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# खिलाड़ी हार से घबराएं नहीं, सीखकर बढ़ें आगेः दानिश

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** जिला महिला क्रिकेट संघ के बैनर तले आयोजित अंतर जनपदीय महिला टी ट्वेंटी क्रिकेट का समापन मैच मंगलवार को बीपी हायर सेकंडरी स्कूल में खेला गया। इस दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य व समाजसेवी दानिश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के दौरान कहा कि हार और जीत खेल के ही हिस्से हैं। खिलाड़ी को हार से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सिखना चाहिए।

सामाजिक स्तर पर खेलों का आयोजन किया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना बहुत जरूरी है। यूपी टैलेंट ने पूर्वांचल स्पोर्ट्स चंदौली को मैच में 12 रन से हराकर खिताब जीत लिया इस दौरान यूपी टैलेंट की टीम ने 15 ओवरों में 115 रन बनाए। जिसमे काजल ने 41 रन में सात शानदार बाउंड्री लगाई। जवाब में उतरी पूर्वांचल स्पोर्ट्स की महिला क्रिकेट टीम सिर्फ सात विकेट पर 103 रन ही बना पाई। जिसमें यूपी टैलेंट की टीम ने खिताब पर अपना कब्जा जमा लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार निक्की को दिया गया।

समापन समारोह में समाजसेवी दानिश ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार के साथ मेडल पहनाकर व सिल्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान अरशद सिद्दीकी, आसिफ जाफरी, संजय सिंह, संगीता सिंह, चंदन यादव, आकाश प्रजापति, सुमित शर्मा, वसीम अहमद, शाहनवाज पोपे, शौजब हुसैन, मुकेश पटेल शामिल रहे।

# शहाबगंज में बगैर काम के वेतन ले रहे दो सेक्रेटरी

**इलिया।** शहाबगंज विकास खंड में दो सेक्रेटरी महीनों से बिना काम किये वेतन ले रहे हैं। विकास खण्ड अधिकारी को भी इन दोनों सेक्रेटरीयों को बिना काम का वेतन देने से कोई गुरेज नहीं है। ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार बरहनी ब्लॉक से स्थानांतरित के बाद एक अगस्त 2022 को शहाबगंज ब्लॉक में जॉइन किये। ज्वाइनिंग के 10 माह बाद भी अब तक किसी भी ग्राम पंचायत का चार्ज नहीं लिए। ज्वाइनिंग के कुछ महीने बाद दो तीन माह मेडिकल लिव पर थे मेडिकल लिव से वापस आने के बाद भी लगभग सात महीनों से बैठ कर वेतन ले रहे है। जिसके कारण वह अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे है।

वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी राम दुलार बरहनी ब्लॉक से निलंबित होने के बाद लगभग एक माह से विकास खण्ड शहाबगंज में ज्वाइन कर लिये है। ज्वाइनिंग के बाद भी अब तक किसी भी ग्राम पंचायत का चार्ज इन्होंने भी नही लिया और बिना काम के वेतन ले रहे है। इन दोनों अधिकारियों को बिना काम किये वेतन लेने में इतना आनंद आ रहा है कि हस्ताक्षर करने भी ये प्रतिदिन कार्यालय नहीं जाते, बल्कि एक दिन ही कार्यालय पहुँचकर पिछले दस या उससे ज्यादा दिनों के हस्ताक्षर कर जाते है।

इस दौरान डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे ने बताया कि शहाबगंज में एक ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित हुए है उनका जो भी कलस्टर खाली है। प्रस्तावित कर उन लोगों को जल्द ही ग्राम पंचायतों का चार्ज दिया जाएगा।



शहाबगंज ब्लाक मुख्यालय भवन।

### बहुभोज कार्यक्रम में मारपीट युवक को मारा चाकू

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में सोमवार की देर रात को बहुभोज कार्यक्रम में किसी बात को लेकर बहस व मारपीट के बाद युवक 36 वर्सीय रजनीकांत को समारोह में आये रिस्तेदारो ने चाकू मारकर फरार हो गए। घटना के बाद में अफरा तफरी मच गयी। मारपीट के बाद पहुँची पुलिस ने युवक को ट्रामा सेंटर भेजवाया। क्षेत्र के प्रभूर ग्राम सभा के सलेमपुर में सोमवार की रात में बाला लखेन्द्र के घर बहुभोज कार्यक्रम था। बहुभोज में गांव के ही दयाशंकर के सिरोहपुर सकलडीहा के रिश्तेदार रतेंद्र व सन्तोष भी शामिल हुए। भोजन के दौरान कुछ बातों को लेकर आपस मे विवाद व मारपीट हो गया। जो बुजुर्गों के समझाने पर उस वक्त तो मान गये, किन्तु भोजन के बाद जाते समय दोनों ने रजनीकांत को दो जगह चाकू से हमला कर फरार हो गये। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरातफरी मच गयी। घटना के बाद पहुँची पुलिस ने इलाज के लिए भेजा। जिसे परिजन उसे ट्रामा सेंटर ले गये। इस संदर्भ में मोहरगंज चौकी इंचार्ज सुनील सिंह का कहना है कि अभी तक परिजनों से कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। मिलने के बाद कार्यवाही तय है।

# सड़क पर बह रहे नाबदान के पानी से ग्रामीणों में आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**

**चहनियां।** भाजपा नीत केन्द्र व प्रदेश की सरकार जहां एक तरफ गड्ढा मुक्त सड़क का दावा कर रही है। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही शासन की मंशा व दावे को बाट लगा रही है। मारूफपुर गांव के सामने तिरगांवा सैदपुर से चन्दौली वाया चहनियां सकलडीहा मुख्य सड़क पर बने हुए गड्ढे उसमें बह रहे नाबदान के पानी से आजिज ग्रामीणों व राहगीरों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। तिरगांवा सैदपुर से चन्दौली मुख्य सड़क की दशा किसी से छिपी नहीं है। जगह जगह टूटी सड़कें, बिखरी गिट्टी, सड़कों पर बने बेतरीब अनगिनत गड्ढे इसकी पहचान बन चुकी है।

लेकिन बीच बीच में सुबे के मुखिया आदित्यनाथ योगी द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क के फरमान के बाद दो तीन ट्राली गिट्टी बिखेर कर लोक निर्माण विभाग अपनी पीठ अपने ही थपथपा लेता है। लेकिन सच्चाई राहगीरों और ग्रामीणों की जुबान पर बनी हुई है जो सरकार, सांसद और विधायक को कोसते नही अघा रहे है। इन सब के बीच जगह जगह मुख्य सड़क पर बह रहा नाबदान का पानी राहगीरों को पवित्र कर रहे हैं। मारूफपुर गांव के सामने बने बेतरीब गढ्ढे और उसमें बह रहा नाबदान का पानी जिसमें आये दिन लोग गिरकर चोटहिल हो रहे है और कपड़े खराब हो रहे है से आजिज आकर ग्रामीणों व राहगीरों ने जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए पानी निकासी व गढ्ढा भरवाने की मांग किया है। प्रदर्शन करने वालों में नागेन्द्र मिश्र, नीरज मिश्र, अरूण मिश्र, वकील राम शर्मा, रविशंकर मिश्र, राजाराम, राधेश्याम, लक्ष्मण चौरसिया, भैयालाल, रामबली यादव सहित अन्य कई लोग रहे।


सैदपुर-चन्दौली मुख्य सड़क पर मारूफपुर गांव के सामने बह रहे नाबदान के पानी में खड़ा होकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# डिप्टी सीएम ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

**बैठक**

### कलेक्ट्रेट में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों संग की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने जनपद में विकास की गति में तेज करने के साथ ही अपराध व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जिले में विशेष अभियान चलाकर चारागाह की भूमि, जलाशयों, चक मार्गों पर हुए अवैध कब्जे हटाया जाए। जनपद में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। नौगढ़ क्षेत्र में गर्मी के दृष्टिगत पेयजल की किल्लत दूर करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी के टैंकर लगाएं जाएं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया कि विद्युत सप्लाई की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति प्रत्येक दशा में किया जाए।

एक सप्ताह के अंदर अभियान चलाकर विद्यतीकरण की कार्रवाई की जाए। विद्युत चोरी के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में क्राइम, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही घटनाओं का पदार्फाश करने के साथ ही अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने और अवैध गोवंश तस्करी पर पूर्णतः लगाम लगाने का निर्देश दिया। सिंचाई और बिजली विभाग की तत्काल बैठककर लो-वोटेल की आ रही समस्या को दूर कर लिया जाए। ताकि पम्प कैनालों को पूरी क्षमता से चलाया जा सके। नहरों का पानी टेल तक पहुंचा जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि चंद्रप्रभा बांध के लीकेज के दुरूस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जाए। अवैध ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश एआरटीओ को दिया। कहा कि अभियान चलाकर अपात्र राशन कार्डधारकों के निरस्त करते हुए पात्रों के राशन कार्ड बनवाए जाएं। परिषदीय स्कूल के बच्चों को निशुल्क किताबें, जूता-मोजा, यूनिफार्म का वितरण कराए जाने का निर्देश दिया। समस्त गौशालाओं में बाउंड्रीवाल बनवाए जाएं। हरे चारे के लिए नेपियर घास, चरी आदि की बुआई करवा लिया जाए। वीसी सखी, विद्युत सखियों के आय संवर्धन के संबंध में भी निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि ग्राम चौपालों का निदेर्शानुसार आयोजन किया जाए। इसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हों। पुरानी जीटी रोड पर सड़क के किनारे अभियान चलाकर व्यापक साफ-सफाई कराने का निर्देश पीडब्लूडी के एक्सईएन को दिया। उपमुख्यमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना, मनरेगा योजना में प्रगति तेज करने पर जोर दिया। कहा कि आयुष्मान योजना में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लंबित समस्त प्रकरणों का अविलंब समाधान किया जाए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, कैलाश आचार्य, रमेश जायसवाल के अलावा जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, सीएमओ डा. वाईके राय, डीडीओ लक्ष्मण प्रसाद, पीडी डीआरडीए सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

## डिप्टी सीएम का जगह जगह हुआ स्वागत

**चंदौली।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान जगह-जगह कार्यकताओं व उनके समर्थकों ने माल्यार्पण व अंगवस्त्रम भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर केशव प्रसाद मौर्य ने भी भाजपा सरकार की उपलब्धियों को कार्यकताओं के बीच रखा और मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर सरकार के कामकाज को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व कार्यकताओं को सौंपा। इस कड़ी में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत चंदौली जाते हुए फूल माला और अंगवस्त्रम भेंट कर कार्यकताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर डॉ मनोज सिंह मौर्य, अजित मौर्य सभासद, अनिता कुशवाहा, मालती गुप्ता, कुंदन, राजाराम, सियाराम मौर्य, अमित मौर्य, बबलू सिंह, सरस्वती देवी, निर्मला देवी ,आदि सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।


डा. मनोज सिंह मौर्य के नेतृत्व में डिप्टी सीएम का स्वागत करते समर्थक।

# बालिका की संदिग्धावस्था में ट्रेन से कटकर मौत

**दुखद**

### निर्वस्त्र अवस्था में क्षत-विक्षत शव मिलने से मचा हड़कंप


रेलवे ट्रैक पर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ व छानबीन करती पुलिस

**मीरगंज।** असवा और गरियाव गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक बालिका की लाश की सूचना पर पहुंची जंघई चौकी पुलिस ने मामला मुंगराबादशाहपुर पुलिस का बताते हुए मुंगरा पुलिस को अवगत कराया। जांच में पता चला की गरियांव गांव की बालिका रिंकी देवी (14) पुत्री घनश्याम गौतम की सोमवार की रात्रि में ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतिका के पिता की दो वर्ष पूर्व मौत हो गई थी तथा भाई की दिमागी हालत ठीक नहीं बतायी जा रही है। बहन पिंकी व माता सरोजा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मां सरोजा देवी ने गांव के दो युवकों पर आरोप लगाया है की रात में बेटी के फोन पर बगल के शन्नी का फोन आने के बाद मेरी बेटी गायब हुई और सुबह उसकी निर्वस्त्र लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है। परिजनों की तहरीर पर मुंगराबादशाहपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी गई है।

# नशामुक्त युवा ही रखेगा विकसित भारत की नींव : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**कार्यक्रम**

### नशा करने वालों की सामाजिक रूप से निंदा करें : संजय राय

### पीयू में नशा मुक्त परिसर व जन जागरूकता पखवाड़ा की हुई शुरूआत


कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में नव स्थापित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा स्वशासी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 12-26 जून तक चलने वाले जन जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसका विषय था 'नशामुक्त परिसर और समाज'।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहता है कि विश्वविद्यालय परिसर नशामुक्त बनें। नशामुक्त युवा ही सक्षम एवं विकसित भारत की नींव रखने में सहायक होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. शिव कुमार, प्राचार्य उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा स्वशासी महाविद्यालय ने कहा कि रोकथाम इलाज से बेहतर होता है। हमें नशे से ग्रसित व्यक्ति के साथ ही साथ उसके परिवार, मित्रों एवं परिवेश को भी समझने की आवश्यकता है। हमें इसके अंदर चल रही भावों एवं पीड़ा को समझने की आवश्यकता है। बतौर विशिष्ट वक्ता चिकित्सा महाविद्यालय के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद वर्मा ने नशा से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। उन्होने कहा कि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं घरेलू हिंसा से परेशान होने के बाद लोगों में नशे का सेवन करने की शुरूआत होती है। इस पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा इस पखवाड़ा कार्यक्रम के समन्वयक एवं नोडल अधिकारी, एंटी नारकोटिक्स ड्रग एवं डीएडिक्शन डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष रखी। कार्यक्रम का संचालन हेदायत फात्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश पार्थडीकर ने किया। इस मौके पर वित्त अधिकारी संजय कुमार, प्रो. राकेश कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. पुनीत सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्या तथा करीब 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## दबंगो ने मार पीटकर युवक को किया घायल

**सिरकोनी।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज टोलप्लाजा के पास एक 26 वर्षीय युवक को दबंगो ने पीटकर घायल कर दिया। युवक को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। मुरारपुर गांव निवासी अनुराग चौहान पुत्र दिनेश चौहान अपनी बहन को उक्त टोलप्लाजा के पास रोडवेज बस पर बिठाकर घर लौट रहा था। लौटते समय राजभर बस्ती के कुछ युवकों ने लाठी-डंडे से अनुराग चौहान के ऊपर हमला कर दिया। हमले में अनुराग को काफी चोटे आयीं। स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार से उसको दबंगो के चंगुल से बचाया।

अनुराग ने बताया कि तीन दिन पहले गांव में डॉ. चन्द्रशेखर के घर उनके लड़की की शादी थी। वहां पर नाचने गाने को लेकर विकास राजभर की गांव के कुछ युवकों ने पिटाई कर दी थी। उस घटना को लेकर उक्त आधा दर्जन से अधिक युवकों ने मुझे मारा पीटा। अनुराग ने विकास राजभर, विरेन्द्र राजभर, मनोज राजभर सहित अन्य आधा दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दिया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं का तहसील में हंगामा

**विरोध**

### सभी न्यायालयों में तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

### अनिश्चित कालीन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय

**जनसंदेश न्यूज**

**मछलीशहर।** तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार व घूसखोरी के खिलाफ अधिवक्ताओं ने मंगलवार को तहसील खुलते ही हंगामा शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुये जुलूस निकाला तथा सभी न्यायालयों में तालाबंदी करा दिया। अधिवक्ताओं ने बैठक कर अनिश्चित कालीन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय भी लिया।

तहसील सभागार में 5 जून को तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार, घूसखोरी सहित 15 बिदुओं पर समाधान के लिये अधिवक्ताओं व तहसील अधिकारियों के मध्य वार्ता हुई थी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने राजस्व कर्मियों व अधिकारियों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध धन उगाही की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समाधान की मांग की थी। मुख्य मांगों में धारा 24 हदबन्दी, धारा 116, धारा 67(1), धारा 30(2), धारा 32/38, बैनामों के दाखिल खारिज, वरासत, सभी न्यायालयों की अविवादित पत्रावलियों के तत्काल निस्तारण की मांग किया गया था। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार मूसा राम, नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार आदि ने 15 विन्दुओं के समाधान का आश्वासन दिया था। उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की टीम गठित कर लम्बित हदबंदी पूरा कर न्यायालय में फील्ड बुक के साथ रिपोर्ट दाखिल करने व अभियान चलाकर वरासत दर्ज कराने की बात कही और अवैध धन उगाही की शिकायत मिलने पर कार्यवाही का भी आश्वासन दिया था लेकिन वार्ता के नौ दिन बाद भी किसी बिन्दु पर अमल नहीं हुआ और न किसी के राजस्व कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही ही हुई तो अधिवक्ता आक्रोशित हो गये। नारेबाजी व तालाबंदी के बाद अधिवक्ता भवन में साधारण सभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी मांगों के निस्तारण तक अनिश्चित कालीन न्यायिक कार्य ठप्प रहेगा। 20 जून को फिर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।


तहसील परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी करते अधिवक्तागण

इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामन्त्री बनवारी राम मौर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मणि शुक्ला, सरजू प्रसाद विन्द, इंदू प्रकाश सिंह, भरत लाल यादव, आरपी सिंह, नागेन्द्र श्रीवास्तव, प्रेम बिहारी यादव, यज्ञ नारायण सिंह, सुरेश सिंह, कुंवर भारत सिंह, जेपी दूबे, संजीव चौधरी, विकास यादव, आलोक विश्वकर्मा, वीरेंद्र मौर्य सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

**संक्षेप**

### दुर्गा मंदिर से प्रतिमा का मुकुट चोरों ने उड़ाया


गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरसौड़ा गांव की घटना, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के सरसौड़ा गांव स्थित दुर्गा मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा से चांदी का मुकुट सोमवार की रात किसी समय चोरों ने चुरा लिया। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह मंदिर पर पूजा करने गए लोगों को हुई तो श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। चोरी गए मुकुट की कीमत लगभग 8 से दस हजार रुपए बताई जा रही है। सरसौड़ा स्थित उक्त मंदिर वर्षों पुराना है। रोज की भांति जब मंगलवार को गांव के ही एक श्रद्धालु फूले मंदिर में पूजा करने के लिए गए तो दरवाजे का ताला किसी लोहे की सरिया से चांड़कर तोड़ा हुआ मिला। जब श्रद्धालु अंदर पहुंचे तो प्रतिमा पर लगा हुआ चांदी का मुकुट गायब था। घटना की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक इष्ट देव पांडे ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इस मामले में पूछे जाने पर उपनिरीक्षक इष्ट देव पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी है जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में तेल भरवाकर निकल रहे युवक को पल्सर सवार चालक ने बुरी तरह टक्कर मारकर फरार हो गया। गम्भीर रूप से घायल युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। थाना क्षेत्र के सद्दोपुर गांव निवासी सूर्यप्रकाश सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि करीब 40 वर्षीय चाचा विक्रम प्रताप उर्फ संतोष सिंह, भाई दिनेश सिंह के साथ सोमवार की शाम पेट्रोल पंप पर तेल लेने गए थे। साढ़े सात बजे के करीब तेल लेकर बाइक से सड़क पर खड़े थे तभी एक दूसरा पल्सर सवार युवक संतोष की बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुँचे परिजन घायल संतोष को जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर थाने पहुँचे जहां पुलिस ने आवश्यक लिखापढ़ी के पश्चात शव को पीएम हेतु भेज दिया।

### बालक के साथ किशोर ने किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

**खुटहन।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 9 वर्षीय बालक के साथ गांव के ही एक किशोर द्वारा अप्राकृतिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप के आधार पर पुलिस ने आरोपित किशोर को हिरासत में लेकर बालक को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। गांव निवासी पीड़ित बालक के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी गांव के 16 वर्षीय आर्यन तिवारी पड़ोस में खेल रहे 9 वर्षीय बालक को टाफी दिलाने के बहाने बगीचे की तरफ ले गया जहां उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाया। किसी तरह से उसके चंगुल से छूट बालक अपने घर पहुंचा और आपबीती अपनी मां से बताया। मामला खुलते ही स्वजन आगबबूला हो गए। घटना की सूचना थाने पर दी गई। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर में लगाए गए आरोप के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण


सीएचसी के कम्प्यूटर कक्ष में पूछताछ करते डीएम

**कर्मचारियों के फूले हाथ पांव**

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जिलाधिकारी अनुज झा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अभिलेखों की जांच की तथा कम्प्यूटर कक्ष में पहुंच कर वहां पर भी निरीक्षण किया। कम्प्यूटर कक्ष में कर्मचारियों एवं अधिकारियों से एमवाईसी के विषय में जानकारी चाही लेकिन अधिकारी सही जबाब नहीं दे पा रहे थे। पत्रकारो की टीम ने जिलाधिकारी से दवा व वैक्सिन के विषय में पूछा तो उन्होंने बताया कि एक दवा नहीं है वह भी जल्द उपलब्ध हो जायेगी। अल्ट्रासाउन्ड के विषय में उन्होंने बताया कि जिले पर इसकी ब्यवस्था है। जो डाक्टर उपस्थित नहीं थे उनके विषय में पूछा गया। जिलाधिकारी के चले जाने के बाद सीएचसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के श्रीरामपुर मोहल्ले में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वांरटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। नगर के श्रीरामपुर मोहल्ला निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र स्व. भारत भूषण न्यायालय में चल रहे मारपीट व दहेज अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहा था। मंगलवार की सुबह एसआई वरूणेन्द्र राय, कांस्टेबल महेश कुमार ने घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक आज

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय विकासखंड की क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानों की संयुक्त बैठक बुधवार 14 जून को सुबह 10:30 बजे से होगी। क्षेत्र प्रमुख रेखा यादव ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों से उपस्थित रहने की अपील की है। उक्त जानकारी क्षेत्र प्रमुख रेखा यादव ने दिया है।

### टेम्पो से गिरकर युवक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एराकियाना स्थित गन्हौरा पुल के समीप टेम्पो सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। खेतासराय थाना क्षेत्र के गोधना गांव निवासी 45 वर्षीय राम वचन पुत्र बनवारी मंगलवार की शाम खेतासराय से टेम्पो में सवार होकर शाहगंज आ रहा था। मुख्य मार्ग स्थित गन्हौरा पुल समीप अनियंत्रित होकर टेम्पो से गिरकर युवक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### नकली तम्बाकू के साथ एक गिरफ्तार

**बरसठी।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष गोविन्द देव मिश्रा की टीम ने सतीश सिंह के साथ पवन किराना स्टोर सरसरा के मालिक भगेलू राम पुत्र सरजू राम निवासी कान्हपुर थाना बरसठी जो नकली तम्बाकू को अवैध रूप से बेचने का कारोबार कर रहा है, को नकली तम्बाकू की 1316 पैकेट के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही धारा 63/65 कापी राइट एक्ट में पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में स0उ0नि0 राजकुमार यादव, का0 सुरेश यादव, का0 ओम प्रकाश यादव शामिल रहे।

# टीम ने ईंट-भट्ठों की जांच कर वसूला साढ़े चार लाख का विनियमन शुल्क

**कार्रवाई**

### देवकली में बिना पंजीकरण के चलता मिला ईंट-भट्ठा, दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त

### एक लाख कच्ची ईंटे भी कराई गई नष्ट

**जनसंदेश न्यूज**


ईंट-भट्ठों की जांच के दौरान पूछताछ करती एसडीएम नेहा मिश्रा

**केराकत।** एसडीएम नेहा मिश्रा के दिशा निर्देशन में जिला खनन अधिकारी राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त लेबर इन्फोर्समेंट ऑफिसर और जिला पंचायत इंस्पेक्टर ने मंगलवार को तहसील क्षेत्र के ईंट भट्ठों की जांच पड़ताल की।

इस दौरान खुज्जी में स्थित आरके मार्का ईंट भट्ठे से एक लाख चौरासी हजार का विनियमन शुल्क एक लाख का जीएसटी और 16 हजार रूपए जिला पंचायत शुल्क सहित कुल 3 लाख रुपए का शुल्क वसूला गया। इसी जगह बाबा एंड आशीष ईंट भट्ठे से 1 लाख 54 हजार का विनियमन शुल्क लिया गया। इसी प्रकार देवकली के गगन मार्का ईंट भट्ठा बिना पंजीकरण के फर्जी ढंग चलता मिला। अधिकारियों ने बताया कि भट्ठा न तो जीएसटी विभाग न श्रम विभाग और न ही जिला पंचायत विभाग में पंजीकृत है। संग्रह अमीन की पूर्व सूचना के बाद भी ईंट भट्ठा मालिक गायब रहे। उनका मोबाइल नंबर भी बंद मिला। अधिकारियों ने मौके से लगभग एक लाख कच्ची ईंट नष्ट कराया साथ ही दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर कोतवाली थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इस मौके पर अधिकारियों ने भट्ठे के मुंशी को जिलाधिकारी के अग्रिम आदेश तक भट्ठा बंद रखने की हिदायत दी। कहा कि यदि ईंटों की निकासी, पथाई, फुंकाई और खरीद फरोख्त करने की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वॉलीबॉल सहित अन्य खेलों का आयोजन 17 से

**करंजाकला।** उ.प्र. स्पोर्ट्स कालेज सोसायटी लखनऊ के अधीन संचालित गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर एवं मेजर ध्यानचनद स्पोर्ट्स कालेज सैफई जनपद इटावां में सत्र 2023-24 में कक्षा-6 में प्रारम्भिक चयन परीक्षा वाराणसी मण्डल की 17-18 जून को वॉलीबाल एवं बैडमिण्टन (बालक/बालिका वर्ग), क्रिकेट, फुटबाल (केवल बालक वर्ग) एवं जूडो (केवल बालिका वर्ग) 19-20 जून को एथलेटिक्स (केवल बालक वर्ग), हॉकी, जिम्नास्टिक, कुश्ती (बालक/बालिका वर्ग), कबड्डी (केवल बालक वर्ग) एवं तैराकी (केवल बालिका वर्ग) में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी है।



## फूड विभाग की छापेमारी से दुकानदारों में मची अफरा-तफरी


रामपुर बाजार में दुकानदार से पूछताछ करती फूड विभाग की अधिकारी

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के रामपुर बाजार में फूड विभाग की अधिकारी तुलिका शर्मा ने कई दुकानो पर छापा मारा। उन्होंने सभी दुकानदारों के लाइसेंस चेक किया और सभी को नसीहत देते हुए छोड़ दिया।

रामपुर बाजार में मंगलवार की दोपहर फूड विभाग की अधिकारी तुलिका शर्मा बाजार में अनन्या चायनिज फूड कार्नर, जय मां लक्ष्मी किराना एण्ड जनरल स्टोर, अजय मिष्ठान भंडार पर छापा मारा और लाइसेंस की जांच की। जय लक्ष्मी किराना एवं जनरल स्टोर में छापा मारने पर डेट एक्स्पायरी का मसाला मिलने पर हिदायत देकर छोड़ दिया। अनन्या चायनिज के दुकानदार को दो किस्म का प्लेट रखने की हिदायत दिया। अधिकारी तुलिका शर्मा ने पूछने पर बताया कि इन लोगों को सुधार के लिए नोटिस जारी होगी इसके बाद सुधार नहीं आया तो इन लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी। अभिशेष मेडिकल की दुकान चेक किया तो उस पर खाद्य पदार्थ रखने पर लाइसेंस बनवाने की हिदायत दी। उन्होंने कहाकि जितने मेडिकल वाले खाद्य पदार्थ रखे है सभी लोग फूड लाइसेंस बनवा लें।

## ट्रैक मरम्मत कार्य को लेकर तीन घंटे खड़ी रही गोदिया व सुहेलदेव एक्सप्रेस

**कड़ी धूप में स्टेशन पर पानी के लिए तरसे यात्री**

**जफराबाद।** गाजीपुर जफराबाद रेल प्रखंड पर औड़िहार के पास ट्रैक मरम्मत कार्य के लिए मंगलवार को सुबह से ब्लॉक लिया गया था। गाजीपुर की तरफ जाने वाली ट्रेन गोदिया एक्सप्रेस तीन घंटे तक रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। सुहेलदेव जौनपुर जंक्शन पर लगभग दो घंटे तक खड़ी रही। यात्री प्यास और तेज धूप की वजह से झल्लाकर बार-बार स्टेशन मास्टर से उलझ जा रहे थे। किसी तरह उनको समझा-बुझाकर शांत कराना पड़ा। स्टेशन अधीक्षक ने यात्रियों को समझाया कि आगे ट्रैक की मरम्मत हो रही है ट्रेन नहीं जा सकती। बार-बार यात्री गोदिया एक्सप्रेस को जौनपुर जंक्शन पर जाने के लिए मांग कर रहे थे। जंक्शन पर भी रेल ट्रैक खाली नहीं था। स्टेशन अधीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि औड़िहार में ब्लॉक लेने की वजह से जौनपुर जंक्शन पर सुहेलदेव को 10 बजे तक



से 12:15 बजे तक स्टेशन पर रोकना पड़ा। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर गोदिया एक्सप्रेस 12 से दोपहर 3 बजे तक खड़ी रही। स्टेशन पर पेयजल के लिए समुचित व्यवस्था न होने की वजह से यात्री पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर आए दिन पानी में लगे टोटी को यात्री तथा अन्य खुराफाती तत्व तोड़कर उठा ले जाते हैं जिसकी वजह से पानी की समस्या बनी रहती है। आसपास मार्केट न होने की वजह से एक दो छोटी चायपान की दुकानें हैं। बोतल का पानी का स्टॉक खत्म हो गया था। ऐसे में यात्री पानी के लिए तरस गए।

# राष्ट्र को सशक्त बना रही है मोदी सरकार : दर्शना सिंह

**बैठक**

### कहा, उत्तर प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा ने लिया है संकल्प

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का मुंगराबादशाहपुर में किसान मोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा की बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। बैठक की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह रहीं। बैठक का शुभारम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक भारत की संकल्पना को साकार किया है। मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से पूरा किया है। हमें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस होता है। भारतीय के जीवन को बदलते हुए देखते हैं तो हमें खुशी होती है। हमारी सरकार हमारे राष्ट्र को सशक्त बना रही है और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। आज मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई राजनीति की शुरूआत हुई है जिसने आम नागरिकों की भावना को समेट लिया है। कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार के सफल 9 साल के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

संयुक्त मोर्चा की भूमिका पर भी चर्चा करते हुये मुख्य अतिथि दर्शना सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित करिये और पूरी टीम के साथ हम अपने रिपोर्ट कार्ड को लेकर जनता के बीच जाये। केंद्र में एक बार फिर दोबारा से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए प्रदेश की जनता से आग्रह करें। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह से भाजपा की स्थिति और संकल्प है उस हिसाब से उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें जीतेंगे।

लोकसभा प्रभारी बृजेन्द्र राय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आज गरीब पिछड़े व अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी अपने अनुशासित कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और गतिशीलता के दम पर पिछले सभी रिकार्डों को तोड़ते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगी जिस तरह से निकाय चुनाव में पार्टी सभी नगर निगमों सहित नगर परिषदों, नगर पंचायतों में एकतरफा जीत का परचम फहराया है उसी तरह आगामी लोकसभा में भी सभी सीटें जीतकर परचम लहराएगी। सभा को मोर्चे के अध्यक्ष गण नरेन्द्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह, अजय सरोज और मेराज हैदर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर प्रमोद यादव, अर्चना शुक्ला, विश्वामित्र, राजकुमार जायसवाल, राजू केसरी, नीलम गुप्ता, पुष्पा शुक्ला, घनश्याम यादव एक समस्त मोर्चे के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पशु तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे, पुलिस को मिली कामयाबी

**कार्रवाई**

**दो फरार पशु तस्करों की गिरफ्तारी हेतु किया जा रहा प्रयास**

**वध के लिए ले जाए जा रहे 22 राशि गोवंश बरामद**

**जनसंदेश न्यूज**



बरामद गौ वंश

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने भदोही पुलिस द्वारा जनपद में गौ तस्करी पर पूर्णतः विराम लगाने के निर्देश दिए हैं। एसपी के निर्देश के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार पशु तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाई की जा रही है।

सोमवार की रात थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थानीय पुलिस टीम द्वारा भीटी बॉर्डर से पीछा करते हुए ट्रक वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे कुल 22 राशि गोवंश के साथ पशु तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार पशु तस्कर के दो अन्य साथी मौके से भागने में सफल रहे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है। ट्रक वाहन व गोवंश को कब्जे लेते हुए गिरफ्तारशुदा पशु तस्कर सहित दो अन्य फरार साथियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया। गिरफ्तारशुदा गौ तस्करों में चंदन यादव पुत्र वीरा यादव उम्र करीब 35 वर्ष निवासी अजयपुर, सलारपुर थाना भांवर कोल जनपद गाजीपुर का रहने वाला हैं। फरार तस्कर उपेंद्र यादव उर्फ गोरे पुत्र राम पूजन यादव निवासी पवनी, बक्सर, बिहार का व अभिषेक राय उर्फ धरनी राय पुत्र चुन्नू राय निवासी ग्राम ढड़नी, थाना सुहवल जनपद गाजीपुर की पुलिस को तलाश हैं। एसपी डॉ .अनिल कुमार ने बताया कि गौ तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं।

## गौशालाओं में तड़प रही हैं गौ माता, नहीं बंद हो रही तस्करीः देवेंद्र कुमार

**गौ आश्रय स्थलों में हो रही गायों की दुर्दशा**



प्रेस वार्ता करते भारतीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार तिवारी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश की गौशालाओं में गौ माता तड़प रही हैं, गौ आश्रय स्थलों में गायों की दुर्दशा हो रही हैं, बड़े बड़े दावे व वादों के बीच आज भी गौ तस्करी पर रोक नही लग पायी है। यह बातें भारतीय किसान मंच एवं भारतीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को भदोही के स्टेशन रोड स्थित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में प्रेस वार्ता के दौरान कही। भारतीय किसान मंच एवं भारतीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि निजी नलकूप से बिल लिया जाना किसानों की गम्भीर समस्या हैं। जबकि सरकार ने कहा था कि बिजली बिल नहीं लिया जाएगा किन्तु मीटर के हिसाब से बिल वसूला जा रहा है। इस संबंध में दो सौ किसानों से बातचीत की गई है सरकारी मीटर से बिजली लिया जाना गलत है। गौशालाओं में संचालक पशुओं को चारा पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। पशुओं की मौत हो रही है। गौशालाओ से गाय को गायब किया जा रहा है। अभी हाल ही में 10,000 गाय ललितपुर से गायब हो गई। जहाँ अधिकारियों का दौरा होता है वहाँ उस दिन ठीक ठाक व्यवस्था कर दी जाती हैं। संगठन द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर दी गई हैं। गौशालाओ में लाइट और पानी भी नहीं है। चुनावी घोषणा पत्र में सरकार ने गौ संरक्षण की बात कही थी फिर भी गौ आश्रय स्थलों की हालत खराब है। इसके लिए बड़ी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी ने कहा कि जनपद में अब गौ तस्करी पर कड़ी निगरानी की जाएगी और जरूरत पड़ने पर प्रशासन को अवगत कराकर कार्यवाही करने की मांग रखी जायेगी।

# नकल विहीन बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न कराए जाने को लेकर डीएम ने की बैठक

**बैठक**

**15 जून को जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा**

**समस्त केंद्र व्यवस्थापक पूरी जिम्मेदारी से बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल कराएं संपन्न : डीएम**



बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा संबंधी बैठक करते डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश हेतु संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023, 15 जून को शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराए जाने के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में खोले जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि के अंदर सभी फोटोस्टेट व साइबर कैफे की दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी तैयारी और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नोडल ऑफीसर, सभी केंद्र व्यवस्थापको को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थियों से मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा केंद्रों पर जमा कराए जाने की भी व्यवस्था करें, इसे परीक्षा कक्षों में ले जाना पूर्णतया वर्जित है।

जिलाधिकारी ने बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों पर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल, तथा प्रश्नपत्र लाने ले जाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु शासन द्वारा दिए गए नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो।

## दिव्यांगजनो को मिलेगा ऋण

**ज्ञानपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण दुकान संचालन योजना अंतर्गत दिव्यांगजनो को 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ऋण दिये जाने का प्राविधान है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अब तक आफलाइन आवेदन किये हो या अब करना चाहते हो तो वेबसाइड पर लागिन करके आवेदक द्वारा इस आशय के लिए उपलब्ध विकल्प में जाकर निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आवेदन किया जायेगा। बताया कि समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है। जिनकी वार्षिक आय समय समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो। जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो। जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलो में सजा न पाये हो तथा जिनके विरुद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो। दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो। सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य लायें।

## जनपद में 13 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य

**जनसंदेश न्यूज**

**तैयारी**

**समस्त विभागों के अधिकारियों को पौधरोपण के लिये दिए गए लक्ष्यः सीडीओ**

**भदोही।** वर्ष 2023-24 में जनपद में 1309760 पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंगलवार को जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कराये जाने हेतु कार्य योजना तैयार करने एवं सरकारी भवनों, विद्यालयों, कालेजों में रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को वर्तमान में लक्ष्य के सापेक्ष कितने पौधे उपलब्ध है कि सूचना उपलब्ध कराने तथा पौध रोपण हेतु बड़े पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी को सरकारी नर्सरी के अलावा प्राईवेट नर्सरी से सम्पर्क कर बड़े पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन एवं गढ्ढों के खुदान से संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के सत्यापन हेतु 30 जून तक स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला उद्यान आधिकारी से कहा कि व्यक्तिगत कृषक जो पौधे लगाने के इच्छुक हैं, इन सबकी एक सूची तैयार कर लें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग के पास पौधरोपण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है तो उसकी सूचना समय से उपलब्ध करा दे। जिससे उन्हे पौधरोपण हेतु भूमि उपलब्ध करयी जा सके।

## जिला पर्यटन प्रभारी ने जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**



जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर जानकारी हासिल करती मनोकामना राय

**जौनपुर।** उप निदेशक पर्यटन वाराणसी एवं विंध्याचल मंडल आरके रावत के निर्देश के क्रम में प्रभारी जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा तहसील केराकत के ग्राम उदयचंद्रपुर में रामजानकी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी परियोजना प्रबंधक यूनिट-37 सी. एंड डीएस उ.प्र. जल निगम के जे.ई. अरविंद से ली और मौके पर मंदिर में शेड, इंटरलॉकिंग, आरसीसी बेंच लगा पाया गया। पर्यटन सूचना अधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को फर्श एवं रंगाई का कार्य कराये जाने का निर्देश दिया गया। परियोजना प्रबंधक यूनिट-37 सी. एंड डीएस उ.प्र. जल निगम के जे.ई. अरविंद के द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है। शेष कार्य को 10 दिन के अन्दर पूर्ण कराने का निर्देश प्रभारी पर्यटन जिला सूचना अधिकारी के द्वारा दिया गया साथ ही कार्य पूर्ण कराते हुए हस्तांतरण करने का निर्देश भी दिया गया। प्रभारी पर्यटन जिला सूचना अधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरुप कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रुप से पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर संदीप द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पशुओं को लगा गला घोंटू का टीका

**अभी तक तकरीबन 25 हजार पशुओं को गला घोंटू का टीका लग चुका**

**ज्ञानपुर।** गर्मी अधिक होने के कारण टीकाकरण का रफ्तार स्लो है। बारिश के दिनों में पशुओं में गला घोंटू नामक बीमारी तेजी से फैलती है। इससे बचाव के लिए अभी से पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं को टीका लगाया जा रहा है। अभी तक तकरीबन 25 हजार पशुओं को गला घोंटू का टीका लग चुका है। ज्ञानपुर उप पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार यादव ने बताया कि बारिश के दिनों में पशुओं में गला घोंटू की बीमारी होती है। इससे बचाव के लिए टीकाकरण चल रहा है लेकिन गर्मी अधिक होने के कारण ज्यादतर पशुपालक टीका नहीं लगवा रहे हैं। टीका लगने के बाद पशुओं में गला घोंटू नामक बीमारी होने का डर नहीं रहता है। पशुपालक पशुओं को गला घोंटू का टीका जरुर लगवाएं।

# तीन सूत्री मांगों को लेकर समर्थकों के साथ अनशन पर बैठे कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष

**मांग**

**केडबरिया से आनापुर मोड़ तक सड़क निर्माण में धांधली को लेकर किया क्रमिक अनशन**

**ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के आनापुर मोड़ वन विभाग नर्सरी से बंद रेलवे क्रॉसिंग को खोलने की मांग**



स्टेशन अधीक्षक मिथिलेश प्रसाद को रेल मंत्री के नाम पत्र सौंपते कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान

**गोपीगंज।** नगर के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने क्रमिक अनशन कर समस्याओं के समाधान की मांग की।

कॉग्रेस नेता ने कहा कि रेलवे की सड़क पर आर.सी.सी. रोड का निर्माण 6 माह में गड्ढों में तब्दील हो गये है। गोपीगंज क्षेत्र के तिलंगा ग्राम सभा में महाभारत कालीन पौराणिक बाबा तिलेश्वर नाथ जी का मंदिर स्थापित है जहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शन पूजन करने वाले श्रद्धालुओं के साथ दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन होता है। साथ प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बच्चो के स्कूल जाने में परेशानी होती है। ऐसे में आनापुर रेलवे फाटक बंद कर दिए जाने से घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि धर्म के नाम पर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा सरकार में दर्शनार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जनहित में आनापुर रेलवे क्रासिंग खोलवाने का आदेश किया जाना जनहित में है। कांग्रेस जनों ने भारत सरकार के रेल मंत्री व महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित पत्रक स्टेशन अधीक्षक मिथिलेश प्रसाद को सौंपा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष सिंह बघेल, शशांक तिवारी, आनंद मौर्य, मोहम्मद हसनैन, कैसर खान, परवेज, नागेश आदि लोग रहे।

# नगर पालिका परिषद गोपीगंज की पहली बैठक में ही बढ़ा टैक्स का बोझ

**जनसंदेश न्यूज**



नगर पालिका परिषद गोपीगंज की बोर्ड बैठक में उपस्थित चेयरमैन जितेंद्र गुप्ता, इओ अमिता सिंह सहित वार्ड मेंबर

**निराशा**

**नगर वासियों को पहली बैठक में अध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर ट्राली की दी सौगात**

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज की पहली ही बैठक में नगर के विकास के साथ-साथ जनता पर टैक्स भी लाद दिया गया है। नगर के लोगों को सुविधाएं तो मिलेंगी, लेकिन जल्द ही उनसे संपत्ति कर में काफी बठोत्तरी कर दी गयी। बैठक में नगर के सौंदर्यीकरण, सफाई, पानी और बिजली सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं बैठक में सभासद पतियों को मीटिंग कक्ष से बाहर रखा गया। नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई परिषद की पहली बैठक के संबंध में सभी पार्षदों को नियमों की जानकारी दी। बैठक में नगर में बढ़े हुए सीमाओं में बने भवनों के कर निर्धारण, नगर के होटल, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, व्यावसायिक मकान, कटरा, बारात घर पर कमर्शियल कर निर्धारण, पहले की अपेक्षा जनता पर रजिस्ट्री से खरीदे गए मकानों पर पांच हजार, वसीयत पर दो हजार, वरासत पर एक हजार का कर बढ़ाया गया। जब की इसके खरीदे गए मकानों पर दो हजार, वसीयत पर एक हजार, वरासत पर पांच सौ का कर की वसूली की जाती रही। अन्य प्रस्ताओ में छोटी चौराहे पर महिला यूरिनल, पश्चिम मोहाल वार्ड 24 में पांच हॉर्स पावर के समरसेबल, वार्ड 21 में 200 मीटर बाउंड्री वॉल का निर्माण, नगर में 300 स्ट्रीट लाईट के साथ ही नगर के सभी पोल व पीलर पर लगे होर्डिंग बैनरों से कर वसूली का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने अपने वादे के मुताबिक ट्रांसफार्मर ट्राली की सौगात। बैठक में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह, मंगला पांडेय, विष्णु पांडेय, आशीष उर्फ पिंटू यादव, सहित सभासद डॉ. आनंद मोदनवाल, धीरज मोदनवाल, नफीसा बेगम सहित 25 सभासद मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## महिलाओं से सीधे संवाद कर होगा उनकी समस्याओं का निस्तारण



**ज्ञानपुर।** महिलाओं से सीधे संवाद व उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा जागरूकता हेतु थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट का निर्धारण किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला बीट अधिकारियों को उनके कर्तव्यों दायित्वों के संबंध में ब्रीफ किया गया। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं के बीच पहुंचकर ग्राम चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

महिलाओं बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। आपातकालीन स्थिति में 112 महिला संबंधित शिकायतों के लिए 1090 व रेल यात्रा के दौरान 182 हेल्पलाइन का उपयोग के संबंध में महिलाओं को जागरूक करेंगे। महिलाओं से संवाद कर उन्हें बेझिझक बातचीत करने व अपनी समस्याओ, शिकायतों को साझा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। सभी महिला बीट अधिकारियों को अपने बीट की महिलाओं को जोड़ते हुए व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। उप्र शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान फेज.5 के अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं के सशक्तिकरण व उनके सम्मान सुरक्षा तथा महिला संबंधित समस्याओं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट का निर्धारण किया गया है। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों को उनके कर्तव्यों दायित्वों के संबंध में बोध करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## संक्षेप

### श्री दुर्गा पूजा महासमिति ने किया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन



**जौनपुर।** विश्व रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद की लगभग 700 समितियों की केंद्रीय कमेटी श्री दुर्गा पूजा महासमिति ने विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मंगलवार को लाइन बाजार स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के ब्लड बैंक पर श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आईएमए के मेडिकल स्टाफ ने कतारबद्ध लोगों को बारी-बारी से रक्त जांच के उपरांत रक्तदान कराया जिसमें कि महासमिति के पदाधिकारियों के साथ समाज के विभिन्न धाराओं से जुड़े लोगों के साथ साथ नगर के खिलाड़ियों ने रक्तदान करने में गजब का उत्साह दिखाया। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के बैनर तले विगत 9 वर्षों से रक्तदान दिवस पर शिविर का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष महासमिती ने उक्त कार्यक्रम को 14 जून विश्व रक्तदान दिवस पर न करके रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में मेडिकल जांच के उपरांत कुल 28 लोगों ने उत्साह पूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर महासमिति के संरक्षक विंध्याचल सिंह, विशिष्ट सदस्य राधे कृष्णा ओझा, शशांक सिंह, मोती लाल यादव, विजय सिंह बागी, महासचिव राहुल पाठक, डॉ. एनके सिंह, डॉक्टर एके मिश्रा, बीएन दुबे, डॉ. शरद मिश्रा, अक्षत जायसवाल, स्वयं यादव आदि उपस्थित रहे।

### डीसीएफ के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये धनंजय सिंह



**जौनपुर।** जिला सहकारी फेडरेशन (डीसीएफ) के अध्यक्ष पद का मंगलवार को चुनाव हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी के धनन्जय सिंह निर्विरोध अध्यक्ष बने जो वरसठी विधानसभा से पूर्व विधायक रघुराज प्रताप सिंह के सुपुत्र है। उपाध्यक्ष पद पर ब्रह्मदेव तिवारी एवं अन्य 11 डायरेक्टर भी निर्विरोध चुने गए और एक नामित सदस्य शैलेन्द्र पाण्डेय चुने गये। नतीजों की घोषणा होते ही भाजपाई जश्न में डूब गए। बता दे की जिला सहकारी फेडरेशन के चुनाव को लेकर कई दिन से गहमागहमी चल रही थी। सत्ताधारी दल भाजपा ने धनन्जय सिंह को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित किया था। प्रत्याशी सार्वजनिक होने के बाद से ही माना जा रहा था कि विपक्षी पर्चा नहीं दाखिल करेंगे। मंगलवार को हुआ भी ठीक वैसा ही। पालीटेक्निक चौराहा स्थित डीसीएफ कार्यालय में हुए नामांकन में अकेले भाजपा प्रत्याशी धनञय सिंह ने ही पर्चा दाखिल किया। शाम चार बजे निर्वाचन अधिकारी ने परिणाम की घोषणा कर दी। डीसीएफ कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि यह निर्विरोध निर्वाचन भाजपा के नीतियों और सरकार के जनहित के कार्यो की जीत है। डबल इंजन कि सरकार जैसे विकास का कार्य कर रही है उम्मीद करता हूँ कि नव निर्वाचित अध्यक्ष भी किसानों के हित में जो भी विकास कार्य होगा वो जरूर करेंगे। इस दौरान धनन्जय सिंह ने कहा कि जिस तरह से फेडरेशन के सदस्यों ने मुझपर भरोसा जताया है। उसी तरह मैं भी उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए किसानों के हित में कार्य करने के लिए संकल्पित हूँ। सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयत्नशील रहूगां। स्वागत करने वालों में जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, रोहन सिंह, रणन्जय सिंह, बेचन सिंह, नव निर्वाचित डायरेक्टरगण शैलेश सिंह, विनोद तिवारी, अशोक कुमार, रामचन्दर, नगीना, कुसुमलता सिंह, रणजीत सिंह, पूजा मिश्रा, दिलीप कुमार शर्मा, रीता देवी, संजय सिंह ने किया।

### पशु तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, दो भेजे गए जेल



**सिकरारा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम गुदरीगंज चौराहे के समीप पिकअप पर लदे 4 मवेशियों संग दो पशु तस्करों को पिकअप सहित गिरफ्तार कर लिया। पशु तस्कर मवेशियों को वध के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार पशु तस्करों को कागजी कार्रवाइ कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम चेकिंग व क्षेत्र भ्रमण निकले थे तभी गुदरीगंज चौराहे के समीप एक पिकअप मछलीशहर की तरफ से सिकरारा होते हुए जौनपुर की तरफ जा रही थी जिसे रोककर चेक किया गया। चालक निजामुद्दीन पुत्र वहाब तथा साथ में बैठा अंसार पुत्र सगीर दोनों निवासी चकराजेपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर के है। पिकअप में चार पशु लदे हुए थे जिनके मुंह से झाग आ रहा आंखों में दया का भाव था और आंखों से आंसू निकल रहा था वे बुरी तरह हाफ रहे थे। 4 जिंदा भैंस, पड़वा मवेशियों को बरामद कर पशु क्रूरता में केस दर्ज कर उक्त दोनों को जेल भेज दिया।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**खेतासराय।** महिला सशक्तिकरण के तहत मंगलवार को पुलिस ने बभनौटी मोहल्ले में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिलाओं और युवतियों को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने कहा कि किशोरियां अपनी मां को दोस्त मानकर अपनी बातें शेयर करें। कहीं भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर हेल्पलाइन नम्बर पर सूचना दें। जो महिला किसी बात को लेकर अपने स्वजन से न कह पाती हो वह महिला हेल्पडेस्क नंबर व महिला कांस्टेबल से अपनी समस्या कहें। पुलिस उसकी शिनाख्त गोपनीय रखेगी। डरने की कोई जरूरत नहीं है। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिला सिपाही और एंटी रोमियों की टीम सादे ड्रेस में भ्रमण करती रहती है। महिलाएं बेफ्रिक होकर कहीं भी आएं जाएं, बस उनके अंदर जागरूकता और सतर्कता होनी चाहिए। इस मौके पर निर्मला पाण्डेय, रेखा प्रजापति, ललिता पाण्डेय, नैना बिंद, अनामिका बिंद, नीलम पाण्डेय, मनीषा सोनी मौजूद रहीं।

### एएसपी ने विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**ज्ञानपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती द्वारा पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें पीआरवीकर्मी अपने.अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाईन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड जीडी कार्यालय कैश कार्यालय शस्त्रागार बैरक भोजनालय व परिवहन शाखा आदि को चेक किया। शस्त्रागार प्रभारी को शस्त्रों की साफ.सफाई रखने व गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत व साफ.सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।


कुंवर अनंत नारायण सिंह


महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र


विपुल कृष्ण नागर


अष्टभुजा मिश्र

## प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र व कुंवर अनंत नारायण सिंह को मिला संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

# वरिष्ठ रंगकर्मी विपुल कृष्ण नागर व अष्टभुजा मिश्र भी किये गये अलंकृत

**आयोजन**

**राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सम्मान से किया अलंकृत**

**पुरस्कार मेरा नहीं बनारस का है: प्रो. मिश्र**

**वाराणसी।** संकट मोचन मंदिर के महंत व आईआईटी बीएचयू के प्रो विश्वम्भरनाथ मिश्र को संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित किया गया है। इनके साथ काशी नरेश कुंवर अनंत नारायण सिंह, बनारस के वरिष्ठ रंगकर्मी विपुल कृष्ण नागर (सफदर हाशमी पुरस्कार) व अष्टभुजा मिश्र भी इस सम्मान से अलंकृत किये गये हैं। मंगलवार को लखनऊ राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सभी को इस सम्मान से अलंकृत किया। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की ओर से दिए जाने वाला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार है। ये समस्त पुरस्कार पद्मश्री डा. राजेश्वर आचार्य की अध्यक्षता काल में घोषित किये गये थे। इस सम्मान से काशी के कलाजगत में हर्ष का माहौल व्याप्त है। राजभवन में सम्मानित होने के बाद प्रो. विश्वंभरनाथ मिश्र ने ट्वीट कर कहा कि आज राज्यपाल से संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त किया। ये आप सभी की शुभकामना से ही संभव हुआ। यह गंगाजी के कार्य और संगीत की सेवा का यह सम्मान है। कहा कि पुरस्कार मेरा नहीं बनारस का है। काशी के हर एक व्यक्ति का है। पुरस्कार मिलने से बनारस को पहचान मिली है यह मेरे लिए बड़ी बात है। हमारा प्रयास होगा कि हम कला के क्षेत्र में अपने शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। वर्तमान में प्रो. विश्वंभरनाथ मिश्र आईआईटी बीएचयू में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष और संकटमोचन मंदिर के महंत हैं। वरिष्ठ रंगकर्मी विपुल कृष्ण नागर का जन्म बनारस में एक गुजराती परिवार में हुआ। उनके पिता रमेश कृष्ण नागर बनारस रंगमंच के कद्दावर अभिनेता थे। पिता की प्रेरणा से विपुल तीन वर्ष की उम्र से ही रंगमंच से जुड़ गये थे। हिंदी के अलावा मराठी, गुजराती, संस्कृत व अंग्रेजी भाषाओं के 90 से अधिक नाटकों की 300 से भी अधिक प्रस्तुतियों में अभिनेता, निर्देशक व लेखक के रूप में कार्य किया। विपुल फिलहाल अहमदाबाद में रहते हैं लेकिन बनारस उनके दिल में बसता है।

# प्लेन हादसे के बाद घने जंगलों में 40 दिन तक कैसे ज़िंदा रहे चार बच्चे?

## शुक्रवार 9 जून की रात, कोलंबिया के घने जंगलों के बीच से सेना के वाकी टॉकी पर ज़िंदगी की वो गूंज सुनाई दी जिसके लिए पूरा देश दुआ मांग रहा था: चमत्कार, चमत्कार, करिश्मा, चमत्कार!



वॉकी टाकी पर सेना के कोडेड संदेश से लोगों को पता चला कि पिछले 40 दिनों से घने जंगलों के बीच जो चार बच्चे लापता थे, वो मिल गए हैं। ज़िंदा और सही सलामत। ये चारों बच्चे, कोलंबिया के हुईतोतो आदिवासी समुदाय के हैं। सभी बच्चे एक मई को हुए विमान हादसे के वक़्त से लापता थे। चारों बच्चे उस हल्के विमान में सफर कर रहे थे, जो एक मई को तड़के अमेजन के घने जंगलों के बीच दुर्घटना का शिकार हो गया था।

इस हादसे में बच्चों की मां की मौत हो गई थी। जिसके बाद 13 साल, 9 बरस, चार साल और एक साल के ये बच्चे उन घने जंगलों के बीच फंस गए थे, जहां पर जहरीले सांपों, खतरनाक जगुआर और मच्छरों का बसेरा है। राहत और बचाव करने वालों को शुरूआत में लगा था कि विमान हादसे में इन चारों बच्चों की भी मौत हो गई है। लेकिन, जंगल में बच्चों के पैरों के निशान, अधखाए जंगली फलों और दूसरे सुरागों ने बचाव टीमों के बीच ये उम्मीद जगा दी कि विमान दुर्घटना के बाद शायद ये बच्चे ज़िंदा बच गए और मदद मांगने के लिए हादसे वाली जगह से दूर चले गए।

विमान हादसे के बाद के छह हफ़्तों तक इन चारों बच्चों तमाम ऐसी मुश्किलों का सामना किया, जिनसे बच पाना शायद अच्छे अच्छों के बस की बात नहीं थी। इसीलिए, कोलंबिया के राष्ट्रपति ने कहा कि ह्यइन बच्चों का ज़िंदा बचे रहना एक ऐसी मिसाल है, जो इतिहास में हमेशा दर्ज रहेगा। अगर दुनिया में कभी कोई बच्चा इतने मुश्किल हालात में ज़िंदा रहना जानता है, तो वो मुकुतुई परिवार का ही हो सकता था।

इन बच्चों के दादा फिडेंशियो वैलेंशिया ने पत्रकारों को बताया कि इन चारों में दो बड़े बच्चे लेस्ली और सोलेनी, जंगल में ज़िंदा रहने उसूलों से बखूबी वाकि फ थे। उन्होंने बताया कि, हुईतोतो कबीले के सदस्य बहुत कम उम्र से ही शिकार करना, मछली पकड़ना और खाने-पीने का सामान जमा करना सीखने लगते हैं। कोलंबिया के मीडिया से बात करते हुए इन बच्चों की चाची दमारिस मुकुतुई ने बताया कि उनके परिवार के बच्चे जब बड़े हो रहे होते हैं, तो वो अक्सर खानदान के दूसरे लोगों के साथ ज़िंदा रहने का खेल खेलते हैं। उन्होंने अपना बचपन याद करते हुए बताया कि, जब हम सब बचपन में ये खेल खेलते थे, तो हम छोटे छोटे तंबू बनाया करते थे। उन्होंने बताया कि, 13 साल की लेस्ली को पता था कि कौन से फल नहीं खाने हैं, क्योंकि जंगल में बहुत से जहरीले फल भी मिलते हैं। लेस्ली को एक छोटे बच्चे का खयाल रखना भी अच्छे से आता था। विमान हादसा होने के बाद, लेस्ली ने पेड़ों की शाखों को अपने बालों के फीते से बांधकर रहने का अस्थायी ठिकाना तैयार किया था। जिस सेसना 206 विमान में बच्चे सफर कर रहे थे, उसके मलबे से लेस्ली ने फरीना नाम का एक तरह का आटा भी खोज निकाला था। जब तक ये आटा चला, तब तक बच्चे इसी पर गुजर करते रहे थे। बच्चों की तलाश के अभियान में हिस्सा लेने वाले हुईतोतो समुदाय के एक बुजुर्ग एडविन पाकी ने बताया कि, आटा खत्म होने के बाद, चारों बच्चे जंगली पेड़ों के बीज खाने लगे थे। एडविन पाकी



ने पत्रकारों को बताया कि, ह्यजंगलों मे पैशन फ्रूट की तरह का ही एक जंगली फल मिलता है, जिसे एविचुर कहते हैं। बच्चे जंगल में इसी फल के बीज खाकर रहते थे। एविचुर का एक पेड़ हादसे वाली जगह से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर था। कोलंबिया के परिवार कल्याण संस्थान के प्रमुख एस्ट्रिड कैसेरेस ने कहा कि ये विमान हादसा उस वक़्त हुआ, जब जंगली पेड़ों में फल आने का मौसम था, और ये बच्चे वो फल खाकर बसर कर सकते थे। फिर भी, जंगल के बेहद दुर्गम माहौल में इन बच्चों को अपनी जान बचाने के लिए बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। बात करते हुए कोलंबिया के आदिवासी समुदाय के जानकार एलेक्स रुफिनो ने कहा कि ये बच्चे जंगल के ह्यबेहद घने और अंधेरे इलाके में थे, जहां इस क्षेत्र के सबसे बड़े पेड़ पाए जाते हैं। और, वो कहते हैं कि, वैसे तो कई पेड़ों की पत्तियां ऐसी हैं, जिनसे ये बच्चे पानी को साफ करके पी सकते थे। मगर, इसी जंगल में कई पेड़ ऐसे भी हैं, जिनके पत्ते जहरीले होते हैं। एलेक्स ने कहा कि, ह्यये जंगल का वो इलाका है, जहां इंसानों की बहुत आवाजाही नहीं रही है। इन इलाकों में छोटे छोटे कस्बे हैं और वो जंगल के अंदरूनी हिस्से के बजाय नदियों के किनारों पर बसे हैं। 40 दिनों तक जंगल में शिकार करने वाले जंगली जानवरों से बचने के साथ साथ बच्चों ने भयंकर तूफानी बारिश का भी मुकाबला किया। और, हो सकता है कि इस दौरान उन्हें उन हथियारबंद गिरोहों का भी सामना करना पड़ा हो, जिनके बारे में कहा जाता है कि वो जंगल के उस इलाके में सक्रिय हैं।राष्ट्रपति पेट्रो ने बताया कि एक बार तो बच्चों को एक जंगली कुत्ते से अपनी हिफाजत करनी पड़ी थी। लेकिन, एलेक्स रुफिनो ने कहा कि इन बच्चों में 13 साल की एक लड़की भी थी, जो आदिवासी समुदाय के बीच पली बढ़ी थी। उसने ऐसे कई हुनर सीख लिए थे, जिनसे वो घने जंगलों और शिकारी जानवरों के खतरनाक माहौल के बीच ज़िंदा रह सकती थी। इन बच्चों की परवरिश कोलंबिया के दक्षिणी पूर्वी इलाके वाउपेस में हुई थी। यहां के गुआनानो समूह के नेता जॉन मोरेनो ने कहा कि बच्चों को उनकी दादी ने पाला-पोसा था। आदिवासी समुदाय के बीच इन महिलाओं का बहुत सम्मान किया जाता है। जॉन मोरेनो ने कहा कि, ह्यबच्चों ने जंगल में अपनी जान बचाने के लिए उन नुस्खों को इस्तेमाल किया, जो उन्होंने अपने समुदाय के बुजुर्गों से सीखे थे। उन्होंने ज़िंदा रहने के लिए अपने पुरखों के तजुर्बों का इस्तेमाल किया। कोलंबिया के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक वीडियो में इन बच्चों को घने जंगलों के ऊंचे पेड़ों के बीच से निकालकर हेलीकॉप्टर में बिठाते दिखाया गया था। इन बच्चों को कोलंबिया की राजधानी बोगोटा ले जाया गया, जहां सबसे पहले उन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बच्चों के परिजनों ने सेना का शुक्रिया अदा किया कि बचने की बहुत कम उम्मीद होने के बावुजूद खोजी दस्तों ने उम्मीद नहीं हारी और बच्चों को घने जंगलों में तलाशते रहे।

### नाटकीय बचाव अभियान

विमान हादसे के बाद जब बच्चों की तलाश का अभियान चल रहा था, तो इसकी धीमी रफ़्तार को लेकर कोलंबिया के अधिकारियों की आलोचना भी हुई थी। जब राष्ट्रपति गुस्ताव पेट्रो के ऑफि स ने बच्चों के मिल जाने का एक गलत ट्वीट किया, तो उसके लिए राष्ट्रपति की भी तीखी आलोचना हुई थी।अधिकारियों ने विमान हादसे वाली जगह के आस-पास के जंगलों में 10 हजार पर्चियां गिराई थीं। इनमें स्पेनिश भाषा और हुईतोतो आदिवासियों की जबान में, जंगल में ज़िंदा बचे रहने की तरकीबें लिखी हुई थीं। हेलीकॉप्टर के जरिए जंगलों में लाउडस्पीकर से एलान किए जाते थे, जिसमें इन बच्चों की दादी अपनी आवाज में उनका हौसला बढ़ाती रहती थीं कि बच्चों की तलाश की जा रही है। लेकिन, मीडिया की नजरों से दूर रहते हुए, कोलंबिया की सेना इन बच्चों के बेहद करीब पहुंचती जा रही थी। बचाव अभियान चला रहे दस्ते के कमांडर जनरल पेड्रो सांचेज ने बताया कि बचाव दल के सदस्य कई बार तो, उस जगह से 20 से 50 मीटर (66 से 164 फुट) की दूरी से गुजर गए थे, जहां आखिरकार बच्चे मिले थे।जब आखिरकार बच्चों को जंगल में खोज निकाला गया, उस वक़्त सेना के 150 जवान और स्थानीय आदिवासी समुदायों के 200 स्वयंसेवक उनकी तलाश में जुटे हुए थे। ये सब मिलकर 300 वर्ग किलोमीटर (124 वर्ग मील) इलाके में बच्चों को खोज रहे थे। तलाशी अभियान के दौरान जनरल पेड्रो सांचेज ने पत्रकारों से कहा था कि, ये भूसे के ढेर में से सुई की तलाश नहीं है। हमारा अभियान तो एक विशाल कालीन में से एक नन्हीं सी मक्खी खोज निकालने का है।लेकिन, एक महीने से भी ज्यादा लंबे समय तक चले खोजी अभियान का अंत शुक्रवार को हुआ, जब खास खोजी कुत्तों ने जंगलों के बीच से इन बच्चों को ढूंढ निकाला।

# अनिबंधित स्टाम्प की सूचना ना देने पर कार्रवाई: जिलाधिकारी



जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

**स्टांप एवं निबंधन विभाग अंबेडकरनगर में रेडी रेकनर की बैठक सम्पन्न**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता मंगलवार को में स्टांप एवं निबंधन विभाग के स्टांप देयता की जानकारी हेतु रेडी रेकनर की बैठक संपन्न का आयोजन किया गया।

बैठक में निबंधन सही अन्य विभाग शामिल रहे। विभागों को विभिन्न शासनादेशों एवं स्टांप अधिनियम की धारा 33 33 ,47 रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 17 एवं 18 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्य सचिव अतुल कुमार गुप्ता द्वारा जारी शासनादेश में दिए गए निदेर्शों एवं जिसकी पुष्टि वर्ष 2022 में वर्तमान मुख्य सचिव द्वारा दी गई। जिलाधिकारी अंबेडकरनगर ने अवगत कराया कि जिस किसी भी विभाग में कोई अनिबंधित लेख पत्र प्रस्तुत होता है उसे प्रत्येक माह की 10 तारीख के भीतर सहायक महानिरीक्षक निबंधन को भेजना अनिवार्य है, यदि उस माह में किसी कार्यालय की सूचना शून्य होती है तो वह शुन्य सूचना भी सहायक मान दीक्षित निबंधन को दी जाएगी। जिलाधिकारी अंबेडकरनगर अविनाश सिंह ने अवगत कराया की वर्तमान समय में ढेर सारी परियोजनाओं को स्टांप से छूट दी गई है। अतः करपवांचन को रोकना और गैर परंपरागत स्त्रोतों से स्टांप को निकालना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त जनपद के अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व ने स्टांप एवं पंजीकरण से संबंधित ढेर सारी जटिलताओं के बारे में बताया। सहायक महानिरीक्षक निबंधन अविनाश पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में जनपद के सभी तहसीलदार सभी उपनिबंधक, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, जिला आबकारी अधिकारी, सचिव मंडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आदि उपस्थित थे।

# अमेरिका में ट्रक ड्राइवर से राहुल गांधी ने पूछा- कितना कमाते हो?

**ड्राइवर ने महीने की कमाई 8 लाख बताई तो हैरान रह गए, मूसेवाला के गाने सुने**



**वाशिंगटन।** चंडीगढ़ के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका में भी ट्रक की सवारी की। राहुल ने ट्रक से वॉशिंगटन से न्यूयॉर्क तक का 190 किलोमीटर का सफर किया। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। इस दौरान राहुल ने भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर तजिंद्र सिंह से उनकी इनकम पूछी। ड्राइवर ने अपनी इनकम बताई तो राहुल हैरान रह गए। ड्राइवर से राहुल ने राजनीति से लेकर महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सफर के दौरान राहुल ने सिद्धू मूसेवाला का गाना भी सुना। ट्रक ड्राइवर ने राहुल से पूछा है कि क्या आप मूसेवाला का गाना सुनेंगे, वो कांग्रेस का कार्यकर्ता था, उसे इंसाफ नहीं मिला। इस पर राहुल ने कहा- हां बिल्कुल, उसका गाना लगाओ। मैं उसे काफी पसंद करता था। राहुल गांधी 30 मई से अमेरिका की यात्रा पर हैं।राहुल बोले- अमेरिका के ट्रक ज्यादा आरामदायक वॉशिंगटन से न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान राहुल ट्रक ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे रहे। राहुल ने कहा- भारत के मुकाबले अमेरिका के ट्रंक ज्यादा आरामदायक हैं। हिंदुस्तान में जो ट्रक हैं, उन्हें ड्राइवर के कंफर्ट से कोई मतलब नहीं है। वे ट्रक ड्राइवर के लिए नहीं बनाए गए हैं। तजिंद्र ने राहुल को बताया कि अमेरिका में ट्रक चलाना इज्जत का काम है। ट्रक राइड के दौरान राहुल ने तजिंद्र से उनकी कमाई पूछी और जवाब सुनकर हैरान रह गए। तजिंद्र ने राहुल को बताया कि भारत के ट्रक ड्राइवरों के मुकाबले काफी कमा लेते हैं। तजिंद्र ने कहा- रेट के हिसाब से ड्राइवरी करें तो 5 से 6 लाख बन जाते हैं।वहीं, अपना ट्रक हो तो महीने में 8 लाख रुपए तक की कमाई हो जाती है। ये जवाब सुनकर राहुल हैरान रह जाते हैं। इस पर तजिंद्र कहते हैं अमेरिका में ट्रक चलाकर अच्छा-खासा कमाया जा सकता है, जबकि भारत में ट्रक चलाने वाले ठीक से परिवार का पेट भी नहीं भर पाते हैं।

### राहुल ने पूछा- भारत के ट्रक ड्राइवर्स को क्या मैसेज दोगे?

राहुल ने तजिंद्र से पूछा कि आप भारत के ट्रक ड्राइवर्स को क्या मैसेज देंगे। इस पर तजिंद्र ने कहा आप लोग बहुत मेहनत कर रहे हैं। आपके लिए शुभकामनाएं। राहुल ने आगे कहा– भारत में ट्रक चलाना दूसरी बात है, वहां ट्रक ड्राइवर का ट्रक नहीं होता, ट्रक दूसरे का होता है। इस पर तेजिंद्र ने राहुल को बताया कि यहां पैसे किसी के पास नहीं हैं। डाउन पेमेंट देकर ट्रक ले लेते हैं, बैंक से लोन लेते हैं। भारत में लोन के लिए प्रॉपर्टी के पेपर की जरूरत होती है। गरीब के पास प्रॉपर्टी के पेपर नहीं होते हैं। इसलिए किसी का भी ट्रक चलाते रहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मई में अंबाला से चंडीगढ़ का 50 किमी का सफर ट्रक से किया था। वो दिल्ली से शिमला के लिए कार से निकले थे। राहुल ने इस दौरान ट्रक ड्राइवरों से बात की और उनकी समस्याएं भी सुनी थीं।

# ट्विटर बनाम सरकार की लड़ाई की असल कहानी

## किसान आंदोलन से लेकर ब्लू टिक हटने तक



**नई दिल्ली।** ट्विटर के साथ भारत के विवाद की कहानी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने एक इंटरव्यू में भारत सरकार पर कई गंभीर आरोप लगा दिए हैं। उन्होंने दावा कर दिया है कि किसान आंदोलन के दौरान उन पर दबाव बनाया गया था कि उन अकाउंट्स को बंद कर दिया जाए जो या ता किसान आंदोलन को सपोर्ट कर रहे थे, या फिर सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे थे। इस एक बयान के बाद से कांग्रेस तो मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है, इसे फ्रीडम की हत्या तक बता रही है। लेकिन केंद्र सरकार का इस पर रुख एकदम अलग है। उनका साफ कहना है कि जैक डोर्सी के समय में ट्विटर कई नियमों को मान ही नहीं रहा था, ऐसे में उसके साथ तनातनी चल रही थी। अब इस पूरे विवाद की एक नहीं कई परते हैं जिसकी शुरूआत साल 2021 में उस समय हो गई थी जब देश में तीन कृषि कानून लाने की बात हुई थी और उस वजह से एक आंदोलन सड़कों पर शुरू हो गया था।

अब हुआ ये था कि जिस समय देश में कृषि कानून लाए गए थे, उस दौरान फरवरी में मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने सोशल मीडिया कंपनियों के लिए एक नई गाइलाइन इशू की थी। उस गाइडलाइन में कहा गया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो भी कुछ पब्लिश किया जाएगा, उसकी सीधी जिम्मेदारी उस कंपनी को ही लेनी पड़गी जहां से उस कंटेंट को शेयर किया गया। ये भी कहा गया था कि तीन महीने के अंदर सभी कंपनियों को इन गाइडलाइन को मानना पड़ेगा।

अब सभी कंपनियां इसके लिए राजी हो गईं, लेकिन ट्विटर तैयार नहीं था। उसका साफ कहना था कि इस प्रकार के नियमों से अभिव्यक्ति की आजादी पर असर पड़ता है। इसके ऊपर उस समय बीजेपी नेता संबित पात्रा के एक ट्वीट को ट्विटर ने विवादित वाली कैटेगरी में डाल दिया था। पात्रा का ट्वीट किसी कथित टूलकिट को लेकर था, लेकिन ट्विटर को उससे आपत्ति हो गई। विवाद आईटी नियमों को लेकर चल रहा था, लेकिन इस नए विवाद केस को दूसरी दिशा में मोड़ दिया। दिल्ली पुलिस 24 मई को सीधे भारत के ट्विटर हेडक्वार्टर पहुंच गई और उससे पूछा गया कि ट्वीट को उस कैटेगरी में क्यों डाला गया। कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला और ट्विटर ने उस ट्विट से वो वाला लेबल हटाने से भी मना कर दिया। इसके बाद ट्विटर विवाद नया मोड़ 26 मई को आया जब केंद्र सरकार ने नए आईटी नियमों का ऐलान कर दिया। ट्विटर ने क्योंकि इन्हें मानने से ही मना कर दिया, ऐसे में मामला दिल्ली हाई कोर्ट तक कहा जिसने दो टूक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नियम मानने की बात कह दी। अब तब तो ट्विटर ने ये कहकर विवाद ठंडा कर दिया कि नियमों के हिसाब से ही प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। लेकिन सरकार को नीयत पर शक रहा और बाद में आरोप भी लगा कि ट्विटर ने किसी भी नियम को नहीं माना। तब सरकार ने कंपनी के खिलाफ एक्शन लेने की बात भी कर दी थी। अब इस विवाद के साथ ब्लू टिक वाला विवाद भी जुड़ गया था। असल में पिछले साल कुछ समय के लिए ही सही तब के तत्कालीन उप राष्ट्रपति वैंकेया नायडू का ट्विटर से ब्लू टिक हटा दिया गया था। इसके बाद संघ प्रमोख मोहन भागवत के साथ भी ऐसा ही हुआ। एक समय तब के आईटी मिनिस्टर रविशंकर प्रसाद के ट्विटर अकाउंट से भी ब्लू टिक हट गया था। कहा गया कि कॉपीराइट का कोई मामला सामने आया जिस वजह से ये एक्शन हुआ।

**ट्विटर और भारत सरकार के बीच चल रहे विवाद में नया मोड़**

**कुछ ऐसे आरोप लगा दिए गए हैं कि ये तकरार फिर सभी के सामने आ गए**

**केंद्र का कानून, ट्विटर का मानने से इनकार, बवाल का आगाज**

**कोर्ट पहुंचा केस, ट्विटर की नीयत पर शक और ऐक्शन की धमकी**

